Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

देश

अभिषेक नंबर 1, वैभव टॉप-10 हेड से बाहर, भारत-इंग्लैंड तीसरे टी20 के बाद...

तमिलनाडु और हिताची एनर्जी के बीच समझौता, 1000 लोगों को मिलेगी प्रीमियम नौकरी

कृष्ण पक्ष, वणिज, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • गुरूवार • 09 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 217 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,32,450 | ₹ 2,45,000 |

## आज का इतिहास

**1944 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी ने भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र कराने के लिए आजाद हिंद फ़ौज का नेतृत्व स्वीकार किया था।**

**1951 : भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) की शुरुआत हुई।**

## न्यूज बाइट्स

### खान सर की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी जारी

**पटना (नि.सं.)** । पटना के चर्चित खान ग्लोबल स्टडीज में हुई गोलीबारी के मामले में फिलहाल फैजल खान उर्फ खान सर को अदालत से मिली राहत जारी रहेगी। बुधवार को इस मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर पटना की एक अदालत में सुनवाई हुई। अदालत में दोनों ही पक्षों ने अपनी-अपनी दलील दी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत इस मामले में 10 जुलाई को अपना फैसला सुनाएगा।

### टीआरई-4 भर्ती : 25 तक बीपीएससी को भेजी जाएगी अधियाचना

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में चौथे चरण की शिक्षक भर्ती (बीपीएससी टीआरई-4) को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर हाल में 25 जुलाई तक शिक्षक भर्ती की अधियाचना (रिक्त पदों का ब्योरा) बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को भेज दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग के सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

### 1497 संदिग्ध फार्मासिस्टों का पंजीकरण रद्द

**पटना (नि.सं.)** । पटना। बिहार राज्य फार्मेसी काउंसिल ने पारदर्शिता और जनहित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न श्रेणियों में पंजीकृत 1,497 संदिग्ध फार्मासिस्टों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना बिहार गजट (असाधारण) में प्रकाशित कर दी गई है। काउंसिल के अनुसार यह कार्रवाई फार्मेसी व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखने और आम लोगों के हितों की सुरक्षा के उद्देश्य से की गई है। काउंसिल के सदस्य अर्जेश श्रीवास्तव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद संदिग्ध पंजीकरणों की जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान संबंधित फार्मासिस्टों को कई बार मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए गए।

बिहार सरकार ने विकास और शिक्षा के क्षेत्र में लिए कई बड़े फैसले

# बिहार में दौड़ेगी रैपिड रेल

## सरकारी भवनों पर लगेंगे 500 मेगावाट का सोलर प्लांट, ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए जमीन खरीदेगी सरकार, पटना एम्स का होगा विस्तार, विक्रमशिला सेतु की मरम्मत को मंजूरी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में आधुनिक और तेज सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के चार प्रमुख कॉरिडोरों के लिए अल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट (एएआर) एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कराने की मंजूरी दे दी गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तावित रैपिड रेल परियोजना के तहत पटना से मुजफ्फरपुर (हाजीपुर और सोनपुर होकर), बेगूसराय, आरा तथा गया तक हाई-स्पीड कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे। सरकार का कहना है कि इस परियोजना से तेज, सुरक्षित और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित होगी, क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा तथा राज्य के आर्थिक और शहरी विकास को नई गति मिलेगी। रैपिड रेल परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को सौंपी गई है। यही संस्था दिल्ली-एनसीआर में संचालित रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का भी विकास कर रही है।

राज्य मंत्रिमंडल ने पटना स्थित



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विस्तार को भी मंजूरी दी है। इसके लिए दानापुर के भूसौला में 26.176 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। कैबिनेट ने मधुबनी, मुंगेर और मुजफ्फरपुर में नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए पांच-पांच एकड़ भूमि केंद्र सरकार को एक रुपये के टोकन लीज पर 30 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके अलावा मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र के विकास के लिए बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के गठन को भी स्वीकृति दी गई है। सरकार का मानना है कि इससे मत्स्य अवसंरचना का विकास, निवेश, रोजगार सृजन और मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि होगी। भागलपुर के गंगा नदी पर निर्मित विक्रमशिला पुल की मरम्मत पर 126 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति दी गई है। कृषि क्षेत्र में भी सरकार ने कई फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन को मंजूरी दी है। इसके तहत खरीफ, रबी और गरमा मौसम में दलहनी फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत फार्मर रजिस्ट्री और डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है।

### सरकारी भवनों पर लगेंगे रूफटॉप सोलर प्लांट

बिहार में जल जीवन हरियाली अभियान के तहत सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। बिहार कैबिनेट ने सरकारी इमारतों पर कुल 500 मेगावाट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड सोलर प्लांट लगाने के ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत आरईएससीओ मोड में संबंधित विभागों से सोलर प्लांट से पैदा होने वाली बिजली को खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया जाएगा। यह परियोजना साल 2029 तक चलेगी।

### चुनाव अधिकारियों को मिलेगा मानदेय

निर्वाचन विभाग के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है। इसके तहत निर्वाचक निबंधन अधिकारियों और सहायक निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को वार्षिक मानदेय दिया जाएगा। कैबिनेट के इन फैसलों से सरकार ने विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े कई क्षेत्रों को गति देने का लक्ष्य रखा है।

### मोतीपुर चीनी मिल फिर से होगी चालू

मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में बंद चीनी मिल को फिर से चालू करने की कवायद की जा रही है। इस चीनी मिल के लिए 266 एकड़ जमीन मेसर्स इंडियन पोटाश लिमिटेड से वापस लेने के लिए सरकार 63.39 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। इस पर कैबिनेट की मुहर लग गई है।

### ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए जमीन

पटना, सोनपुर गया और मुजफ्फरपुर में बनने वाली ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए सरकार जमीन खरीदेगी। ताकि सड़क पानी, बिजली और बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा सके।

बीसी-ईबीसी छात्रों के लिए बिहार सरकार का शिक्षा पैकेज

# 927 शिक्षकों की नियुक्ति टीआरई के माध्यम से होगी

- अनुमंडल स्तर पर खुलेंगे नए आवासीय विद्यालय, जेईई-नीट की मुफ्त कोचिंग, छात्रवृत्ति, लैपटॉप और एआई शिक्षा पर विशेष जोर

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार ने पिछड़ा वर्ग (बीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद ने बुधवार को विभाग की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा संचालित प्लस-टू कन्या आवासीय विद्यालयों में 927 शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को अधियाचना भेज दी गई है और भर्ती प्रक्रिया शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-4) के माध्यम से पूरी की जाएगी। मंत्री ने बताया कि राज्य के प्लस-टू कन्या आवासीय विद्यालयों में पहले से स्वीकृत पदों के विरुद्ध 438 शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। इनमें 15 प्राचार्य, 173 उच्च माध्यमिक शिक्षक, 119 माध्यमिक शिक्षक तथा 131 प्राथमिक शिक्षक शामिल हैं। शेष रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। सरकार अब जिला मुख्यालयों के साथ-साथ अनुमंडल स्तर पर भी छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय प्लस-टू विद्यालय खोलने की तैयारी कर रही है। प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक अनुमंडल मुख्यालय में 520 सीट क्षमता वाले कन्या आवासीय विद्यालय तथा 720 सीट क्षमता वाले बालक आवासीय विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य इन्हें वर्तमान शैक्षणिक सत्र में ही शुरू करना है।

इसके अलावा 520 छात्राओं की क्षमता वाले 12 नए पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस-टू विद्यालयों के आधुनिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा। इन विद्यालयों में अत्याधुनिक शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मंत्री ने बताया कि जिला, अनुमंडल और प्रमंडल स्तर पर 100-100 सीटों वाले नए जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास भी बनाए जाएंगे। वर्तमान में राज्य के 38 जिलों में संचालित छात्रावासों की कुल क्षमता 3,800 छात्रों की है, जिनमें 2,962 छात्र नामांकित हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर भी विभाग ने बड़ी पहल की है। नौवीं से 12वीं तक की छात्राओं को जेईई, नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डाटा साइंस जैसे आधुनिक विषयों की पढ़ाई के लिए आईआईटी मद्रास के कनेक्ट कार्यक्रम से जोड़ा गया है। छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत दसवीं कक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले पिछड़ा वर्ग के स्थायी निवासी छात्रों को 10 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। वहीं, बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग अभ्युदय योजना के तहत सीएलएटी, एनआईएफटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उच्च शिक्षा और विदेश में अध्ययन के लिए भी सहायता देने की योजना तैयार की जा रही है।

रमा निषाद ने बताया कि पात्र छात्राओं को 50 हजार रुपये तक की लागत वाले लैपटॉप उपलब्ध कराने का प्रस्ताव केंद्र और राज्य सरकार को भेजा गया है। इससे पुलिस, अग्निशमन सेवा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले तथा इंटरमीडिएट एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। विभाग की योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही ऑनलाइन शिकायत एवं सुझाव पोर्टल भी लॉन्च किया जाएगा।

# जदयू की नई प्रदेश टीम घोषित नीरज कुमार बने मुख्य प्रवक्ता

- 12 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव और 74 सचिव नियुक्त

निज संवाददाता | पटना

बिहार में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में जनता दल (यूनाइटेड) ने बुधवार को अपनी नई प्रदेश टीम की घोषणा कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने नई कार्यकारिणी का एलान किया। नई टीम में विभिन्न पदों पर बड़े स्तर पर जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है। घोषित सूची के अनुसार, प्रदेश संगठन में 12 प्रदेश उपाध्यक्ष, 38 प्रदेश महासचिव और 74 प्रदेश सचिव नियुक्त किए गए हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि नई टीम संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के साथ-साथ पंचायत और बूथ स्तर तक पार्टी को और मजबूत करेगी। मीडिया एवं जनसंपर्क विभाग में भी पार्टी ने अनुभव पर भरोसा जताया है। विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार को एक बार फिर जदयू का मुख्य प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। उनके साथ पार्टी ने नौ प्रदेश प्रवक्ताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी है, जो विभिन्न राजनीतिक और जनसरोकार के मुद्दों पर पार्टी का पक्ष मीडिया और जनता के सामने रखेंगे।

पार्टी नेताओं के अनुसार नई प्रदेश टीम का गठन आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और चुनावी रणनीति को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नई टीम को राज्यभर में सदस्यता अभियान, जनसंपर्क कार्यक्रमों और संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# नोट डबलिंग गिरोह का खुलासा : एक करोड़ के नकली नोट, 38 सोने के बिस्किट बरामद, चार शातिर गिरफ्तार

निज सं. | मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)




पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित तौर पर एक करोड़ रुपये के जाली नोट, 38 सोने के बिस्किट और 13 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इस दौरान अवैध हथियार, कारतूस और एक वाहन भी जब्त किया गया। मामले में कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) और पांच थानों की पुलिस ने कोटवा प्रखंड के भोपतपुर थाना क्षेत्र स्थित वीरती टोला गांव में गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त छापेमारी की। कार्रवाई से पहले पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई थी ताकि कोई भी संदिग्ध फरार न हो सके। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में कथित जाली नोट, 38 सोने के बिस्किट, 13 लाख रुपये नकद, अवैध हथियार, कारतूस और एक वाहन बरामद किया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों में हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या चार और पांच बताई गई है। पुलिस ने अभी तक आधिकारिक रूप से अंतिम संख्या की पुष्टि नहीं की है।

सभी संदिग्धों से पूछताछ जारी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस मामले में जाली नोट गिरोह के कथित सरगना सुलेमान अंसारी को भी हिरासत में लिया गया है। उस पर जाली नोटों के कारोबार के साथ-साथ असली और नकली सोने की अदला-बदली के अवैध धंधे में शामिल होने का भी संदेह जताया जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई सदर-1 एवं सदर-2 के एसडीपीओ जितेश पांडेय के नेतृत्व में की गई।

## अब एक छात्र को मिलेगी अनेक छात्रवृत्ति पोर्टल में बदलाव

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) में ऐतिहासिक बदलाव किया है। इसके तहत अब कोई भी छात्र एक साथ कई छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन कर सकता है। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी राज्यों के उच्च शिक्षा विभागों और राज्य शिक्षा बोर्डों को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसकी जानकारी सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों अपने आधिकारिक वेबसाइटों पर साझा करने के लिए कहा गया, ताकि पात्र छात्र इस योजना का लाभ उठा सके। इससे पहले तक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर 'एक छात्र-एक छात्रवृत्ति' का नियम लागू था। इसके तहत एक छात्र किसी एक ही छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकता था।

# पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण से स्वच्छ पर्यावरण और सुदृढ़ ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा




एजेंसी | नई दिल्ली

ई-20 एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर अनेक भ्रांतियाँ प्रचलित हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से तेल उद्योग की ओर से बिहार के राज्य स्तरीय समन्वयक (एसएलसी), बिहार ने सही तथ्यों एवं प्रामाणिक जानकारी को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया है। पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण एक प्रभावी एवं दूरदर्शी पहल के रूप में उभर रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक सशक्तीकरण तथा ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पारंपरिक पेट्रोल में पौधों से प्राप्त एथाइल अल्कोहल (एथेनॉल) का मिश्रण कर देश स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात पर अपनी निर्भरता भी कम कर रहा है।

एथेनॉल की ऑक्टेन रेटिंग सामान्य पेट्रोल की तुलना में अधिक होती है। पेट्रोल में इसके मिश्रण से ईंधन की समग्र ऑक्टेन गुणवत्ता बढ़ती है, जिससे इंजन की एंटी-नॉक क्षमता में सुधार होता है। इससे आधुनिक उच्च-दाब (हाई-कम्प्रेशन) इंजन अधिक दक्षता के साथ कार्य करते हैं तथा वाहन की गति एवं त्वरण (एक्सीलरेशन) बेहतर होता है।

### ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना

घरेलू स्तर पर उत्पादित एथेनॉल के उपयोग से आयातित पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता घटती है। इससे वैश्विक तेल बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव एवं आपूर्ति संबंधी जोखिमों का प्रभाव कम होता है। एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम देश के ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को मजबूत आधार प्रदान करता है।

### कम उत्सर्जन से स्वच्छ वायु

एथेनॉल में ऑक्सीजन की उपस्थिति ईंधन के अधिक पूर्ण दहन में सहायक होती है। इसके परिणामस्वरूप वाहनों से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन तथा सूक्ष्म कणों (पार्टिकुलेट मैटर) के उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। स्वच्छ दहन से शहरी क्षेत्रों में धुंध (स्मॉग) उत्पन्न करने वाले प्रदूषकों का उत्सर्जन भी घटता है, जिससे वायु गुणवत्ता एवं जनस्वास्थ्य में सुधार होता है।

### विदेशी मुद्रा की उल्लेखनीय बचत

एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण लाभ प्रदान किए हैं। कच्चे तेल के आयात में कमी के कारण भारत ने वर्ष 2014-15 से अब तक विदेशी मुद्रा के रूप में 1.90 लाख करोड़ से अधिक की बचत की है। यह उपलब्धि देश की आर्थिक मजबूती और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और सशक्त बनाती है। एथेनॉल मिश्रण पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए एक लाभकारी समाधान है। इसका निरंतर विस्तार सतत विकास को गति देने तथा भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

धान-गेहूं की बुआई और कटाई के दौरान नए कार्य नहीं होंगे शुरू

# पीक कृषि सीजन में वीजी राम जी योजना के कार्यों पर रोक

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) – वीजी राम जी योजना के तहत पीक कृषि सीजन में संचालित होने वाले नए कार्यों पर अस्थायी रोक लगाने का फैसला किया है। सरकार का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य धान और गेहूं की बुआई एवं कटाई के दौरान किसानों को पर्याप्त संख्या में मजदूर उपलब्ध कराना है, ताकि कृषि कार्य समय पर पूरे हो सकें और उत्पादन प्रभावित न हो। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 16 जून 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2026-27 में धान और गेहूं की बुआई एवं कटाई की अवधि के दौरान योजना के तहत किसी भी नए कार्य की स्वीकृति, शुरुआत अथवा क्रियान्वयन नहीं किया जाएगा। विभाग ने बिहार को विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभाजित कर प्रत्येक क्षेत्र के लिए धान और गेहूं की बुआई एवं कटाई की समयावधि निर्धारित की है। इन निर्धारित अवधियों के दौरान संबंधित क्षेत्रों में वीजी राम जी योजना के कार्य बंद रहेंगे, जबकि अन्य समय में योजना का संचालन सामान्य रूप से जारी रहेगा। ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों, उप विकास आयुक्तों, कार्यक्रम पदाधिकारियों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही अधिसूचना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया है।

### किसानों की पुरानी मांग हुई पूरी

ग्रामीण क्षेत्रों के किसान लंबे समय से यह मांग कर रहे थे कि धान और गेहूं की बुआई तथा कटाई के दौरान बड़ी संख्या में मजदूर सरकारी योजनाओं के कार्यों में लग जाने से खेतों में श्रमिकों की भारी कमी हो जाती है। इससे किसानों को अधिक मजदूरी देने के बावजूद पर्याप्त मजदूर नहीं मिलते थे और खेती के जरूरी कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाते थे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से पीक सीजन में खेतों के लिए मजदूरों की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे कृषि कार्य समय पर पूरे होंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम निर्माण मंडल के पूर्व प्रधान मंत्री अवध नंदन पांडे का निधन, केवीके में दी गई श्रद्धांजलि

**कौआकोल**। ग्राम निर्माण मंडल के पूर्व प्रधान मंत्री अवध नंदन पांडे के आकस्मिक निधन पर कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बुधवार को शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के व्यवस्थापक डॉ. भरत भूषण शर्मा ने स्वर्गीय अवध नंदन पांडे के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में श्री पांडे ने ग्राम निर्माण मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण विकास और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उनका निधन संस्था और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, ग्राम निर्माण मंडल के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर दिनेश मण्डल,अंगद कुमार,धीरेंद्र मन्नू,सलोनी कुमारी आदि मौजूद रहे।

### घरेलू विवाद में वृद्ध ने खाई यूरिया खाद,अस्पताल में भर्ती बड़े बेटे से चल रहा विवाद,पहले भी कर चुका है मारपीट

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भाईजी भित्ता गांव में बीते मंगलवार की रात्रि एक वृद्ध ने घरेलू विवाद में यूरिया खाद खा लिया। खाद खाने के कुछ ही देर में बाद हालत गंभीर होने पर परिजनों द्वारा वृद्ध को आनन फानन में इलाज हेतु अनुकंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि यूरिया खाकर बीमार पड़े वृद्ध की पहचान भाईजी भित्ता गांव निवासी स्व. परमेश्वर यादव के 65 वर्षीय पुत्र राजेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि अथक प्रयास के बाद वृद्ध की हालत में सुधार आई है। वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने बताया कि वृद्ध के दो बेटे हैं,बड़ा बेटा गांव में रहता है और छोटा बेटा घसियाडीह में घर बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहा है। वृद्ध दंपत्ति अपने बड़े बेटे से अलग खाना बनाकर जीवन यापन कर रहे हैं। जमीन विवाद को लेकर बड़े बेटे और बहू द्वारा अक्सर मारपीट की जाती है। बीते चार दिनों पूर्व भी नशे की हालत में वृद्ध से मारपीट करने पर उनकी बाई आंख जख्मी हो गया था। वहीं मंगलवार को एक चौकी के विवाद में फिर से बड़े बेटे ने वृद्ध के साथ झगड़ा हो गया,तो गुस्से में वृद्ध ने घर में रखे यूरिया खाद को खा लिया। हालांकि घंटों अस्पताल में इलाज के बाद वृद्ध की हालत में सुधार होने के बाद वे परिजनों के साथ अपने घर वापस चले गए।

### पंचायत रोजगार सेवक को शिथिलता व लापरवाही के विरुद्ध स्पष्टीकरण ससमय अभिलेख उपस्थापित करने का निर्देश

**पकरीबरावां**। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार सिंह ने आदेश का उल्लंघन करने तथा लापरवाही बरतने वाले रोजगार सेवक को कारण-पृच्छा भेजते हुए समय रहते अभिलेख तथा आवश्यक दस्तावेज उपस्थापित करने का निर्देश दिया ताकि समय पर उपलब्ध राशि का भुगतान किया जा सके। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्देशित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पूर्ण कराए गए कार्य के मटेरियल भुगतान हेतु अभिलेखों के अनुरूप भुगतान की करवाई किया जाना है जिसके लिए पूर्व में भी प्रखंड के सभी रोजगार सेवक एवं तत्कालीन रोजगार सेवक को सूचित करते हुए दिनांक 6 /7./2026 तक अभिलेख कार्यालय में उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया था ताकि उपलब्ध राशि के अनुसार भुगतान की अग्रतर कारवाई की जाएगी ।परंतु कई पंचायत रोजगार सेवक के द्वारा अब तक शत प्रतिशत अभिलेख एवं आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया जिसके कारण मटेरियल भुगतान में परेशानी हो रही है ऐसी स्थिति में योजना में भुगतान नहीं होने पर सारी जवाबदेही संबंधित रोजगार सेवक की होगी। पुनः निर्देश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर संबंधित रोजगार सेवक अधोहस्ताक्षरी को अभिलेख उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। अन्यथा आप पर नियमानुसार अग्रतर कारवाई की जा सकती है।

### धमनी से वांछित तस्कर और करिगांव से पत्नी से मारपीट करने वाला शराबी पति भेजा गया जेल

**रजौली**। रजौली थाना पुलिस ने शराब कारोबार और घरेलू हिंसा के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पहली कार्रवाई रजौली थाना क्षेत्र के धमनी गांव में की गई। बीते सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 35 बोतल शराब और दो बाइक जब्त की थी। इस मामले में एक तस्कर अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया था। इसी मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी धमनी गांव निवासी सर्जन उर्फ सकिंदर राजवंशी के पुत्र रौशन कुमार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। रौशन इस मामले में वांछित चल रहा था।

**शराब पीकर पत्नी से मारपीट, ब्रेथ एनलाइजर से हुई पुष्टिः-** वहीं दूसरी कार्रवाई करिगांव में की गई। करिगांव निवासी संजय कुमार सिंह की बहू काजल कुमारी ने अपने शराबी पति शुभम कुमार के खिलाफ शराब पीकर मारपीट करने का मामला दर्ज कराया था। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति शुभम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान ब्रेथ एनलाइजर मशीन से जांच में उसके शराब पीने की पुष्टि भी हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों रौशन कुमार और शुभम कुमार को बुधवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में नवादा जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी और शराब पीकर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### स्थानांतरित बीसीओ को भावभीनी विदाई, नवपदस्थापित बीसीओ का हुआ स्वागत




**कौआकोल**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कौआकोल बाजार में बुधवार को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) कुंदन बर्णवाल के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मौजूद अधिकारियों,पैक्स अध्यक्षों एवं सहकारिता विभाग से जुड़े लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। साथ ही नवपदस्थापित बीसीओ अजय कुमार निराला का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद जिला सहकारिता पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का अभिन्न हिस्सा है,लेकिन अपने कार्यों,व्यवहार और कार्यशैली से लोगों के बीच अलग पहचान बनाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि कुंदन बर्णवाल ने अपने कार्यकाल में पैक्सों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने नवपदस्थापित बीसीओ अजय कुमार निराला का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भी सहकारिता विभाग की योजनाओं का प्रभावी संचालन होगा। विदाई समारोह में पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि कुंदन बर्णवाल हमेशा जनप्रतिनिधियों और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते थे। उनके सरल,सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार के कारण सभी के बीच उनकी अलग पहचान बनी। पैक्स अध्यक्षों ने शेरघाटी (गयाजी) में उनके नए दायित्व के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवपदस्थापित बीसीओ अजय कुमार निराला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ धरातल पर उतारने का हरसंभव प्रयास करेंगे तथा पैक्स अध्यक्षों एवं किसानों के सहयोग से सहकारिता विभाग को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। समारोह में बीसीओ सह प्रभारी बीईओ अजित कुमार,पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार,संजय यादव,सुनील साव, रामाश्रय सिंह,नरेंद्र सिंह,अभय कुमार,कान्ति देवी सहित अन्य पैक्स अध्यक्ष,सहकारिता विभाग के कर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वारिसलीगंज पुलिस ने अंतर-जिला चोर गिरोह के दो शातिर अपराधियों को दबोचा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



वारिसलीगंज स्थानीय पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में हुई चोरी की एक गंभीर वारदात का महज कुछ ही दिनों के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देश पर गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंतर-जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है और गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 39,970 नगद और एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किया है

मीडिया में दी गयी जानकारी के अनुसार वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी पवन कुमार (पिताः स्व० सरयू सिंह) के घर में बीते 31 मई 2026 की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोला था। चोरों ने घर में घुसकर नगद और कीमती जेवरात उड़ा लिए थे। इस संबंध में पीड़ित द्वारा थाने में लिखित आवेदन दिए जाने के बाद, पुलिस ने 1 जून 2026 को वारिसलीगंज थाना कांड संख्या-382/26 दर्ज किया था। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305(A) और 331(1) के तहत अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।

**एसपी के निर्देश पर बनी टीम, दौलतपुर से दबोचा गया पहला आरोपी**

मामले के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक, नवादा के दिशा-निर्देश पर वारिसलीगंज थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारियों के साथ सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया था। बीती 6 जुलाई 2026 की रात गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम दौलतपुर में एक अन्य घर में चोरी की नीयत से घुसे इस गिरोह के एक शातिर अपराधी को रंगे हाथों दबोच लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपी ने राजापुर (कांड सं०-382/26) में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने खुलासा किया कि यह पूरा गिरोह नालंदा, वारिसलीगंज समेत कई अन्य इलाकों में सक्रिय है और चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। प्रथम आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने त्वरित छापेमारी कर गिरोह के दूसरे सदस्य को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों अपराधी पेशेवर हैं और उन पर पहले से भी कई संगीन मामले दर्ज है। गिरफ्तार अपराधियों में

राजू कुमार (पिताः पुनित केवट): वर्तमान में खासगंज (थाना-सोहसराय, जिला-नालंदा) का निवासी है, जबकि इसका स्थायी पता ग्राम-बकरा (थाना-बिन्द, जिला-नालंदा) है। इस पर वर्ष 2022 में लहेरी थाना (नालंदा), दीपनगर थाना (कांड सं०-309/26), सोहसराय थाना (कांड सं०-309/25) और वारिसलीगंज थाना (कांड सं०-469/26) में मामले दर्ज हैं।

आकाश कुमार (पिता शंकर पासवान) यह वर्तमान में मामु भगीना पहाड़ी (थाना-पहाड़ी/लहेरी, जिला-नालंदा) में रहता है और इसका स्थायी घर ग्राम-घान शेरपुर (थाना-हरनौत, जिला-नालंदा) है। टीम में थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### ग्राम निर्माण मंडल के पूर्व प्रधान मंत्री अवध नंदन पांडे का निधन, केवीके में दी गई श्रद्धांजलि



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। ग्राम निर्माण मंडल के पूर्व प्रधान मंत्री अवध नंदन पांडे के आकस्मिक निधन पर कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बुधवार को शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के व्यवस्थापक डॉ. भरत भूषण शर्मा ने स्वर्गीय अवध नंदन पांडे के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में श्री पांडे ने ग्राम निर्माण मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण विकास और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उनका निधन संस्था और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, ग्राम निर्माण मंडल के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर दिनेश मण्डल,अंगद कुमार,धीरेंद्र मन्नू,सलोनी कुमारी आदि मौजूद रहे।

## सीएम को आवेदन देकर हत्या का मामला दर्ज कराने की लगाई गुहार



आवेदन पत्र दिखाते पीड़ित महिला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज( नवादा)** थाना क्षेत्र के पेश गांव के मुन्नी खातून पति हसरत मियां ने सीएम व एसपी को आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित मुन्नी खातून ने मुख्यमंत्री व एसपी को दिए आवेदन पत्र में उल्लेख की है कि उसके 25 वर्षीय पुत्र इसरायल है। उसके पुत्र को दिनांक 25 जून 2026 की रात करीब 11 बजकर 30 मिनट में पेश गांव के कारु मांझी के पुत्र विपिन मांझी और मिथुन मांझी जबरन घर से बुलाकर नंदपुर गांव के समीप ले जाकर हत्या कर दिया,और साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से नंदपुर गांव के समीप रेलखंड के पटरी फेंक दिया। जिसका फ़ोटो वीडियो मेरे पास मौजूद है। यह दोनों आरोपी के द्वारा उसके पुत्र इसरायल का हत्या कर आत्महत्या दिखाने के लिए सारा कृत्य किया गया है। कहा गया घटना के 13 दिन बीत जाने के बाद भी अन्तःपरिक्षण रिपोर्ट कांड संख्या 226/2026 के जांच अधिकारी द्वारा नहीं दी गई है। उन्होंने इस घटना को वरीय अधिकारियों के द्वारा जांच कर संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा**। जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा नवीन कुमार पांडेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के सफल संचालन, समयबद्ध कार्रवाई तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना के उपरांत गोल्डन आवर के भीतर त्वरित एवं कैशलेस उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि समय पर उपचार सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं गंभीर चोटों की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

समीक्षा के दौरान योजना के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम 1.50 लाख तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 07 दिन तक का उपचार योजना के अंतर्गत आच्छादित है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि नॉन-लाइफ थ्रेटनिंग (Non-Life Threatening) मामलों में 24 घंटे के भीतर ई-डीएआर (eDAR) की प्रक्रिया पूर्ण की जाए, जबकि लाइफ थ्रेटनिंग (Life Threatening) मामलों में 48 घंटे के भीतर ई-डीएआर (eDAR) की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार एवं योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने सभी सूचीबद्ध अस्पतालों में 1.50 लाख तक की कैशलेस उपचार सुविधा सुनिश्चित करने, उपचार की सात-दिवसीय अवधि का पूर्ण उपयोग कराने तथा सभी पात्र मामलों को eDAR पोर्टल पर समयबद्ध रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही, उपचार में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियों एवं संस्थानों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री नवीन कुमार पांडेय ने कहा कि सभी संबंधित विभाग, पुलिस प्रशासन, आयुष्मान भारत योजना से जुड़े पदाधिकारी, एनआईसी तथा सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पताल आपसी समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन आवर के भीतर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा सके तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाई जा सके। बैठक में अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी), एनआईसी के जिला संसाधन प्रबंधक (डीआरएम) एवं निजी अस्पतालों के संचालक उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में मृत युवक के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर दिया आवेदन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नारदीगंज( नवादा)** थाना क्षेत्र के बलवापर निवासी स्व.बाल्मीकि प्रसाद का 21 वर्षीय पुत्र प्रियांशु राज का सड़क हादसे में मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीण बुधवार को दोपहर के बाद थाना पहुंचे और थानाध्यक्ष राजेश को आवेदन पत्र देकर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया। मृतक की मां अनिता कुमारी ने लिखित शिकायत की है। कहा गया है कि दिनांक सात जुलाई 2026 को तकरीबन दो बजे उसके छोटे पुत्र प्रियांशु राज अपने दोस्त सोनू कुमार के साथ बाइक से पेट्रोल भरवाने के लिए गोपी पेट्रोल पंप गया था। वही हाइवे पर उसका मंझला पुत्र निरंजन कुमार को देखकर सड़क किनारे बाइक को रोककर बातचीत करने लगा। इसी बीच हिसुआ की ओर ट्रक चालक लापरवाही से तेज रफ्तार से आया,और पीछे से टक्कर मार दिया। इस घटना में तीनों जख्मी हुए। स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद प्रियांशु राज को मृत घोषित कर दिया। वही दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। थाना में आवेदन पत्र देने पहुंचे पूर्व मुखिया संजय कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा, बैजू कुशवाहा, चंद्रशेखर आजाद, मनोज कुमार आजाद,सचिन कुमार, श्रवण कुमार, पन्नालाल, नरेश कुमार, चंदन कुमार, महेश कुमार समेत अन्य लोगों ने घटना को काफी दुःख व्यक्त करते हुए ट्रक चालक पर कार्रवाई करने की मांग की है। इधर,प्रियांशु राज का शव मंगलवार की देर रात को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम उपरांत गांव पहुंचा, शव पहुंचते ही माहौल ग़मगीन हो गया। मृतक की मां अनिता कुमारी समेत अन्य स्वजन को बदहवास हो गए। चीत्कार से हर कोई के आंखों में अश्रुपूरित धारा बह रही थी। लोग ढांढ़स बांधने में लगे हुए थे। मृतक के बड़े भाई श्रवण कुमार ने नम आंखों से अपने भाई को गांव के निकट पंचाने नदी श्मशान घाट में मुखाग्नि दी। मृतक नारदीगंज कालेज में बीए चतुर्थ सेमेस्टर का छात्र था।

## अमावां मोड़ पर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध चला प्रशासन का डंडा,बुलडोजर चला हटाया गया अतिक्रमण



बुलडोजर से अतिक्रमण हटाते कर्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र के अमावां मोड़ पर बुधवार को अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध प्रशासन का डंडा चला है। बीते 50 वर्षों से संचालित दर्जनों दुकानों को मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बलों की उपस्थिति में हटाया गया है। दुकानों के हटाए जाने से दुकानदारों के परिजनों के समक्ष आर्थिक संकट गहरा गया है। इस मौके पर अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के अलावे मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार के साथ थाना में पदस्थापित एएसआई मनोरंजन कुमार व सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे। प्रशासनिक निगरानी में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया।

**आहर के भिंड पर अतिक्रमण को हटाया गया :-** अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि बीते कई दशकों से अमावां मोड़ के समीप आहर के भिंड पर कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण व्याप्त था। सर्वसाधारण की जमीन पर व्याप्त अतिक्रमण को लेकर अंचल कार्यालय में वर्ष 2024-25 में अतिक्रमण वाद संख्या 02 चलाया गया। साथ ही मोड़ पर अतिक्रमण में संलिप्त 8 दुकानदारों को बीते छः माह में कई बार नोटिस भी किया गया था। बीते सोमवार को माईकिंग कर लोगों से अतिक्रमण हटाने को लेकर आग्रह किया गया था। इसके बावजूद दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया था,जिसे बुधवार को प्रशासन की निगरानी में हटवाया गया है।

**दुकानदारों के परिजनों पर रोजी-रोटी का संकट गहराया :-** अतिक्रमण हटाए जाने के बाद दुकानदारों का दर्द छलक गया। बड़हर गांव निवासी दुकानदार उमेश सिंह ने बताया कि वे 1980 से दुकान का संचालन मोड़ पर कर रहे हैं। बाद में भाइयों के बीच बंटवारा हुआ तो उनके भाई भी मोड़ पर ही दुकान संचालित कर परिजनों का पालन-पोषण कर रहे हैं। वहीं दिनेश सिंह ने बताया कि आहर से हटकर उनका दुकान है और उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है,लेकिन जब सभी लोग दुकान हटा रहे हैं,तो उन्हें भी दुकान हटाना पड़ रहा है। वहीं जनरल स्टोर के दुकानदार पवन सिंह ने बताया कि मोड़ पर दुकानों के हटने से यात्रियों के साथ चोरी छिनतई जैसी घटनाएं बढ़ने की संभावना है। वहीं महिला दुकानदार खुशबू देवी ने बताया कि वे दुकान का संचालन कर अपने बाल-बच्चों को पढ़ा रही हैं और अपना जीवन यापन चला रही है। उन्होंने कहा कि वे गरीब पढ़ी-लिखी महिला हैं और सरकार व पदाधिकारियों से रोजगार की मांग की है।

**◆ 50 वर्षों से दुकानें थी संचालित, हटते ही रोजी-रोटी पर गहराया संकट,बच्चों के भविष्य पर भी संकट**

# करोड़ों की लागत से बने पंचायत भवन और पशु चिकित्सालय तक नहीं है सड़क, कीचड़ में फिसलकर आते हैं ग्रामीण

## "पहले रास्ता बनाओ, फिर विकास" - आक्रोशित ग्रामीणों ने जताया विरोध

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। सरकारी योजनाओं और इंजीनियरिंग की लापरवाही का जीता-जागता नमूना रजौली प्रखंड के अंधरवारी पंचायत में देखने को मिल रहा है। यहां करोड़ों रुपये की लागत से बना प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय और पंचायत सरकार भवन तो तैयार हो गया, लेकिन इन भवनों तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को आज भी पगडंडी और कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है। विकास के नाम पर बनी ये दोनों सरकारी इमारतें मुख्य मार्ग से महज 500 मीटर की दूरी पर हैं। लेकिन इस 500 मीटर की दूरी को तय करना ग्रामीणों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। बारिश होते ही पूरा रास्ता दलदल में बदल जाता है और पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

**सहयोग शिविर में फिसले लोग, प्रतिनिधि ने बिछाए ईंट के टुकड़े :-** बीते मंगलवार को पंचायत भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें शामिल होने आए ग्रामीण अरविंद कुमार सिंह, बिपिन सिंह, रामबिलास प्रसाद, पिंकी देवी, गुड़िया देवी समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि वे कीचड़नुमा और फिसलनदार कच्चे रास्ते से होते हुए भवन तक पहुंचे। इस दौरान कई लोग फिसलकर गिर भी गए। ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते की स्थिति इतनी खराब है कि पंचायत कर्मी और पदाधिकारी भी अपनी बाइक और कार को मुख्य सड़क पर ही ग्रामीणों के घर के पास खड़ा करके पैदल भवन तक आते हैं। सड़क नहीं होने के कारण आम ग्रामीण भी पंचायत भवन आने से कतराते हैं। सहयोग शिविर को सफल बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि को मजबूरी में ईंट के टुकड़े बिछवाने पड़े, तब जाकर किसी तरह लोगों का आना-जाना संभव हो पाया।



कीचड़नुमा रास्ते से गुजरते ग्रामीण

**"अनपढ़ भी पहले रास्ता बनाता है" :-** ग्रामीणों का दर्द साफ झलक रहा था। ग्रामीणों ने कहा कि "एक गरीब अनपढ़ व्यक्ति भी जब घर बनाता है तो सबसे पहले रास्ते के बारे में सोचता है। लेकिन सरकार ने करोड़ों खर्च करके भवन तो बना दिया, लेकिन वहां तक जाने के लिए रास्ते का इंतजाम नहीं किया।" ग्रामीणों ने बताया कि पशु चिकित्सालय में इलाज के लिए पशुओं को लाना-ले जाना भी इसी कीचड़ से होकर पड़ता है। बीमार पशुओं को कंधे पर ढोकर लाने की नौबत आ जाती है।

**इधर हरदिया में अच्छा रास्ता भी किया गया खराब :-** ग्रामीणों ने हरदिया की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वहां बनी हुई पीसी सड़क के ऊपर ही मिट्टी का भराव कर दिया गया, जिससे अच्छी सड़क भी खराब हो गई। एक तरफ सड़क खराब की जा रही है तो दूसरी तरफ भवनों तक सड़क बनाई ही नहीं जा रही। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ग्रामीण कार्य विभाग से मांग की है कि अंधरवारी पंचायत भवन और पशु चिकित्सालय तक अविलंब पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंच सके। इस संबंध में बीपीआरओ हरिमोहन कुमार ने फंड की उपलब्धता पर सड़क निर्माण का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### घर से भागे 2 प्रेमी जोड़ा पकड़ाए, पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, परिजनों ने अपहरण की शिकायत की थी



**नालंदा**। नालन्दा के बिंद थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में लापता हुए दो प्रेमी जोड़ों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। कार्रवाई के बाद दोनों जोड़ों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर कोर्ट में पेश किया गया है। बिन्द थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती सोमवार की सुबह घर से कोचिंग जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला, तो युवती की मां ने थाने में मामला दर्ज कराया। जांच के दौरान पता चला कि युवती की पहचान जखौर गांव निवासी एक ऑटो चालक युवक (20) बिपिन से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत प्रेम संबंध में बदल गई। प्रेमी-युगल ने मंदिर में विवाह कर लिया था और युवक के घर पर दोनों साथ रह रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को युवक के घर से बरामद कर लिया। वहीं, दूसरे मामले में इसी साल फरवरी माह में एक नाबालिग किशोरी रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। परिजनों ने बताया था कि वह कपड़े खरीदने के लिए बाजार गई थी, लेकिन घर नहीं लौटी। इसी बीच गांव के ही एक युवक (21) हीरा कुमार के भी गायब होने की सूचना मिली, जिससे किशोरी की फोन पर बातचीत होती थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि युवक और किशोरी को बरामद कर लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। दोनों मामलों में मिली सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने जोड़ों को सकुशल बरामद किया है। बरामदगी के बाद दोनों जोड़ों को कोर्ट में पेश किया गया है।

### सड़क हादसे में घायल की मौत, अज्ञात वाहन ने मार दी थी टक्कर, हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया था



**नालंदा**। नालंदा में सोमवार को सड़क हादसा हुआ था, जिसमें खुदागंज थाना के केवाली गांव निवसी अजय पासवान (56) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा था, इसी दौरान मंगलवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। अजय पासवान ट्रैक्टर से बिहार शरीफ से रोटावेटर लेकर केवाली लौट रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। मृतक के चाचा विजय पासवान ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जो ट्रैक्टर चला रहे थे उन्हें भी चोट आई थी। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर-रजौली एनएच-20 की है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां से स्थिति गंभीर देखते हुए अजय पासवान को पटना रेफर कर दिया गया था, जहां उपचार के दौरान बीती रात उन्होंने दम तोड़ दिया। जिस गाड़ी वाले ने टक्कर मारी थी वो फरार हो गया था। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया था। खुदागंज थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ स्थित मॉडल अस्पताल भेज दिया था। खुदागंज थानाध्यक्ष दुर्गेश गहलोत ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अभी तक हमें लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जैसे ही आवेदन मिलता है, प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान में जुटी है।

### प्राणपुर के उप प्रमुख मो. रफीक ने विद्युत अधीक्षक अभियंता पूर्णिया से मिलकर स्मार पत्र सौंपा

**कटिहार**। जिले के प्राणपुर प्रखंड के उप प्रमुख मोहम्मद रफीक ने विद्युत अधीक्षक अभियंता पूर्णिया से मिलकर स्मार पत्र सौंपा है। प्रखंड प्रमुख मोहम्मद रफीक ने स्मारपत्र में जिक्र किया है कि कटिहार जिला अंतर्गत प्राणपुर प्रखंड में सोनौली स्थित एसएससी विद्युत आपूर्ति विभाग द्वारा मात्र चार से पांच मेगावाट किया जा रहा है। जबकि आबादी को देखते हुए 12 मेगावाट विद्युत आपूर्ति किया जाना अति आवश्यक है। उप प्रमुख मोहम्मद रफीक ने स्मारपत्र में यह भी जिक्र किया है कि कम मात्रा में विद्युत आपूर्ति होने से सामान्य रूप से बराबर विद्युत आपूर्ति नहीं रहता है। जिससे कृषकगण को खेती-बाड़ी भी नहीं कर पा रहे हैं और विद्युत आपूर्ति की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। प्रखंड के उप प्रमुख मोहम्मद रफीक ने विद्युत अधीक्षक अभियंता को स्थिति से अवगत कराते हुए इस समस्या को अपने संज्ञान में लेकर विद्युत संबंधित आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में अपेक्षित पहल करने की मांग किया है। प्राणपुर के उपप्रमुख मोहम्मद रफीक ने कहा कि प्राणपुर प्रखंड में सोनौली स्थित एसएससी विद्युत आपूर्ति विभाग के द्वारा किया जाता है,लेकिन नियमित रूप से विद्युत नहीं रहने के कारण गर्मी के मौसम में प्राणपुर प्रखंड के लाखों की आबादी को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में छात्र-छात्राओं को भी पठन-पाठन करने में काफी कठिनाई हो रही है।पिछले दो-तीन माह से भीषण गर्मी के साथ रहने के कारण छात्र-छात्राओं को बिजली के अभाव में पठन-पाठन करने में काफी कठिनाई हो रही है। भीषण गर्मी के कारण महिलाओं को रसोई कार्य करने में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उप प्रमुख मोहम्मद रफीक ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की हर वर्ग के लोगों के लिए आज की तिथि में जरूर बन चुका है। ऐसी स्थिति में बिजली का अनियमित रहना, अल्प वोल्टेज रहना कष्टकारी साबित हो रहा है। उप प्रमुख मोहम्मद रफीक ने कहा कि बिजली के अभाव में किसानों का खेती-बड़ी करने में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जनहित को ध्यान में रखते हुए 24 घंटे में काम से कम 20 से 22 घंटे पर्याप्त वोल्टेज के साथ प्राणपुर प्रखंड में बिजली आपूर्ति करने की आवश्यकता है,ताकि गर्मी के मौसम में आम जनजीवन को सुविधा मिल सके।

### कटिहार: पुलिस केंद्र में प्रशिक्षु सिपाहियों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित

**कटिहार**। पुलिस केन्द्र, कटिहार में पूर्णिया जिला बल के 237 प्रशिक्षु सिपाहियों का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया। इस अवसर पर एक बेहद शानदार दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विवेकानंद, पुलिस महानिरीक्षक,पूर्णिया क्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीक्षांत परेड का निरीक्षण किया। विशिष्ट अतिथि डीएम आशुतोष द्विवेदी, एसपी परिचय कुमार (सह प्राचार्य, सिपाही प्रशिक्षण केन्द्र) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी 237 नए सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा,अनुशासन और भारतीय संविधान की रक्षा हेतु पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं, परेड कमांडरों के साथ-साथ बेहतरीन योगदान देने वाले पुलिस पदाधिकारियों और अनुदेशकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कटिहार के डीएम आशुतोष द्विवेदी एवं एसपी परिचय कुमार ने सभी नये सिपाहियों को ट्रेनिंग पूरी करने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने जवानों को राष्ट्र सेवा, जनसुरक्षा और कानून-व्यवस्था के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का भव्य समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# जीतनराम मांझी ने उठाई 18 मांगें, धनबाद रेल मंडल की बैठक, नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी देने की डिमांड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**गयाजी.** धनबाद रेल मंडल सभागार में संसदीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद बीडी राम ने की। इस मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की ओर से गया संसदीय क्षेत्र प्रतिनिधि ई. नंदलाल मांझी ने भाग लिया। उन्होंने गया क्षेत्र के यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए 18 प्रमुख जनहित की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया। इन मांगों पर बैठक में गंभीर चर्चा और समीक्षा की गई।

**स्टेशनों पर ओवरब्रिज और अंडरपास की मिलेगी सुविधा:** गया संसदीय क्षेत्र के गुरपा, पहाड़पुर, टनकुप्पा और बंधुआ रेलवे स्टेशन पर रेलवे अंडरपास और ओवरब्रिज की बड़ी समस्या है। बैठक में बताया गया कि टनकुप्पा स्टेशन के पूर्वी केबिन के पास अंडरपास की स्वीकृति मिल चुकी है। इसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो गई है और जल्द ही निर्माण काम शुरू होगा। इसके अलावा बंधुआ रेलवे फाटक और पहाड़पुर स्टेशन के पास ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। ग्राम रसलपुर में भी समपार फाटक या मोटरसाइकिल ब्रिज की मांग की गई है।

**सांसद प्रतिनिधि ने विकास के लिए महत्वपूर्ण मांगें रखीं:** नई रेल लाइनः इस्लामपुर (नालंदा) से मानपुर तक केउर, महकार और टेउसा होते हुए नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी जाए। सीधी रेल सेवाः गया जंक्शन से उत्तर बिहार के जयनगर तक नई रेल सेवा शुरू हो। इसके साथ ही, सेना के जवानों और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गया से सीधे श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) तक नई ट्रेन चलाई जाए।

**विभिन्न ट्रेनों का ठहराव और किराया सुधारः** जनता की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव और परिचालन में बदलाव की मांग की गई पहाड़पुर स्टेशन पर हावड़ा-मुंबई मेल और धनबाद-फिरोजपुर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की गई। कोडरमा-वैशाली फास्ट मेमू ट्रेन का ठहराव टनकुप्पा और पहाड़पुर स्टेशनों पर सुनिश्चित करने को कहा गया। दानापुर इंटरसिटी ट्रेन को गया जंक्शन तक चलाने की मांग की गई, ताकि रेलवे का राजस्व बढ़े। वर्तमान में यह बंधुआ से सीधे तिलैया चली जाती है। पर्यटन स्थल गुरपा स्टेशन पर हटिया-पूर्णिया एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग प्रमुखता से उठाई गई। कोरोना काल में पैसेंजर ट्रेनों को स्पेशल बनाकर जो एक्सप्रेस का किराया लागू किया गया था, उसे वापस लेने की मांग की गई, क्योंकि सुविधाएं अभी भी पैसेंजर ट्रेन वाली ही मिल रही हैं।

**आरक्षित टिकट प्रणाली शुरू करने की मांग की:** बैठक में पिछड़ा क्षेत्र माने जाने वाले टनकुप्पा स्टेशन पर आरक्षित टिकट प्रणाली शुरू करने की मांग की गई। इसके साथ ही, रेल पटरियों पर काम करने वाले रेल पथ कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए रक्षक उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई। इन सभी विकास कार्यों से गया और आसपास के रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## कमालपुर ने भोरे की टीम को 37 रनों से हराया, बारिश की वजह से 8-8 ओवर का हुआ फाइनल मैच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी में दुर्गा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट**



**गयाजी.** गयाजी के खिजरसराय इलाके के डेमा गांव में मां दुर्गा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा था। जिसका समापन मंगलवार की देर रात हुआ। मुकाबले में कमालपुर की टीम ने भोरे की टीम को 37 रनों से हराया और शील्ड पर अपना कब्जा जमा लिया। 1 जुलाई से शुरू हुए इस नॉकआउट टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 16 धाकड़ टीमों ने हिस्सा लिया था। कड़े मुकाबलों को पार कर कमालपुर और भोरे की टीमें फाइनल में पहुंची थीं। फाइनल मैच की शुरुआत में ही बारिश शुरू हो गई थी। पिच और मौसम की स्थिति को देखते हुए अंपायरों और आयोजकों ने मैच को घटाकर 8-8 ओवर का करने का निर्णय लिया था।

**कमालपुर के गेंदबाजों के आगे बेबस दिखी भोरे की टीम:** टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कमालपुर की टीम ने सीमित 8 ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए स्कोर बोर्ड पर 70 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। जवाब में 71 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोरे की टीम कमालपुर के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह बेबस नजर आई। भोरे की टीम निर्धारित 8 ओवरों में महज 37 रन ही बना सकी और मुकाबला गंवा बैठी।

दिग्गजों की मौजूदगी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला इस ऐतिहासिक फाइनल मुकाबले का लुत्फ उठाने के लिए अतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमित कुमार, गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर विपिन सिंह और वेदांता के एचआर हेड पंकज सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की। मैच के बाद अतरी विधायक और गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया। इस दौरान विभिन्न गांवों से आए हजारों खेल प्रेमियों की मौजूदगी से पूरा मैदान तालियों से गूंज उठा। इस मौके पर अतरी विधायक रोमित कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने में ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। युवाओं को खेल के क्षेत्र में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

राष्ट्रीय बालिका रग्बी चैंपियनशिप: नालंदा की बेटियों का कमाल

## बिहार टीम को मिला कांस्य पदक





**पश्चिम बंगाल को 37–5 से हराया**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। तेलंगाना के गाचीबोली स्टेडियम में जूनियर राष्ट्रीय बालिका रग्बी चैंपियनशिप (6-8 जुलाई ) आयोजित हुई। इसमें बिहार की टीम ने अपना लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। मंगलवार को खेले गए रोमांचक और निर्णायक मुकाबले में बिहार ने पश्चिम बंगाल को 37–5 के विशाल अंतर से करारी शिकस्त देकर तीसरा स्थान हासिल किया।

**नालंदा की बेटियों का शानदार प्रदर्शनः** बिहार की इस ऐतिहासिक जीत में नालंदा की दो होनहार खिलाड़ियों, कोमल कुमारी और खुशी कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने मैदान पर जबरदस्त आक्रामक खेल दिखाया। विशेषकर कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने कई महत्वपूर्ण 'ट्राई' कर टीम को एकतरफा जीत दिलाने में बड़ी मदद की।

रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंशी राकेश राज ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि इनकी प्रतिभा ने न केवल नालंदा, बल्कि पूरे बिहार का मान राष्ट्रीय पटल पर बढ़ाया है।

बिहार टीम की इस सफलता पर खेल प्रेमियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। ग्रामीण विकास मंत्री सह रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के संरक्षक श्रवण कुमार, अध्यक्ष संजय प्रकाश मयूख और सचिव पंकज ज्योति ने पूरी टीम को बधाई दी है। जिला खेल पदाधिकारी आलोक चंद चौधरी, रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष मुन्नालाल, डॉ. रवि चंद कुमार, संजय कुशवाहा (निदेशक, एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स ज़ोन) और विवेक कुमार समेत खेल संघ के अनेक पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। टीम की इस उपलब्धि से राज्य में रग्बी के प्रति युवाओं का उत्साह और बढ़ने की उम्मीद है।

## दिव्यांगजनों के लिए वरदान बना विशेष शिविर, अनुमंडल स्तर पर लगेंगे कैंप

**◆ बैटरी चालित साइकिलों की हो रही मुफ्त में मरम्मत**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) के तहत लाभुकों को मिली बैटरी चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी समस्याओं के समाधान और उन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की ओर से विशेष शिविरों की श्रृंखला शुरू की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, यह सुनिश्चित करना है।

शिविरों में अधिकृत तकनीकी विशेषज्ञों की ओर से न केवल गाड़ी की गहन जांच की जा रही है, बल्कि गारंटी अवधि के अंतर्गत आने वाली खराब बैटरी और चार्जर को भी मौके पर ही मुफ्त में बदला जा रहा है।

**अनुमंडल स्तर पर लगेंगे कैंपः** प्रशासन की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, नालंदा के अलग-अलग क्षेत्रों के लिए तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। 8 जुलाई को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग कार्यालय में शिविर के आयोजन के बाद अब आगे की प्रक्रिया अनुमंडलों में होगी।

इसी क्रम में 9 जुलाई को हिलसा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के लाभुकों के लिए करायपरशुराय प्रखंड कार्यालय में और 10 जुलाई को राजगीर अनुमंडल के सभी प्रखंडों के लिए सिलाव प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इन सभी स्थानों पर शिविर का समय सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक रखा गया है।

कोषांग की ओर से योजना के सभी लाभुकों को सूचित किया गया है कि यदि उनकी बैटरी चालित तिपहिया साइकिल में किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी है या उनके उपकरण वारंटी के भीतर खराब हो चुके हैं, तो वे संबंधित तिथि और समय पर अपनी साइकिल और जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हों। प्रशासन की इस तत्परता से दिव्यांगजनों को काफी राहत मिल रही है, क्योंकि अब उन्हें अपनी साइकिल की मरम्मत के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

# 26 सितंबर से शुरू होगा पितृपक्ष मेला, गयाजी में डीएम बोले- श्रद्धालुओं को हर सुविधा मिले, लापरवाही स्वीकार नहीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**गयाजी.** गयाजी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर पहली समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अलग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल समेत कई पंडा समाज ने भाग लिया। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

**देश और दुनिया के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्वः** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने कहा कि पितृपक्ष मेला केवल गयाजी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना से गया पहुंचकर विभिन्न वेदियों पर पिंडदान और तर्पण करते हैं। बैठक के दौरान बताया गया कि पितृपक्ष मेला 26 सितंबर 2026 से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने नगर निगम, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, अस्थायी आवास, पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी के घाटों और प्रमुख पिंडदान स्थलों पर विशेष व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई। भीड़ नियंत्रण, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस सेवा, नियंत्रण कक्ष, सूचना केंद्र तथा खोया-पाया केंद्र स्थापित करने जैसे विषयों पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर निगम के वार्ड पार्षदों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपने सुझाव रखे। उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात संबंधी समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल हैक कर व्हाट्सएप से ठगी का नया तरीका मुखिया के नाम पर मांगे 5000 रुपये, FIR दर्ज

**दावथ (रोहताह)**। मोबाइल हैकिंग के जरिए ठगी करने वालों ने अब व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर लोगों से पैसे ऐंठने का नया तरीका इजाद कर लिया है। इस साजिश के तहत साइबर अपराधी पहले किसी व्यक्ति का मोबाइल नंबर हैक करते हैं और फिर उसके परिचितों, मित्रों एवं सगे-संबंधियों को उसी नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज करके इमरजेंसी बताकर पैसे की मांग करते हैं। लोग सामने वाले को अपना जानने वाला समझकर बिना जांचे पैसे ट्रांसफर कर देते हैं और बाद में जब वास्तविक व्यक्ति से बात होती है तब जाकर उन्हें ठगी का पता चलता है। दावथ थाना क्षेत्र में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। इटवा पंचायत के मुखिया धन्जी कुमार उर्फ नकू के नाम और नंबर का दुरुपयोग करते हुए दावथ नगर पंचायत कोआथ बिस्कोमान कर्मी के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से पैसे मांगे गए। ठग ने खुद को इमरजेंसी में फंसा बताकर तत्काल 5000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। झांसे में आकर ने उक्त खाते में 5000 रुपये का भुगतान भी कर दिया। कुछ देर बाद जब उन्होंने इस संबंध में मुखिया धनजी कुमार से सीधे संपर्क कर पुष्टि की तो पता चला कि मुखिया ने न तो कोई पैसा मांगा था और न ही कोई मैसेज किया था। तब जाकर पीड़ित को समझ आया कि उनके साथ जालसाजों ने ठगी की है। इसके बाद मंगलवार को इटवा मुखिया धनजी कुमार उर्फ नकू ने दावथ थाने पहुंचकर साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल की मदद से ठगों के खाते व मोबाइल नंबरों को ट्रेस करने में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी परिचित के नाम पर व्हाट्सएप या कॉल से पैसे मांगे जाने पर पहले फोन कर उसकी पुष्टि अवश्य करें और किसी भी अनजान लिंक या खाते पर पैसे न भेजें, ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके।

### अकोढ़ीगोला में दुर्लभ सफेद हिरण का सुरक्षित रेस्क्यू, वन विभाग की तत्परता से बची जान

**डेहरी ऑन सोन (रोहतास)**। अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के बराव कला बधार में मंगलवार को एक दुर्लभ सफेद हिरण घायल अवस्था में मिलने से इलाके में उत्सुकता का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए हिरण का सुरक्षित रेस्क्यू कर उपचार के लिए ताराचंडी स्थित वन्यजीव बचाव केंद्र भेज दिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्रामीणों ने खेत में एक सफेद हिरण को घायल और असहाय अवस्था में देखा। हिरण चलने-फिरने में असमर्थ था, जिसके कारण आसपास बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। आशंका जताई जा रही है कि आवारा कुत्तों के हमले में हिरण घायल हुआ, जिससे वह खेत से निकल नहीं सका। ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और पूरी सावधानी के साथ हिरण को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे ताराचंडी वन्यजीव बचाव केंद्र भेज दिया गया। वन विभाग के कर्मी जितेंद्र कुमार ने बताया कि हिरण की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार किया जा रहा है और स्वस्थ होने के बाद उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी वन्यजीव के घायल होने या आबादी वाले क्षेत्र में भटकने की सूचना मिले तो उसे स्वयं पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि सुरक्षित रेस्क्यू कर वन्यजीवों की जान बचाई जा सके।

### दरवाजे खोलने को ले दो पक्षों मे तनाव, आरोप प्रत्यारोप जारी



**कोचस (रोहतास)**। कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 मे उस समय अफरा तफरी मच गई जब रास्ते मे दरवाजा खोलने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। पूर्व से ही जीत नारायण सिंह और श्रीराम राय के बीच जमीनी विवाद चली आ रही है। इस संदर्भ में कोचस अंचला अधिकारी विनीत कुमार व्यास ने बताया कि जीत नारायण सिंह और श्री राम राय के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था जिसमें बीते शनिवार को जनता दरबार में दोनों पक्षों को बुलाकर पुलिस और प्रशासन के समक्ष समस्या का निराकरण किया गया। जिसमें सर्व समिति से श्री राम राय को रास्ता छोड़ने को बोला गया जहां श्री राम राय ने बात स्वीकार कर ली और अपने मकान का निर्माण कार्य शुरू किया, उन्होंने बताया बुधवार के श्रीराम राय के द्वारा सूचना दी गई की दूसरे पक्ष के जीत नारायण व उनकी पत्नी के द्वारा हमारे निज जमीन मे दरवाजा खुलने पर गाली गलौज तथा मार पीट की जा रही है, हमने उक्त स्थल पर जाकर जीत नारायण को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने, उन्होंने जनता दरबार में हुई फैसले का अवहेलना की है, जबकि जीत नारायण ने अपने हिस्से के जमीन से ज्यादा दोसरे के जमीन मे बढ़ कर अवैध तरीके से मकान बना रखा है। इस जमीन पर चौवालीस भी की जा चुकी है। अंचलाधिकारी ने बताया बढ़ते विवाद को लेकर इसकी जानकारी जिला उपसमाहर्ता को दे दी है। वही जीत नारायण सिंह ने एक पक्षीय कार्रवाई को लेकर अंचलाधिकारी के विरुद्ध लिखित शिकायत जिला उपसमाहर्ता को दी है।

# जागरूकता कार्यक्रम "सखी वार्ता" का भव्य किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास** । स्थानीय इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज, बिक्रमगंज (रोहतास) में आज महिला एवं बाल विकास निगम (बिहार सरकार) और जिला प्रशासन रोहतास के सौजन्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम "सखी वार्ता" का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं और किशोरियों की समस्याओं का समाधान करना, सरकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। एवं कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम के मुख्या वक्ता मो शमीम अंसारी, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के द्वारा छात्राओं को महिलाओं के अधिकार, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा हिंसा की स्थिति में निडर होकर संबंधित विभाग एवं महिला हेल्पलाइन 181 की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया एवं महिला एवं बाल विकास से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल विवाह के खिलाफ एकजुट होने और किशोरियों को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों को महिला एवं बाल विकास निगम (बिहार सरकार) और जिला प्रशासन रोहतास के सौजन्य से डायरी, पेन एवं अल्पाहार का वितरण किया गया।

जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज परिसर में एक रैली और संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु बाल विवाह नहीं करने एवं नहीं होने देने से संबंधित शपथ भी दिलवाया गया।

इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाध्यपक सभी शिक्षक, महिला एवं बाल विकास निगम के पदाधिकारी और कर्मी, एवं भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# रोहतास में 45 वर्षीय अधेड़ की गला काटकर हत्या

## विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम**। रोहतास जिले में बुधवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या के बाद बवाल हो गया। दरअसल हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को हीं जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। घटना रोहतास थाना क्षेत्र के बकनौरा पंचायत की है। मृतक की पहचान बकनौरा पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 7 निवासी 45 वर्षीय ददन यादव के रूप में हुई है।

**गला काटकर की गई हत्या:** प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बंजारी स्थित सीमेंट फैक्ट्री में ट्रक लोडिंग का काम करते थे। प्रतिदिन की तरह वे मंगलवार की रात सीमेंट फैक्ट्री में अपनी ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुनसान जगह का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने ददन यादव को बीच रास्ते में घेर लिया और उनकी गला रेतकर हत्या कर दी।

**पारिवारिक विवाद में हत्या की आशंका :** घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक ददन यादव का जमीन को लेकर बीते कुछ वर्षों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। हालांकि हत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन फिर भी लोग इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है और स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

**डेहरी बंजारी पथ को जाम कर प्रदर्शन :** वहीं घटना के बाद आकर्षित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 19 सी डेहरी बंजारी पथ को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पीड़ित परिवार को मुआवजा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इधर सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। बता दें कि सड़क जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई हैं और मुसाफिरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# स्थायी सशक्त समिति की गई बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास** । नगर पंचायत कार्यालय गोडारी में बुधवार को स्थायी सशक्त समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर पंचायत के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई और सामान्य बोर्ड की बैठक में पारित सभी 17 विकास योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में विकास कार्यों का रास्ता साफ हो गया है। बैठक के बाद स्थायी सशक्त समिति के सदस्यों ने बताया कि सामान्य बोर्ड की बैठक में जिन योजनाओं को अनुमोदित किया गया था, उनमें से किसी भी योजना को लंबित नहीं रखा गया है। सभी 17 योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का निर्णय लिया गया है।



इसके अतिरिक्त, नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रस्ताव को भी प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। इससे सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत किया जा सकेगा। बैठक के दौरान हाल ही में हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग NH-120A के दोनों किनारों पर स्थित नालों के किनारे बैरिकेडिंग कराने के प्रस्ताव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने बताया कि बैरिकेडिंग होने से दोबारा अतिक्रमण की संभावना कम होगी तथा सड़क एवं नालों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ने कहा कि सामान्य बोर्ड में स्वीकृत सभी विकास योजनाओं को प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है। अब इन योजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से कराया जाएगा, जिससे नगरवासियों को जल्द ही विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्य पार्षद राधिका कुमारी, उप मुख्य पार्षद रविश रंजन, कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन तथा स्थायी सशक्त समिति के सदस्य मतरमाला देवी, संजय राम एवं संतोष तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

# श्री इमेजिंग अल्ट्रासाउंड सेंटर का भव्य उद्घाटन विधायक राजीव रंजन ने फीता काटकर किया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नासरीगंज(रोहतास)**। थाना मोड़ के पास सरकारी अस्पताल के बगल में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस "श्री इमेजिंग (अल्ट्रासाउंड सेंटर)" का भव्य उद्घाटन बुधवार को डिहरी विधानसभा के विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने फीता काटकर किया।बुधवार को सुबह 11 बजे हुए इस शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विधायक श्री सिंह ने सेंटर का निरीक्षण किया और संचालकों को शुभकामनाएं दीं।




इस अवसर पर विधायक ने कहा कि नासरीगंज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। "श्री इमेजिंग" के खुलने से मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक सुविधा अपने ही क्षेत्र में मिलेगी। यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी पहल है।

सेंटर के संचालक सुशांत सिन्हा, अविनाश अनुज और सुशांत सिन्हा ने बताया कि यहां RGUHS बैंगलोर से DMRD (Radiodiagnosis) की डिग्री प्राप्त अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एम.एन. अहमद अपनी सेवाएं देंगे साथ ही यहां महिलाओं के लिए महिला डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

सेंटर में 2D/3D/4D अल्ट्रासाउंड, गायनी अल्ट्रासाउंड, थायराइड व एब्डोमेन स्कैन, कलर डॉप्लर, NT SCAN Level-II, OBS Level-II, TVS, सोनो मैमोग्राफी, KUB, पेल्विस सहित सभी प्रकार की आधुनिक अल्ट्रासाउंड जांच डिजिटल रिपोर्ट के साथ की जाएगी।मौके पर सिकंदर सिंह, अमरेंद्र ,संजर खान,मदन केसरी,अमित कुशवाहा,देव मुनि पासवान, लोकेश्वर कुमार,संजय कुमार उर्फ लाल बाबू,छोटे लाल,,गोपाल प्रसाद मौजूद थे

# शिक्षा पदाधिकारी के सम्मान में आयोजित हुआ विदाई समारोह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर-** प्रखंड संसाधन केंद्र में पदस्थापित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्राण रंजन प्रसाद का स्थानांतरण रकसौल प्रखंड में होने पर बुधवार को कार्यालय सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ. जिसका उद्घाटन बीईओ नोखा सुमन कुमार,शिवसागर बीईओ राजेश कुमार,एमडीएम पदाधिकारी माधुरी कुमारी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया.मंच संचालन करते हुए उच्च विद्यालय मंगलवलिया पिंकू शर्मा ने समारोह में शिरकत सभी सम्मानित गणमान्य को मंच पर आमंत्रित किया. सभी आगत अतिथियों ने बीईओ महोदय को भेट उपहार से सम्मानित करते हुए सभा को सम्बोधित किया.




समारोह को सम्बोधित करते हुए शौणडिक हाई स्कूल प्रधानाध्यापक रजनीश तिवारी ने कहा कि बीईओ प्राण रंजन प्रसाद तीन वर्ष तक प्रखण्ड में पदस्थापित रहे.इस दौरान स्कूल में कार्यरत सभी कर्मियों को भरपुर प्यार दिया.अपने कर्तव्य के प्रति वफादारी निभाते हुए सभी कर्मियों को संदेशित करते थे.बिना कोई अभिमान रखे स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया.शिक्षा जगत में राजपुर ईलाका इनके सेवाकाल के दौरान काफी समृद्ध हुआ है.

डीडीओ मनोज कुमार ने कहा कि प्रखण्ड संसाधन केंद्र से एक अच्छे अधिकारी सेवानिवृत हुए हैं,जिनकी कमी महसूस होगी. इस अवसर पर सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक ने सामुहिक रूप से भेंट व उपहार प्रदान करते हुए करते हुए उनके शेष अच्छे सेवाकाल व स्वास्थ्य की कामना व्यक्त की.

कार्यक्रम के अंत में प्राण रंजन प्रसाद ने समारोह में शिरकत सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते साधुवाद कहा.उन्होंने कहा कि किसी भी पद की प्रतिष्ठा व्यक्ति का कर्म होता है.इमानदरी से किया हुआ कर्म अच्छा फल देता है.जिसके बदौलत हीं सभी याद करते हैं मौके पर लिपिक बिनोद सिंह बीआरसी एकाउंटेंट सतेन्द्र नाथ, शिक्षक परशुराम तिवारी,मनोज सिंह, सोनू कुमार सिन्हा,अशोक सेठ, कृष्ण सिन्हा,विवेक कुमार, अभिषेक कुमार समेत अन्य मौजूद रहे.

# बीडीओ ने सभी विभाग कर्मियों के साथ किया समीक्षा बैठक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर-** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविराज ने कार्यालय कक्ष में बुधवार को पब्लिक विकास से जुड़े सभी विभाग कर्मियों के साथ बैठक कर लम्बित विकास कार्यों की समीक्षा की.इस दौरान लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन, जन्म मृत्यु, पंचायतों में विकास कार्य आदी लम्बित भुगतानों को अपडेट किये जाने हेतु कर्मियो को निर्देशित किया. बैठक के दौरान मौजूद कुछ कर्मियों की लापरवाही पर फटकार लगाते हुए सो कॉज निकालने हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर को निर्देशित किया.

बैठक के दौरान मौजूद कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी जनता के सेवक हैं. शासक बनने का प्रयास कभी नहीं किया जाना चाहिये. मौके पर सियांवक पंचायत मुखिया कुमार रितेश सिंह, आरओ प्रणवेश राज, पंचायत सचिव अमित कुमार अंकित कुमार, विकास कुमार, एलएसबीए अपरेटर रवि कुमार, हेड क्लर्क संजय कुमार, नाजीर समेत अन्य मौजूद रहे

# 29 जुलाई को है गुरु पूर्णिमा का पर्व, जानें महत्व

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। श्री श्री 1008 श्री गिरवर लाल जी महाराज बिक्रमगंज मौनी बाबा कुटिया में 27 जुलाई को पधारेंगे ,श्री महाराज जी की अध्यक्षता में और आचार्य उग्रसेन उपाध्याय के द्वारा पूजन पाठ करके गुरु पूर्णिमा व्रत बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा अतः तमाम भक्त उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने और अपने अपने गुरु की पूजा करें ।

आचार्य उग्रसेन उपाध्याय जो एक ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य है और डॉ. नागेन्द्र झा महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज मे संस्कृत के विभागाध्यक्ष भी है।आचार्यजी के द्वारा गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु को समर्पित है, मान्यता है कि बिना गुरु के ज्ञान के प्राप्ति नहीं होती है, सच्चे गुरु की जब प्राप्ति हो जाती है तो जीवन से सभी प्रकार के अंधकार मिट जाते हैं, आइए जानते हैं गुरु पूर्णिमा के पर्व के बारे में ।



गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे देश में बड़ी ही श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया जाता है, इस दिन गुरु की पूजा की जाती है और उन्हें सम्मान प्रदान किया जाता है और अपनी श्रधा शक्ति के अनुसार दान दिया जाता है ।इस दिन गुरु को दिया हुआ दान कई गुणा फलदायी और लाभकारी होता है अगर किसी कारण बस अपने गुरु के पास नहीं जा सके तो अपने घर में ही गुरु का ध्यान करके अपने शक्ति अनुसार दान दक्षिणा निकालकर उनकी पूजा करनी चाहिए और मिलने पर वह दक्षिणा को समर्पित कर देनी चाहिए ।

हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाने की परंपरा है, इस दिन घर बड़े, बुजूर्ग और जिनसे भी आपने जीवन में कुछ न कुछ सीखा है उनके प्रति भी सम्मान अर्पित करना चाहिए ।

**महाभारत के रचयिता व्यास जी का जन्म दिवसः** गुरु पूर्णिमा के दिन ही महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास जी का जन्म दिवस भी मनाया जाता है, व्यास जी को ही सभी 18 पुराणों का रचयिता माना गया है, इतना ही नहीं व्यास जी को ही वेदों का विभाजन करने का श्रेय प्राप्त है, कहीं कहीं गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

**वर्षा ऋतु पढ़ने के लिए श्रेष्ठः** विद्वानों के अनुसार अध्यापन कार्य के लिए वर्षा ऋतु को सबसे उपयुक्त माना गया है, इसी कारण गुरु पूर्णिमा को वर्षा ऋतु में मनाया जाता है, माना जाता है वर्षा ऋतु के दौरान अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी होती है इसलिए पढ़ने के लिए यह समय सबसे अच्छा माना गया है, पुरातन काल में गुरुकुल में इस ऋतु में विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य पर विशेष बल दिया जाता था, इस ऋतु में गुरु के चरणों में बैठकर ज्ञान प्राप्त करने पर बल दिया जाता है, यह समय ज्ञान, शांति, भक्ति और योग शक्ति को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण माना गया है । ज्योतिष, कुंडली ,वास्तुशास्त्र, वैदिक अनुष्ठान , किसी भी तरह का कर्म काण्ड व श्रीमद्भागवत यज्ञ,महामृत्युंजय के लिए संपर्क कर सकते है ।

# पास होने के बाद भी नहीं बनी गोडारी-गम्हरिया सड़क विधायक बोले- सरकार से राशि नहीं मिल रही

**काराकाट (रोहतास)**। काराकाट नगर पंचायत क्षेत्र में गोडारी पीडब्ल्यूडी रोड से गम्हरिया भाया नाद तक जाने वाली सड़क का निर्माण स्वीकृत होने के बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। यह सड़क काराकाट थाना, प्रखंड मुख्यालय, अंचल कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों को जोड़ती है। प्रतिदिन सैकड़ों फरियादी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक इसी मार्ग से आवागमन करते हैं, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। मई महीने के शुरुआत में इस सड़क के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था। स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं होने से सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में ही इस सड़क निर्माण की योजना विधानसभा से स्वीकृत हो चुकी है। उनके अनुसार सरकार की ओर से अभी तक निर्माण कार्य के लिए राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिसके कारण काम शुरू नहीं हो सका। विधायक के इस बयान के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब योजना स्वीकृत हो चुकी है तो आखिर सड़क निर्माण में देरी क्यों हो रही है।

बिहार सरकार

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद

(निविदा आमंत्रण)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 में औरंगाबाद जिला के सभी थानों/प्रतिष्ठानों में प्रतिनियुक्त वाहनों में जी0पी0एस0 अधिष्ठापन, माईग्रेशन एवं रिचार्ज कराने के लिए निविदा आमंत्रण की जानी है। जो कोई भी निबंधित संवेदक/फर्म/कम्पनियॉ/प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा उच्च गुणवता वाली जी0पी0एस0 का सेवा उपलब्ध कराना चाहते है, वे अपना निविदा बंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद कार्यालय के परिवहन शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद में कार्यालय अवधि में दिनांक–25.07.2026 तक जमा कर सकते है।

आवश्यकता आधारित विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| GPS | | | |
|---|---|---|---|
| New Device Installation | Software Migration | Sim Data Renewal (Recharge) | Warranty Time |
| | | | |

किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–25.07.2026
निविदा खोलने की तिथि–28.07.2026

पुलिस अधीक्षक
औरंगाबाद

PR- 007255 (Police) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**भागलपुर।** जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के छोटी मस्जिद गायन टोला स्थित एक निजी मकान में मजदूरी का काम कर रहे मजदूर मिंटू पंडित की करंट लगने से बुधवार को मौत हो गई। मृतक भीखनपुर गुमटी नंबर 2 टैंक लेन निवासी लंगोटी पंडित का पुत्र था। परिजन ने बताया कि मिंटू ठेकेदार के अंदर बिल्डिंग में छड़ लगाने का काम करता था। रोज की तरह आज भी वह लोदीपुर छोटी मस्जिद गायन टोला में किसी निर्माणाधीन निजी मकान में छड़ लगाने का काम करने गया था। जहां छड़ काटने के दौरान कटर मशीन से करंट लगने के बाद वह मूर्छित हो गया। कुछ देर के तक कोई भी उसके मदद के लिए आगे नहीं आया। उधर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन मिंटू को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। घटना के बाद से मृतक के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डबल मर्डर का 72 घंटे में खुलासा, मुख्य आरोपी अरेस्ट

**बांका।** बांका में हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 72 घंटे के भीतर खुलासा कर लिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सोमनाथ सिंह उर्फ सोम कुमार सिंह को बेगूसराय से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि हत्या पुरानी रंजिश में किया गया था। पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि 5 जुलाई को धर्मराय गांव निवासी गुंजन कुमार सिंह (34) और सिंधु कुमार (33) बाइक से बलिया-पड़तल्ला मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**घटना पर पहुंचे थे एसपी और एसडीपीओ:** घटना की सूचना मिलते ही एसपी अमितेश कुमार और एसडीपीओ अमर विश्वास सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम की मदद से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए। मृतक सिंधु कुमार की बहन के बयान पर अमरपुर थाना में कांड संख्या 393/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अमर विश्वास के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी ने तकनीकी, मानवीय और पारंपरिक अनुसंधान के आधार पर लगातार छापेमारी कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

**पूछताछ में आरोपी ने स्वीकारी रंजिश:** पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी सोमनाथ सिंह ने पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ 2022 में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट तथा 2024 में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं।

**एसपी बोले-मामले की जांच की जा रही:** एसपी अमितेश कुमार ने बताया कि इस दोहरे हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है और शेष आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों को त्वरित खुलासे का श्रेय दिया। छापेमारी दल में बांका पुलिस अंचल निरीक्षक रमाशंकर सिंह, अमरपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सहित पुलिस बल एवं टेक्निकल टीम शामिल थे।

### स्टॉक से सामान गायब, प्राचार्य कक्ष का लैपटॉप भी नहीं मिला

**भागलपुर।** सबौर कॉलेज में स्टॉक के सामान गायब हैं। प्राचार्य कक्ष का लैपटॉप भी लापता है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. संजय कुमार झा ने स्टॉक रजिस्टर की जांच की। तब ये मामले सामने आए। कॉलेज के कुछ फर्नीचर और अन्य सामग्री भी स्टॉक से गायब पाई गई है। प्राचार्य ने कार्यालय से गायब सामान का ब्योरा मांगा है। फिलहाल पहले मौखिक रूप से जानकारी जुटाई जा रही है। इससे पता चल सकेगा कि सामान कॉलेज परिसर में कहीं रखा है या नहीं। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि स्टॉक रजिस्टर के अनुसार सामान नहीं मिलने की जानकारी मिली है। कार्यालय से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। कॉलेज में इंटर्नशिप के नाम पर छात्रों से 500 रुपये वसूले जाने का मामला भी सामने आया है। जानकारी मिलने पर प्राचार्य ने संबंधित पदाधिकारी और इंटर्नशिप कराने वाली एजेंसी के प्रतिनिधियों को तलब किया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन छात्रों की इंटर्नशिप बाकी है, उन्हें पूरी तरह मुफ्त इंटर्नशिप कराई जाए। एजेंसी को छात्रों से वसूली गई राशि वापस करने का भी निर्देश दिया गया है।

### 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

**भागलपुर।** भागलपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में बिहार युवा कांग्रेस की बैठक हुई, जिसमें पटना में 15 जुलाई को होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। बिहार युवा कांग्रेस के प्रभारी मो. शाहिद ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में छात्र-युवाओं को जोड़ने का आग्रह किया। कहा यह छात्र-युवाओं की आवाज को मजबूती देने का अभियान है। अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत बनर्जी ने की। कहा छात्र और युवाओं के हित में शिक्षा, रोजगार और परीक्षा प्रणाली से जुड़ी चिंताओं को उठाने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भागलपुर जिला युवा कांग्रेस कमिटी के वरीय नेता मुजफ्फर अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अमित आनंद आदि रहे।

### टीएमबीयू की तीसरी लिस्ट में 2966 छात्रों का चयन

**भागलपुर।** टीएमबीयू ने स्नातक सत्र 2026-30 के पहले सेमेस्टर में नामांकन के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। इस सूची में 2966 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। चयनित छात्र-छात्राएं 8 से 12 जुलाई तक संबंधित कॉलेजों में नामांकन करा सकेंगे। विवि ने कॉलेजों को निर्धारित अवधि में नामांकन पूरा कराने का निर्देश दिया है। अभ्यर्थियों को आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ संबंधित कॉलेज में पहुंचकर नामांकन कराना होगा। समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी डॉ. एएन सहाय ने बताया कि मेरिट लिस्ट अपलोड की जा रही है।

### जेएलएनएमसीएच मैदान पर भिड़ेंगे डॉक्टर, 16 टीमों के बीच होगा मैच

**भागलपुर।** शहर के डॉक्टर इस बार अस्पताल की जिम्मेदारियों के साथ क्रिकेट के मैदान पर भी अपना दमखम दिखाएंगे। आगामी 11 और 12 जुलाई को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मैदान में डॉक्टर्स प्रीमियम लीग का आयोजन होगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले और आसपास के क्षेत्रों के चिकित्सकों की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पदाधिकारी और एसएसपी संयुक्त रूप से करेंगे। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। समापन समारोह में आईजी और मेयर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वे खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।

### अब पूर्व से कार्यरत गेस्ट फैकल्टी सामान्य अभ्यर्थियों की श्रेणी में रहेंगे

**भागलपुर।** राज्य के विश्वविद्यालयों में नियमित असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया में अब पूर्व से कार्यरत गेस्ट फैकल्टी को भी सामान्य अभ्यर्थियों की श्रेणी में रखा जाएगा। नई नियुक्ति नियमावली में उनके शिक्षण अनुभव के लिए किसी प्रकार के वेटेज का प्रावधान नहीं किया गया है। इस निर्णय का राज्यभर के गेस्ट फैकल्टी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि पहले वे लोक भवन में अपना पक्ष रखेंगे और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। टीएमबीयू गेस्ट फैकल्टी संघ के अध्यक्ष डॉ. आनंद आजाद ने बताया कि पूर्व की नियुक्ति प्रक्रियाओं में गेस्ट फैकल्टी के शिक्षण अनुभव को वेटेज मिलता था, लेकिन वर्ष 2026 की नई नियमावली में यह प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। ऐसे में वर्षों से पढ़ा रहे गेस्ट फैकल्टी और नए अभ्यर्थी समान स्थिति में माने जाएंगे।

# जख्मी दो युवक को भाजपा विधायक ने पहुंचाया हॉस्पिटल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के पीरपैंती के भाजपा विधायक मुरारी पासवान ने सड़क दुर्घटना में घायल दो युवकों को बारिश के बीच हॉस्पिटल पहुंचाया। बुधवार को मिर्जाचौकी क्षेत्र से लौटने के दौरान कटुआ पहाड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उन्हें बसंतपुर गांव के दो युवक सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। दुर्घटना में एक युवक के सिर में गंभीर चोट लगी थी और वह बेहोश था, जबकि दूसरा भी घायल था। विधायक ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना देने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं होने पर उन्होंनेएसएसपी को घटना की जानकारी दी। इसी बीच तेज बारिश शुरू हो गई और एंबुलेंस के पहुंचने में देरी होता देख उन्होंने समय गंवाना उचित नहीं समझा। अपने सहयोगियों की मदद से दोनों घायलों को निजी गाड़ी में बैठाकर पीरपैंती ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों से मिलकर उनका तत्काल इलाज शुरू कराया। विधायक ने अस्पताल में दोनों युवकों का हालचाल भी जाना और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। फिलहाल, दोनों घायलों का इलाज जारी है। विधायक मुरारी पासवान ने कहा कि वे एक भाजपा कार्यकर्ता के अंतिम दर्शन कर लौट रहे थे, तभी कटुआ पहाड़ के पास सड़क दुर्घटना में घायल दो युवक दिखाई दिए। एक युवक बेहोश था और उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी।

**विधायक बोले- जनसेवा मेरा सबसे बड़ा दायित्व:** पहले पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया गया, लेकिन समय पर सहायता नहीं मिलने और लगातार हो रही बारिश को देखते हुए उन्होंने स्वयं घायलों को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। विधायक ने कहा, "जनसेवा मेरा सबसे बड़ा दायित्व है। ऐसी स्थिति में किसी घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ी मानव सेवा है।" उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहिया गाड़ी चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ सकती है। विधायक ने आगे बताया कि दरोगा को फोन करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। बाद में एसएसपी प्रमोद कुमार यादव को फोन करने पर उन्होंने फोन उठाया।

## मालवाहक गाड़ियों के संचालन और अवैध मिट्टी कटाई का ग्रामीणों ने किया विरोध



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के सबौर प्रखंड अंतर्गत रजंदीपुर पंचायत के बाबूपुर गांव के ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर बाबूपुर गंगा घाट से जहाज के माध्यम से मालवाहक गाड़ियों के संचालन पर रोक लगाने और गंगा किनारे हो रही कथित अवैध मिट्टी कटाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बाबूपुर घनी आबादी वाला इलाका है और घाट तक जाने वाली सड़क काफी संकरी है। ऐसे में भारी मालवाहक वाहनों के आने-जाने से सड़क अक्सर जाम हो जाती है। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही सड़क स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं के लिए भी एकमात्र रास्ता है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि गांव गंगा कटाव से प्रभावित है और आबादी से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर गंगा नदी रह गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गंगा किनारे से मिट्टी की अवैध कटाई कर उसे दूसरे स्थानों पर बेचा जा रहा है। जिससे कटाव का खतरा और बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बाबूपुर घाट से मालवाहक वाहनों का संचालन तत्काल बंद कराया जाए तथा अवैध मिट्टी कटाई में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। अब इस मामले में प्रशासन क्या कदम उठाता है इस पर ग्रामीणों की नजर बनी हुई है।

## मिला करोड़ों साल पुराने वृक्ष जीवाश्मों की होगी वैज्ञानिक जांच, लखनऊ भेजा गया नमूना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड क्षेत्र से मिले दो अति प्राचीन वृक्ष जीवाश्मों (ट्री फॉसिल) की अब वैज्ञानिक जांच कराई जाएगी। इन जीवाश्मों की वास्तविक उम्र, प्रजाति और भूवैज्ञानिक महत्व का पता लगाने के लिए जिला प्रशासन ने लखनऊ स्थित प्रतिष्ठित संस्थान बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइंसेज से संपर्क किया है। प्रशासन के निर्देश पर दोनों जीवाश्मों को सुरक्षित रूप से भागलपुर संग्रहालय में संरक्षित कर दिया गया है। वैज्ञानिक परीक्षण के लिए इन्हें लखनऊ भेजा गया है। जहां विशेषज्ञ इनके संरक्षण, उम्र, प्रजाति और उस समय की पर्यावरणीय परिस्थितियों का विस्तृत अध्ययन करेंगे। बताया जा रहा है कि इन जीवाश्मों के अध्ययन से भागलपुर और आसपास के क्षेत्र के प्राचीन प्राकृतिक इतिहास, वनस्पतियों और भूवैज्ञानिक संरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। गौरतलब है कि इन जीवाश्मों की पहचान सबसे पहले सैंडिस कंपाउंड में मॉर्निंग वॉक के दौरान हुई थी। तस्वीरें विशेषज्ञों को भेजने के बाद इसे संभावित वृक्ष जीवाश्म माना गया। जिसके बाद जिला प्रशासन



ने वैज्ञानिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। फिलहाल सभी की नजर वैज्ञानिकों की रिपोर्ट पर टिकी है जो यह बताएगी कि भागलपुर में मिले ये जीवाश्म आखिर कितने प्राचीन हैं और इनका ऐतिहासिक और वैज्ञानिक महत्व कितना बड़ा है। हालांकि इसको लेकर जिला कला एवं सांख्यिकी पदाधिकारी अंकित रंजन ने बताया कि यह जीवाश्म किसी पेड़ का है और यह लगभग देखने से ऐसा प्रतीक हो रहा है कि लाखों वर्ष पुराना पेड़ है।

## सघन टिकट जांच अभियान संचालित, पकड़े गए 618 मामले, 6,83,950 का जुर्माना राशि प्राप्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यात्रियों में वैध टिकट के साथ यात्रा करने की आदत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मंडल के विभिन्न रेलखंडों में नियमित रूप से सघन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा वास्तविक यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में बुधवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मालदा कार्तिक सिंह के नेतृत्व में शिवनारायणपुर – भागलपुर – जमालपुर – किऊल रेल खंड में संचालित विक्रमशिला एक्सप्रेस सहित विभिन्न ट्रेनों में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। साथ ही भागलपुर, जमालपुर तथा इस रेलखंड के अन्य मध्यवर्ती स्टेशनों पर भी व्यापक टिकट जांच की गई। अभियान में वाणिज्य निरीक्षकों, टिकट जांच कर्मचारियों तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों एवं जवानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। ट्रेनों एवं स्टेशनों पर व्यापक टिकट जांच कर बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया गया तथा रेलवे के नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया गया। इस सघन जांच अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के कुल 618 मामले पकड़े गए तथा 6,83,950 रुपया का जुर्माना राशि प्राप्त हुई।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–11–2026–27, दिनांक 03.07.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. : ईएलडी–300–डब्ल्यूसी–11–2026–27, कार्य का नाम :** सियालदह साउथ में "सिग्नलिंग इंस्टॉलेशन के लिए ट्रैक्शन पावर का प्रावधान" के संबंध में 25 केवी पीएसआई कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,39,63,646.34, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि :** रु.2,79,300/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि :** दिनांक 30.07.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
SDAH-123/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## श्रावणी मेला को लेकर प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित


सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर।** आगामी श्रावणी मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर बुधवार को भागलपुर एवं मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में प्रमंडल स्तरीय उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, भागलपुर प्रक्षेत्र, भागलपुर एवं मुंगेर प्रमंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक तथा विभिन्न विभागों के प्रमंडलीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विभागवार श्रावणी मेला की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रत्येक विभाग द्वारा उपलब्ध संसाधनों, की गई तैयारियों, शेष कार्यों एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गृह विभाग की समीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, महिला पुलिस बल की उपलब्धता, होमगार्ड एवं स्वयंसेवकों की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, नियंत्रण कक्ष, खोया-पाया केंद्र तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। नगर विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा में सफाई व्यवस्था, सफाईकर्मियों की प्रतिनियुक्ति तथा सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई। पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत कांवरिया पथ एवं संपर्क मार्गों की मरम्मत, गड्ढामुक्त सड़क, संकेतक बोर्ड, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षित आवागमन की तैयारियों की समीक्षा की गई। इसी क्रम में ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, जल संसाधन विभाग, पर्यटन विभाग सहित अन्य विभागों के व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान भारतीय रेल के अधिकारियों द्वारा भी श्रावणी मेला-2026 के लिए रेल सेवाओं की तैयारियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रावणी मेला प्रारंभ होने से पूर्व सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा नियमित रूप से तैयारियों की समीक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की कमी को तत्काल दूर करें। पुलिस महानिरीक्षक ने निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा संवेदनशील स्थलों की निगरानी में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि श्रावणी मेला-2026 का आयोजन सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु-अनुकूल वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## मादक पदार्थ तस्कर की गिरफ्तारी के दौरान हंगामा, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



अररिया। जोगबनी से सटे सीमा पार नेपाल के भेडियारी क्षेत्र में मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर के पकड़े जाने और पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए दूसरे युवक की बगल के पोखर में कूद जाने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नेपाल पुलिस के प्रति बुधवार को जमकर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों के मांग के बावजूद गोताखोर के समय पर नहीं पहुंचने पर सीमा पार के ग्रामीण भड़क उठे और प्रदर्शन करने लगे।बाद में गोताखोर का दल मौके पर पहुंचा और डूबे युवक की तलाश में जुट गया। नाराज लोगों ने पुलिस पर लापरवाही और देरी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बचाव दल पहुंच जाता तो एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकती थी। लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि पुलिस की लापरवाही के कारण एक व्यक्ति की मौत हो सकती है। हालांकि, गोताखोर द्वारा डूबे युवक की तलाश का सिलसिला जारी था। मामले पर नेपाल के भेड़ियारी कैंप पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा लापता व्यक्ति की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: ईएनजीजी–पीडब्ल्यूडीस्टाफ–25–26एलएलएच–आर1, दिनांक 06.07.2026,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा–711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** लॉकर, बेंच, चेंजिंग एरिया सहित कर्मचारियों के लिए बुनियादी सुविधाएं और ग्राउंड एवं मेजेनाइन फ्लोर पर पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए निर्धारित की गई हैं। **निविदा मूल्यः** रु.3,72,57,504.53, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य, **बयाना राशिः** रु. 7,45,200/– **समापन अवधिः** 270 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 30.07.2026 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट **https:// www.ireps. gov.in** पर शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव को ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MISC-99/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 140_2026-27 और 141_2026-27, दिनांक 06.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.1, एनआईटी सं.:** 140_2026-27, **कार्य का विवरण :** एसएसई/पी.वे/हुगली के अधीन अप, डाउन और आरईवी/मेन लाइन सेक्शन पर पी.वे रखरखाव कार्य का प्रस्ताव (किमी 21/0–38/00 के बीच)। **अनुमानित मूल्य :** रु. 94,05,387.86, **बयाना राशि:** रु. 1,88,100/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **क्रम सं.2, एनआईटी सं.:** 141_2026-27, **कार्य का विवरण :** एसएसई/पी.वे/हुगली के अधीन एईएन/लिलुआ के कार्यक्षेत्र में अप, डाउन टीएके शाखा लाइन सेक्शन पर पी.वे रखरखाव कार्य का प्रस्ताव (किमी 00/00–18/700 के बीच)। **अनुमानित मूल्य :** रु. 88,72,797.75, **बयाना राशि:** रु. 1,77,500/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 27.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-199/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## स्टेशन पर बच्चे का लॉकेट झपटने वाला पकड़ाया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में एक बच्चे के गले से सोने का लॉकेट झपटकर भाग रहे एक बदमाश को यात्रियों ने पकड़ लिया। यात्रियों ने पीछा कर उसे दबोच लिया और बाद में कोतवाली थाना पुलिस को सौंप दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक काफी देर से स्टेशन परिसर में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था। उसने मौका पाकर एक बच्चे के गले से सोने का लॉकेट झपटा और भागने का प्रयास किया। हालांकि, आसपास मौजूद यात्रियों ने शोर मचाया और उसका पीछा कर कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस से स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांगः स्थानीय लोगों के अनुसार, भागलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में मोबाइल चोरी, चेन और लॉकेट झपटमारी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे यात्रियों में असुरक्षा का माहौल है। लोगों ने रेलवे प्रशासन और पुलिस से स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, नियमित गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने की मांग की है। कोतवाली थाना पुलिस ने जानकारी दी कि यात्रियों की ओर से पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**तिरुपति–रक्सौल–तिरुपति एक्सप्रेस का जनकपुर रोड स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, 17433/17434 **तिरुपति – रक्सौल – तिरुपति एक्सप्रेस** निम्नलिखित समयसूची के अनुसार **जनकपुर रोड (जेएनआर)** स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर रुकेगी:

| ट्रेन नं. एवं नाम | जनकपुर रोड में समयसूची | | जबसे ठहराव प्रभावी |
|---|---|---|---|
| | आ. | प्र. | |
| 17433 तिरुपति – रक्सौल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 13.07.2026) | 14.13 | 14.15 | 15.07.2026 |
| 17434 रक्सौल–तिरुपति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.07.2026) | 05.10 | 05.12 | 09.07.2026 |

**टिप्पणी:** इन ट्रेनों की समयसूची सभी अन्य स्टेशनों पर अपरिवर्तित रहेगी।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**

## संक्षिप्त समाचार

### पूनम के कमरे से मिला सुसाइड नोट, जांच शुरू

**आरा**। हरि जी हाता में स्थित अल्पावास गृह में पूनम ( काल्पनिक नाम ) के कमरे से मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस घटना की जांच कर रही है। नवादा थाना के थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के हरि जी हाता में स्थित अल्पावास गृह में पूनम ने फांसी लगाकर रविवार को आत्म हत्या कर ली थी। इस मामले में उसके कमरे से एक सुसाइड नोट्स पुलिस को मिला है। सुसाइड नोट्स में मृतिका पूनम ने दीपू नाम के एक युवक को धोखा देने की बात लिखी है। जिससे लगता है कि युवती प्रेम प्रसंग में आत्म हत्या करी है। हाला की पूनम के पिता ने एफआईआर दर्ज कराया है।

### उपभोक्ता आयोग का आदेशः एसबीआई ने 3.96 लाख ब्याज सहित लौटाए, 20 हजार क्षतिपूर्ति भी

**बक्सर**। साइबर ठगी के एक चर्चित मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बक्सर ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा और उसके क्षेत्रीय कार्यालय को बड़ा झटका दिया है। आयोग ने बैंक की सेवा में कमी मानते हुए एलआईसी के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं चीनी मिल मोहल्ला निवासी दिनेश्वर ओझा को 3 लाख 96 हजार 500 रुपये 5 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज के साथ लौटाने का आदेश दिया है। इसके अलावा मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक क्षति तथा वाद खर्च के लिए 20 हजार रुपये अलग से देने का निर्देश दिया है।आयोग के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह एवं सदस्य राजीव सिंह की पीठ ने पारित आदेश में कहा कि बैंक शिकायत मिलने के बाद भी लाभार्थी खाते को तत्काल होल्ड कराने और राशि वापस कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं कर सका। आयोग ने माना कि बैंक ने आरबीआई के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन नहीं किया। दिनेश्वर ओझा ने आयोग में दायर परिवाद में बताया था कि 19 अगस्त 2021 को उन्हें आरबीआई के लोगो वाले एक अज्ञात कॉल के जरिए खुद को नेशनल कंज्यूमर बोर्ड का प्रतिनिधि बताकर रिफंड का झांसा दिया गया। इसी दौरान मोबाइल हैकिंग के माध्यम से उनके एसबीआई खाते से महज तीन मिनट के भीतर चार ट्रांजेक्शन में कुल 3 लाख 96 हजार 500 रुपये निकाल लिए गए। उनका कहना था कि उन्होंने किसी को ओटीपी, यूजर आईडी या पासवर्ड साझा नहीं किया था। परिवादी के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने एसबीआई के डिप्टी मैनेजर को सूचना देकर खाते को सुरक्षित करने और लाभार्थी खाते को होल्ड करने का अनुरोध किया था। हालांकि बैंक ने योनो बैंकिंग सेवा तो बंद कर दी, लेकिन लाभार्थी खाते को होल्ड कराने की कार्रवाई समय पर नहीं की। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि बैंक यह साबित नहीं कर सका कि ग्राहक की ही लापरवाही से यह निकासी हुई। साथ ही बैंक ने न तो लाभार्थी खाते पर प्रभावी कार्रवाई की और न ही जांच एजेंसियों को अपेक्षित सहयोग दिया। आयोग ने टिप्पणी की कि बैंक ग्राहक की जिम्मेदारी साबित करने में विफल रहा, जबकि आरबीआई के 6 जुलाई 2017 के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसका दायित्व बैंक पर ही था। आयोग ने (एसबीआई) की मुख्य शाखा, बक्सर और मुख्य महाप्रबंधक, पटना को संयुक्त रूप से आदेश दिया है कि वे 60 दिनों के भीतर 3 लाख 96 हजार 500 रुपये 29 जनवरी 2024 से 5 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित अदा करें। साथ ही 20 हजार रुपये क्षतिपूर्ति और वाद खर्च के रूप में भी भुगतान करें।

### डीआईजी ने जनशिकायतों के त्वरित निष्पादन करने का दिया निर्देश

**बक्सर**। शाहाबाद क्षेत्र, डेहरी ऑन सोन के पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) ने बक्सर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों की समीक्षा, साफ-सफाई और अनुशासन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने अधिकारियों एवं कर्मियों को जनशिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण करने तथा आमजन के प्रति संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह कार्यशैली अपनाने पर जोर दिया। डीआईजी सत्यप्रकाश ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य आम लोगों को बेहतर और समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना है। इसके लिए कार्यालयीय कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हुए जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

### हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार पर निकली जलभरी यात्रा

**आरा**। रामगढ़िया नाजीरगंज के प्राचीन हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य कलश सह जलभरी यात्रा निकाली गई। बाजे, ढोल-नगाड़ों, शंखनाद तथा जय श्रीराम और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के साथ युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पावन जलभरी यात्रा गांगी घाट से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरंभ हुई। श्रद्धालुओं ने गंगा जल से कलश भरकर विभिन्न मार्गों से होते हुए नाजीरगंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर तक यात्रा निकाली। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान श्रीराम और बजरंगबली के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। मंदिर पहुंचने पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं वैदिक अनुष्ठान के साथ जलाभिषेक किया गया। आचार्यों ने मंदिर जीर्णोद्धार की सफलता, क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। अखंड कीर्तन से गूंज उठा मंदिर परिसर जलभरी यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ। भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर शाम तक कीर्तन में शामिल होकर पूजा-अर्चना करते रहे। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में संजीत जी, हरेराम बजरंगी, शुभम जी, संतोष जी, महावीर जी, हरिलाल जी, नीरज जी, पिंटू जी सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। बड़ी संख्या में मोहल्लेवासियों और सनातन धर्म प्रेमियों की भागीदारी से कार्यक्रम भव्य और सफल रहा। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह की गई सेवा व्यवस्था यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर जलपान, शीतल पेय एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने सेवा-भाव से यात्रियों का स्वागत किया। भीषण गर्मी के बीच की गई इन व्यवस्थाओं की श्रद्धालुओं ने सराहना की। यात्रा को व्यवस्थित रखने के लिए स्वयंसेवकों ने भी पूरे मार्ग में सक्रिय भूमिका निभाई। नगर निगम की ओर से यात्रा मार्ग की विशेष सफाई, पेयजल, स्वच्छता, कचरा निष्पादन तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं का समुचित प्रबंध किया गया। अधिकारियों एवं कर्मियों ने आयोजन के दौरान लगातार सक्रिय रहकर सहयोग दिया, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। आयोजन समिति एवं स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम के सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

### नप के सहयोग शिविर में प्राप्त हुए बारह आवेदन

**बक्सर**। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार, आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए नगर परिषद बक्सर की ओर से मंगलवार को खलासी मोहल्ला में "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। यह शिविर शहर के गाड़ीखाना, सोहनी पट्टी स्थित वृद्धाश्रम परिसर में लगाया गया, जहां स्थानीय निवासियों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन सौंपे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में अब नगर निकाय क्षेत्रों में भी हर महीने के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में आज आयोजित इस विशेष शिविर में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में मौजूद नगर प्रबंधक ने सभी प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रभागों को इनका जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। सहयोग शिविर में सिटी मैनेजर राजमणि गुप्ता, नवीन कुमार पाण्डेय, मनोज केशरी, कुमार अविनाश, प्रियव्रत, संतोष राय सहित कई कार्यालय कर्मी और स्थानीय वार्ड के आम नागरिक उपस्थित रहे।

# 2 ट्रेलरों की जोरदार टक्कर में ट्रेलर चालक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ **बक्सर फोरलेन पर हादसा, केबिन में बुरी तरह फंसा शव, 4 घंटे बाद निकाला गया**

**बक्सर**। बक्सर में राष्ट्रीय राजमार्ग-922 (पटना-बक्सर फोरलेन) पर बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें एक ट्रेलर चालक की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि चालक का शव केबिन में बुरी तरह फंस गया, जिसे निकालने में करीब चार घंटे लगे। यह दुर्घटना औद्योगिक थाना क्षेत्र के चुरामनपुर के पास सुबह लगभग तीन से चार बजे के बीच हुई। दो ट्रेलरों की जोरदार टक्कर में एक ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक केबिन में ही दब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आशंका जताई है कि चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ।

**फोरलेन की एक लेन हुई जामः** हादसे के बाद फोरलेन की एक लेन पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे ट्रकों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही औद्योगिक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। यातायात पुलिस ने दूसरे लेन से वाहनों का आवागमन जारी रखा ताकि यातायात पूरी तरह प्रभावित न हो। चालक का शव केबिन में इस तरह फंसा था कि उसे निकालना बेहद मुश्किल था। अग्निशमन विभाग, फायर ब्रिगेड और फोरलेन कंपनी की एंबुलेंस भी राहत कार्य में जुट गई। पहले दो क्रेन और बुलडोजर की मदद से दोनों ट्रेलरों को अलग किया गया। इसके बाद हाइड्रा मशीन से ट्रेलर के केबिन को खींचकर और तोड़कर उसमें फंसे चालक के शव को बाहर निकाला गया। इस पूरी कार्रवाई में लगभग चार घंटे का समय लगा।

**उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का रहेने वाला था ड्राइवरः** औद्योगिक थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि मृत चालक की पहचान भरत यादव (47) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के डोमाडीह पोस्ट, उमरऋषि गांव निवासी खरपतु यादव के बेटे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे की भयावहता को देखकर मौके पर मौजूद लोग भी स्तब्ध रह गए। कई घंटों की मशक्कत के बाद जब केबिन को तोड़कर चालक का शव बाहर निकाला गया, तब जाकर राहत अभियान पूरा हो सका और फोरलेन पर यातायात धीरे-धीरे सामान्य हुआ।

## मांझी की मौजूदगी में संगठन विस्तार पर चर्चा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। पटना के विद्यापति भवन में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की राज्य परिषद की बैठक हुई, जिसमें बक्सर जिले के जिलाध्यक्ष ऋषि कुमार राय ने कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में पार्टी के संगठनात्मक विस्तार, आगामी रणनीतियों और जमीनी स्तर पर कार्यों को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष ऋषि कुमार राय ने उन्हें शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में बक्सर जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिसमें प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष अखिल कुमार, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, नवानगर प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार पासवान, विनोद पाल, उपेंद्र चौधरी, प्रियंका कुमारी, शिला देवी, राज कुमार पासवान, शौकत अंसारी, रोजा अंसारी, विष्णु देव, इंजीनियर सुरेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र राम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक हत्याकांड में 2 आरोपियों ने किया सरेंडर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर**। बक्सर नगर थाना क्षेत्र में हुए युवक हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना में शामिल दो मुख्य आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अब पुलिस दोनों को रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ की तैयारी कर रही है।

**हिरासत में ली गई 2 युवतियों से पूछताछः** पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर दो युवकों की पहचान की गई थी। इनकी पहचान शिवपुरी निवासी संजीत कुमार श्रीवास्तव और बुधनपुरवा निवासी अनुज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस की कार्रवाई तेज होने के बाद दोनों आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इस मामले में पुलिस ने हिरासत में ली गई दो युवतियों से भी गहन पूछताछ की है। पुलिस का मानना है कि इस पूछताछ से घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

**थानाध्यक्ष बोले- मामले की जांच जारीः** नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। घटना के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है और सभी उपलब्ध साक्ष्यों का विश्लेषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करना चाहती है, जिसके लिए न्यायालय में आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि रिमांड मिलने के बाद आरोपियों से घटना की पूरी साजिश, हत्या के कारण, वारदात में इस्तेमाल किए गए साधन और अन्य संभावित सहयोगियों के बारे में पूछताछ की जाएगी। इसका उद्देश्य यह पता लगाना भी है कि इस हत्याकांड में और कौन-कौन लोग शामिल थे।

**वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रहीः** नगर पुलिस ने यह भी बताया कि जांच निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से की जा रही है। मामले से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है ताकि घटना में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून के दायरे से बाहर न रह सके। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान होने वाली पूछताछ से इस हत्याकांड के कई अहम राज सामने आएंगे और मामले का जल्द खुलासा हो सकेगा।

## सादगी की मिसाल थे पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. ऋषिकेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**ब्रह्मपुर**। बिहार सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित स्व ऋषिकेश तिवारी की 8 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक रामेश्वर चौबे ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उनके पुत्र एवं प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य धीरेन्द्र तिवारी ने किया।सभा को संबोधित करते हुए धीरेंद्र तिवारी उर्फ छोटे तिवारी ने कहा कि पंडित ऋषिकेश तिवारी का जीवन संघर्ष, ईमानदारी, सादगी और जनसेवा का अद्भुत उदाहरण था। उन्होंने गांव के सरपंच के रूप में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और अपनी योग्यता, साफ-सुथरी छवि तथा जनता के प्रति समर्पण के बल पर बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री के पद तक पहुंचे। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया।उनका जीवन राजनीति के क्षेत्र में बेदाग रहा। उन्होंने कहा कि उनके परिवार का स्वतंत्रता संग्राम में दिया गया योगदान आज भी स्मरणीय है। वर्ष 1942 के "करो या मरो" आंदोलन के दौरान अंग्रेजी हुकूमत ने उनके परिवार की राष्ट्रभक्ति से घबराकर उनके पैतृक घर को डायनामाइट से उड़ा दिया था। इसके बावजूद परिवार स्वतंत्रता संग्राम में डटा रहा और देश की आजादी के लिए अपना योगदान देता रहा। पंडित ऋषिकेश तिवारी अपनी सादगी के लिए भी पूरे प्रदेश में अलग पहचान रखते थे। कैबिनेट मंत्री रहने के बावजूद वे अक्सर साइकिल से ही लोगों के बीच पहुंचते थे, जबकि उनके घर में कई वाहन उपलब्ध थे। उनका मानना था कि जनप्रतिनिधि का वास्तविक दायित्व जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। 7 जुलाई 2018 को उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

# बाबू जगजीवन राम की 40वीं पुण्यतिथि पर चंदवा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की 40वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को उनके पैतृक गांव चंदवा में श्रद्धांजलि सभा एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुआ। मुख्य अतिथि बाबूजी के नाती व राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अंशुल अभिजीत ने उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल धनुपरा, संभावना आवासीय विद्यालय और उर्स लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल, कारीसाथ के विद्यार्थियों के साथ विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं ने सर्वधर्म प्रार्थना की। इस अवसर पर आरएल. भगत, दिनारा विधायक आलोक कुमार सिंह, भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक राम, ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुशांत कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अंशुल अभिजीत एवं मंच संचालन सीता रवि ने किया। भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मंगलवार को शहीद भवन में पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि मनाई गई। जिलाध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी की अध्यक्षता में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अंशुल अविजित मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अंशुल अविजित ने कहा कि बाबू जगजीवन राम दलितों के मसीहा, सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक और देश के सबसे लंबे समय तक मंत्री रहने वाले नेताओं में शामिल थे। उन्होंने कृषि मंत्री के रूप में हरित क्रांति को गति दी तथा रक्षा मंत्री रहते हुए 1971 के भारत-पाक युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी ने कहा कि बाबूजी ने अपना जीवन गरीबों, किसानों और दलितों के उत्थान के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी वीरेंद्र मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन चितरंजन मुन्ना ने किया।

## कार ने 3 जगह वाहनों को मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बिहार-उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित वीर कुंवर सिंह सेतु और राष्ट्रीय राजमार्ग-922 पर मंगलवार की देर रात एक अनियंत्रित लग्जरी कार ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार ने अलग-अलग तीन स्थानों पर बाइक सवारों सहित कई वाहनों को क्षतिग्रस्त किया और मौके से फरार हो गई। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, BR 1BK 4449 नंबर की एक लग्जरी कार उत्तर प्रदेश की ओर से तेज गति से आ रही थी। सबसे पहले कार ने उत्तर प्रदेश के भरौली इलाके में एक बाइक को टक्कर मारी। हादसे के बाद चालक कार रोकने के बजाय और तेज गति से बिहार की ओर भाग निकला।

**वाहनों को क्षतिग्रस्त करते चालक फरारः** बिहार सीमा में प्रवेश करते ही उत्पाद विभाग चेकपोस्ट के समीप कार फिर अनियंत्रित हो गई और वहां भी कई वाहनों को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक बक्सर गोलंबर की ओर बढ़ा, जहां उसने BR 44R 7513 नंबर की बाइक को टक्कर मारी। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इसके बावजूद कार नहीं रुकी और सड़क किनारे खड़े अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त करते हुए चालक अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। लगातार तीन स्थानों पर हुई इन दुर्घटनाओं से रात करीब 11 बजे हाईवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गंगा ब्रिज पुलिस पोस्ट, नगर थाना बक्सर और डायल-112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

## रोहित राज को एनआईएमसीईटी परीक्षा में मिली सफलता, जिले का बढ़ाया मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। चरित्रवन स्थित स्मृति कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के लिए आज गर्व और हर्ष का अवसर रहा। महाविद्यालय के बीसीए उत्तीर्ण छात्र रोहित राज ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित एनआईएमसीईटी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय, अपने अभिभावकों तथा पूरे बक्सर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच उत्साह का माहौल रहा। स्मृति कॉलेज के निदेशक एवं शिक्षाविद् डॉ रमेश कुमार ने रोहित राज को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ रमेश कुमार ने कहा कि स्मृति कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की मेहनत ही इन सफलताओं का आधार है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य छात्र-छात्राओं को भी मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी गई। स्मृति कॉलेज परिवार ने रोहित राज की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

## शिव जन्मदास एवं आत्म स्वरूप प्लस टू स्कूल में पौधारोपण और प्रभात फेरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। श्री शिव जन्मदास एवं आत्म स्वरूप प्लस टू उच्च विद्यालय, बलुआ में ''जल-जीवन-हरियाली'' उत्सव के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्रभात फेरी और संगोष्ठी से जगाई अलख कार्यक्रम की शुरुआत सुबह स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई भव्य प्रभात फेरी से हुई। हाथों में तख्तियां और पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाते हुए बच्चों ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में ''जल-जीवन-हरियाली'' विषय पर एक संगोष्ठी (गोष्ठी) का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने घटते जलस्तर और बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। संगोष्ठी के समापन के बाद विद्यालय में संचालित यूथ क्लब एवं इको क्लब के सदस्यों ने प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सघन पौधारोपण अभियान चलाया। इस दौरान परिसर में कई छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। अध्यापक विनय कुमार सिंह ने छात्रों के सहयोग से पौधारोपण स्थल की साफ-सफाई कराई और बच्चों को पौधों की देखरेख करने तथा उनके फायदों के बारे में विस्तार से समझाया। शिक्षक श्री अमर प्रताप ने कहाः "पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाना है। मौके पर शिक्षक अन्नपूर्णा सिंहा, प्रीति प्रिया, मीरा कुमारी, हिना फिरदौस और मंजूर आलम, हेमकांत झा सहित कई मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भगवानगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2000 लीटर जावा महुआ नष्ट कर अवैध शराब कारोबारियों पर कसा शिकंजा

**मसौढ़ी**। अवैध शराब के निर्माण और तस्करी पर रोक लगाने के लिए भगवानगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 2000 लीटर जावा महुआ बरामद किया, जिसे विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई भगवानगंज थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर संभावित शराब निर्माण स्थलों पर छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए।

तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में जावा महुआ बरामद हुआ, जिसका उपयोग अवैध शराब बनाने में किया जाता है। पुलिस ने पूरे जावा महुआ को मौके पर ही विनष्ट कर दिया, ताकि इसका दोबारा उपयोग न हो सके। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, तस्करी और बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध शराब के निर्माण, भंडारण या बिक्री की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

### महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार के खिलाफ कार्रवाई, शराब माफिया और वारंट मामलों में की लापरवाही

**हाजीपुर**। तिरहुत रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) ने महुआ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) संजीव कुमार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की है। उन पर विभागीय कार्यों में लगातार लापरवाही, लंबित मामलों के निष्पादन में शिथिलता और निरीक्षण कार्यों में उदासीनता के आरोप हैं। डीआईजी ने अनुशासनिक कार्रवाई के लिए बिहार पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजा है। तिरहुत रेंज के सभी एसडीपीओ के कार्यों की नियमित समीक्षा की जा रही थी। इसी क्रम में महुआ एसडीपीओ के क्षेत्राधिकार में लंबित शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट के मामलों, अनुसंधान और पर्यवेक्षण की समीक्षा की गई। जांच में पाया गया कि पूर्व समीक्षा बैठकों में दिए गए कई महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन नहीं किया गया। गंभीर अनियमितताएं मिलने के बाद एसडीपीओ संजीव कुमार से 13 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया था। पुलिस अधीक्षक, वैशाली के माध्यम से उनका जवाब प्राप्त किया गया, जिसके बाद एसपी ने अपने मंतव्य के साथ विस्तृत प्रतिवेदन डीआईजी कार्यालय को भेजा। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसडीपीओ ने केवल तीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जुलाई 2025 से जनवरी 2026 तक उन्होंने एक भी विभागीय जांच का निष्पादन नहीं किया। सामूहिक विभागीय जांच संचालन की बैठकों में भी उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। समीक्षा में यह भी सामने आया कि पदभार ग्रहण करते समय उनके क्षेत्र में 2249 मामले अनुसंधान के लिए लंबित थे। सात महीने बाद भी लंबित मामलों की संख्या 2146 बनी रही, जो अपेक्षित प्रगति नहीं दर्शाती। इस अवधि में केवल 17 अतिरिक्त विशेष प्रतिवेदित मामलों का ही निष्पादन कराया गया। उनके जिम्मे दिए गए पांच अनुसंधान मामलों में से किसी में भी केस डायरी प्रस्तुत नहीं की गई और न ही जांच में कोई उल्लेखनीय प्रगति हुई।

### मुजफ्फरपुर में 1000 पुड़िया स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, खरीद-बिक्री की सूचना पर छापेमारी

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में मंगलवार को 1000 पुड़िया स्मैक के साथ युवक की गिरफ्तारी हुई। आरोपी के पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। पुलिस अब पूछताछ कर स्मैक की सप्लाई चेन और उससे जुड़े अन्य तस्करों का पता लगाने में जुट गई है। कार्रवाई मिठनपुरा थाना की पुलिस ने की है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 जुलाई की रात मिठनपुरा थाना पुलिस को सूचना मिली कि कालीबाड़ी रोड स्थित मैदान के पास बड़ी मात्रा में स्मैक की खरीद-बिक्री होने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1000 पुड़िया अवैध स्मैक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल कुमार, निवासी मिठनपुरा थाना क्षेत्र, के रूप में हुई है। इस गिरोह का कथित मास्टरमाइंड 64 वर्षीय शिवशंकर शर्मा मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार राहुल का पिता ओमप्रकाश शर्मा भी इस धंधे में शामिल है और उसकी भी तलाश जारी है। सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी मात्रा में स्मैक उसे कहां से मिली और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। पूछताछ के आधार पर संभावित सप्लायरों और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में मिठनपुरा थाना कांड संख्या 194/26 दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बरामद मोबाइल की भी जांच की जा रही है, ताकि तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सके। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच कराई जा रही है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### नेपाल में बारिश से तिरहुत की नदियों का जलस्तर बढ़ा

**मुजफ्फरपुर**। नेपाल में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण बिहार के तिरहुत प्रमंडल में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। इसका असर ये हुआ है कि कई चचरी और पीपा पुल प्रभावित हुए हैं, जबकि निचले इलाकों में रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों पर पलायन करने लगे हैं। नेपाल के तराई क्षेत्रों में जारी बारिश से तिरहुत प्रमंडल में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी किनारे बसे गांवों में लोगों की चिंता बढ़ गई है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क है। तिरहुत आयुक्त गिरवर दयाल सिंह ने प्रमंडल के सभी छह जिलों के जिलाधिकारियों को तटबंधों की निगरानी बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने और राहत-बचाव की तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त गिरवर दयाल सिंह ने बताया कि भले ही बिहार में सामान्य से कम बारिश हुई हो, लेकिन नेपाल में लगातार बारिशके कारण अचानक फ्लैश फ्लड की स्थिति बन सकती है। इसलिए प्रशासन हर गतिविधि पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। प्रशासन का दावा है कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### जाले बीडीओ की दरोगा गर्लफ्रेंड को पुलिस ने पकड़ा, संदिग्ध हालत में हुई थी पत्नी की मौत

**मुजफ्फरपुर**। दरभंगा के जाले के BDO (प्रखंड विकास पदाधिकारी) मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की संदिग्ध मौत मामले में नया मोड़ आया है। बीडीओ मनोज कुमार की गर्लफ्रेंड अन्नू कुमारी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। अन्नू को पुलिस ने सीतमढ़ी से पकड़ा है। वो बेगूसराय जिले के एक थाने में सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। फिलहाल उसे मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना में रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस चर्चित मामले में उसकी क्या भूमिका रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला दरोगा मूल रूप से सीतामढ़ी के सुरसंड की रहने वाली है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बीडीओ मनोज कुमार से लगातार पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए पुलिस ने BDO की प्रेमिका को हिरासत में लिया। फिलहाल उससे पूछताछ कर यह जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या अमृता की प्रताड़ना और मौत के मामले में उसकी किसी प्रकार की भूमिका थी। मिठनपुरा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि महिला से पूछताछ जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। जांच के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार बीडीओ के कब्जे से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

# दरधा पुल चेन लूटकांड का खुलासा मास्टरमाइंड समेत तीन गिरफ्तार

## लूटी गई चेन गलाकर बेचने वाला सुनार भी दबोचा गया, 16 फर्जी नंबर प्लेट, 10 मोबाइल और सोना बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। धनरुआ थाना पुलिस ने 24 जून को पटना-गया एसएच-01 के दरधा पुल के पास हुई चेन लूट और फायरिंग की सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी, उसके सहयोगी और चोरी का सोना खरीदने वाले सुनार को दबोचते हुए बड़ी मात्रा में सामान बरामद किया है। नगर पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 24 जून को दरधा पुल के समीप एक सब्जी व्यवसायी से सोने की चेन लूट ली गई थी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद धनरुआ थाना में कांड संख्या-413/26 दर्ज कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की गई।

जांच के क्रम में 7 जुलाई को पुलिस ने मुख्य आरोपी रोजेश कुमार उर्फ राहुल सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने न केवल इस वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, बल्कि मार्च महीने में इसी स्थान पर हुई एक अन्य चेन लूट की घटना में भी शामिल होने की बात कबूल की। पुलिस ने आगे की कार्रवाई में घटना में प्रयुक्त होंडा शाइन बाइक, हथियार और फर्जी नंबर प्लेट उपलब्ध कराने वाले मुन्ना उर्फ मुकुट यादव को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं लूटी गई सोने की चेन को गलाकर खरीदने और बेचने के आरोप में सूरज कुमार नामक सुनार को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि गिरोह के एक अन्य सदस्य की पहचान हो चुकी है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल (BR31AJ4532), 16 फर्जी नंबर प्लेट, 10 मोबाइल फोन, दो स्टीलबर्ड हेलमेट, दो डिजिटल तराजू, एक जोड़ी जूते, प्लास्टिक का झोला, हनुमान जी का लॉकेट तथा लूटी गई चेन को गलाकर तैयार किया गया 6.64 ग्राम सोना और छोटे आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपितों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में पहले से केस दर्ज हैं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और जल्द ही पूरे गिरोह को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# घर से निकले 40 से ज्यादा कोबरा मिट्टी की दीवार में बना था डेरा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ सपेरे ने सुरक्षित रेस्क्यू किया, देखने जुटी ग्रामीणों की भीड़

**पटना**। पटना के पुनपुन प्रखंड के समकुड़ा गांव में मंगलवार को एक कच्चे मकान से 40 से अधिक सांप निकलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सपेरे ने मिट्टी की दीवारों के भीतर छिपे छोटे-बड़े सांपों और उनके बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। यह घटना समकुड़ा गांव निवासी शंभू प्रसाद के घर की है। परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बच्चा रहते हैं। इस अनोखे रेस्क्यू को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोगों की भीड़ जुट गई।

**घर में एक के बाद एक दिखे सांप**: शंभू प्रसाद के बेटे बंटी कुमार ने बताया, 'तीन दिन पहले रात में सोते समय उनकी नजर घर के भीतर एक सांप पर पड़ी। इसके कुछ ही देर बाद घर के अलग-अलग हिस्सों में तीन और सांप दिखाई दिए, जिससे परिवार दहशत में आ गया।'

**लगातार दिखने लगे सांप, तब बुलाया सपेरा**: शुरुआत में ग्रामीणों की मदद से कुछ सांपों को मार दिया गया, लेकिन बार-बार सांप निकलने से आशंका हुई कि घर के भीतर ही उनका बसेरा है। इसके बाद एक सपेरे को बुलाया गया। सपेरे ने पूरे मकान की बारीकी से तलाशी ली। जांच के दौरान मिट्टी की दीवारों के भीतर से एक-एक कर छोटे-बड़े सांप और उनके बच्चे निकलने लगे। देखते ही देखते 40 से अधिक सांपों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्लास्टिक के डिब्बे में रखा गया।

**रेस्क्यू देखने उमड़ी भीड़**: एक ही घर से इतनी बड़ी संख्या में सांप निकलने की खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और रेस्क्यू अभियान देखने लगे। घटना के बाद ग्रामीणों ने अपने कच्चे और खपरैल मकानों की साफ-सफाई शुरू कर दी है।

# बिहटा में शराब डिलीवरी से पहले तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



❑ यूपी से लाकर 3000 प्रति बोतल बेचता था, 2018 में भी धंधे में गया था जेल


**पटना**। पटना जिले की बिहटा पुलिस ने मंगलवार शाम एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लगभग डेढ़ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी बिहटा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान आईआईटी अम्हारा थानाक्षेत्र के राजपुर गांव निवासी लाल बाबू सिंह के पुत्र सोनू सिंह के रूप में हुई है। सोनू सिंह पहले भी शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि बिहटा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के पास शराब की डिलीवरी होने वाली है। इस सूचना पर पुलिस ने क्षेत्र की नाकेबंदी कर जांच शुरू की। इसी दौरान टिकट काउंटर के पास रेलवे स्टेशन से बाहर निकल रहे एक युवक को संदिग्ध पाया गया। युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर बैग से यूपी निर्मित ब्रांडेड व्हिस्की की दो बोतलें मिलीं। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह यूपी से शराब को बैग में भरकर बिहटा लाता था और प्रति बोतल 3000 में महंगी शराब बेचा करता था। इसके अलावा ग्राहकों की डिमांड पर भी कई महंगे शराब को 5000 से 10000 तक रुपए में भी बेचा करता था।

# मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग, स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

♦ हड्डी रोग विशेषज्ञ, अल्ट्रासाउंड, ऑपरेशन सुविधा और 24 घंटे इमरजेंसी सेवा शुरू कराने की उठी मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की मांग को लेकर बुधवार को जनता दल (यू) के मसौढ़ी नगर अध्यक्ष अश्वनी कुमार गोल्डी ने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार तथा मसौढ़ी विधायक एवं सत्ता पक्ष के सचेतक अरुण मांझी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में व्याप्त समस्याओं और मरीजों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए मांग-पत्र सौंपा।

ज्ञापन में अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की शीघ्र नियुक्ति, प्लास्टर एवं हड्डी उपचार की समुचित व्यवस्था, नियमित अल्ट्रासाउंड सेवा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती तथा पदस्थापित सर्जनों द्वारा छोटे-बड़े ऑपरेशन नियमित रूप से कराए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा अस्पताल में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, उपलब्ध जांच सुविधाओं का पूर्ण उपयोग करने तथा मरीजों को अनावश्यक रूप से निजी जांच केंद्रों में भेजने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की भी मांग की गई।

मांग-पत्र में 24 घंटे प्रभावी आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर मरीजों को समय पर उपचार सुनिश्चित करने, अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, नियमित रखरखाव तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

अश्वनी कुमार गोल्डी ने कहा कि मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल पर हजारों गरीब और ग्रामीण परिवार इलाज के लिए निर्भर हैं, लेकिन आवश्यक सुविधाओं के अभाव में मरीजों को अक्सर दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। इससे उन्हें आर्थिक बोझ के साथ-साथ मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनहित को देखते हुए अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था में शीघ्र सुधार की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार और विधायक अरुण मांझी ने ज्ञापन पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

# विधायक आवासीय परिसर की सुविधाओं और नए आवास निर्माण पर विधानसभा अध्यक्ष ने की उच्चस्तरीय समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर वीरचंद पटेल पथ स्थित नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर में व्याप्त समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त आवास की व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री को नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर में रह रहे माननीय सदस्यों को हो रही विभिन्न समस्याओं और आवश्यक सुविधाओं की कमी से अवगत कराया। उन्होंने परिसर में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इसके अलावा गर्दनीबाग स्थित विधानसभा आवासीय परिसर के ब्लॉक ए, बी, सी एवं डी में विधानसभा सचिवालय के पदाधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त आवास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सचिवालय के बढ़ते कार्यबल को देखते हुए नए आवासीय परिसर के निर्माण की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि विधायक आवासीय परिसर में मौजूद सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जल्द बहाल की जाएंगी ताकि जनप्रतिनिधियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मंत्री ने गर्दनीबाग स्थित आवासीय परिसर के ब्लॉक ए, बी, सी एवं डी में अतिरिक्त आवास उपलब्ध कराने पर अपनी सहमति जताई। साथ ही विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आर ब्लॉक के समीप नए बहुमंजिला आवासीय परिसर के निर्माण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति देने की बात कही। बैठक में भवन निर्माण विभाग के सचिव प्रणव कुमार सहित विभाग एवं बिहार विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों को जल्द अमल में लाने पर भी सहमति बनी।

# कोचिंग विवाद में खान सर की जमानत पर फैसला टला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के चर्चित कोचिंग विवाद मामले में आज सुबह 10:30 बजे फिर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद 10 जुलाई तक फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब 10 जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा। इससे पहले कल कोर्ट की ओर से सुनवाई के दौरान फैजल खान उर्फ खान सर की क्रिमिनल हिस्ट्री की मांग की गई थी।

इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से कहा गया है कि पुलिस की ओर से केस फाइल फाइनल कर दिया गया था। इसीलिए इस केस का जिक्र नहीं किया गया था। रौशन आनंद पक्ष की ओर से सत्या झा ने खान की जमानत का विरोध किया था। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि फैजल खान की ओर से क्रिमिनल हिस्ट्री छिपाई गई है। इसके बाद कोर्ट ने कल सुनवाई के बाद क्रिमिनल इंसीडेंस सबमिट करने के लिए कहा था।

बता दें कि पटना पुलिस की जांच में फैजल खान (खान सर) के दोनों बॉडीगार्ड्स के हथियारों के वेरिफिकेशन के दौरान अहम जानकारियां सामने आई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस हथियार से गोली चलवाई गई थी, वह तालेबर सिंह (34), निवासी कासगंज (उत्तर प्रदेश) का है, लेकिन उसके नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का परमिट पूरे भारत के लिए मान्य नहीं पाया गया। आरोप है कि उतर प्रदेश से बिहार में हथियार लेकर आने, हथियार लेकर सुरक्षा ड्यूटी करने के लिए तालेबर सिंह के पास वैध अनुमति नहीं थी।

# धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक में रेल विकास और यात्री सुविधाओं पर मंथन

## सांसदों ने आधारभूत संरचना, नई रेल सेवाओं और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर दिए सुझाव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**हाजीपुर**। धनबाद मंडल की मंडल संसदीय समिति की बैठक बुधवार को धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सांसदों और उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया तथा रेल विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता सांसद विष्णु दयाल राम ने की। बैठक में सांसद ढुलू महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी और कालीचरण सिंह उपस्थित रहे। वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई सांसदों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

बैठक के दौरान जनहित से जुड़े विषयों, रेल सेवाओं के विस्तार, यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा लंबित आधारभूत संरचना परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही भविष्य की विकास योजनाओं और नई परियोजनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक से पूर्व पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सभी सांसदों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए धनबाद मंडल की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माल लदान और उससे होने वाली आय के मामले में धनबाद मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में भी भारतीय रेल के सभी मंडलों में पहला स्थान हासिल किया है।

उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए गुरपा, पाथरडीह और कतरासगढ़ स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया है। चार स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म का विस्तार और उच्चीकरण पूरा हो चुका है, जबकि कोडरमा, गोमो और कतरासगढ़ स्टेशनों पर नए स्टेशन भवन तैयार किए गए हैं। महाप्रबंधक ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धनबाद और चोपन से भोपाल, धनबाद से पोत्तनूर, लोकमान्य तिलक टर्मिनल तथा भुवनेश्वर के लिए नई ट्रेन सेवाएं शुरू की गई हैं। इसके अलावा दानापुर–राजगीर एक्सप्रेस का विस्तार कोडरमा तक किया गया है तथा कई ट्रेनों को मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव की सुविधा भी प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धनबाद मंडल के 15 स्टेशनों का आधुनिक स्वरूप में विकास कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं 'एक स्टेशन-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत 26 स्टेशनों पर स्टॉल और ट्रॉलियां स्थापित की गई हैं, जिससे स्थानीय हस्तशिल्पियों और उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो रहा है। बैठक के अंत में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदों द्वारा दिए गए सुझावों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सुझाव भविष्य की रेल विकास योजनाओं और यात्री सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# 25 जुलाई से शुरू होगी शिव शंकर मंडल की कांवड़ यात्रा; 40 कांवड़िये बाबा बैद्यनाथ का करेंगे जलाभिषेक

**एजेंसी। रांची**



देवाधिदेव महादेव का परम प्रिय श्रावण (सावन) मास इस वर्ष 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। सावन के पावन अवसर पर देशभर से लाखों शिवभक्त उत्तरवाहिनी गंगा, सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर लगभग 105 किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा पूरी करते हुए देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेंगे और द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक भगवान बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इसी क्रम में रांची का शिव शंकर मंडल भी इस वर्ष अपनी पारंपरिक कांवड़ यात्रा का आयोजन कर रहा है। मंडल के श्रद्धालु पिछले कई वर्षों से सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर पैदल देवघर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करते आ रहे हैं। इस वर्ष मंडल की यात्रा 25 जुलाई को रांची से प्रारंभ होगी और 30 जुलाई को जलाभिषेक के साथ संपन्न होगी। यात्रा के तहत लगभग 40 कांवड़िया रेल मार्ग से सुल्तानगंज पहुंचेंगे। वहां उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र गंगाजल भरने के बाद सभी श्रद्धालु लगभग 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेंगे। संपूर्ण यात्रा का नेतृत्व बसंत मूंदड़ा करेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयघोष, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुशासन के साथ आगे बढ़ेंगे। शिव शंकर मंडल के सदस्य मनोज पोद्दार ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वे पिछले लगभग 40 वर्षों से नियमित रूप से बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा के दरबार में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अटूट आस्था और विश्वास के साथ पहुंचता है तथा भगवान शिव अपने किसी भी भक्त को निराश नहीं करते। उनकी असीम कृपा से भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ के प्रति बढ़ती आस्था का ही परिणाम है कि हर वर्ष कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। मनोज पोद्दार ने बताया कि इस वर्ष की यात्रा में मनोज काबरा, दीपक अग्रवाल, अखिल पोद्दार, गौरव काबरा, शिखिल तनेजा, विकास काबरा, जयप्रकाश शर्मा, ऋषभ जैन, विकास लोहिया सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होंगे। मंडल ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान धार्मिक मर्यादाओं, अनुशासन और स्वच्छता का पालन करने तथा बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र समय माना जाता है। मान्यता है कि इस पूरे माह श्रद्धापूर्वक गंगाजल अर्पित कर जलाभिषेक करने से भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यही कारण है कि सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में हर वर्ष विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

# झारखंड में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, अब भी सामान्य से 34 प्रतिशत कम वर्षा

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में पिछले एक सप्ताह के दौरान मानसूनी गतिविधियों में तेजी आने से वर्षा की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि, इसके बावजूद राज्य में एक जून से आठ जुलाई तक सामान्य से 34 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले एक जून से दो जुलाई के बीच यह कमी 46 प्रतिशत थी। हाल के दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश होने से वर्षा का घाटा कम हुआ है और कृषि गतिविधियों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। राज्य में अब तक सबसे बेहतर स्थिति राजधानी रांची की रही है। यहां सामान्य 273.2 मिलीमीटर वर्षा के मुकाबले 259.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से केवल पांच प्रतिशत कम है। इसके विपरीत सबसे खराब स्थिति गोड्डा जिले की है, जहां सामान्य 239.8 मिलीमीटर के मुकाबले केवल 52.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गढ़वा में भी सामान्य 197.1 मिलीमीटर के मुकाबले महज 56.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 75 प्रतिशत कम है। इसके अलावा चतरा, कोडरमा, पाकुड़, लोहरदगा और देवघर जिलों में भी सामान्य से काफी कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने 12 जुलाई को राज्य के मध्यवर्ती और उत्तर-पश्चिमी जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 29 मिलीमीटर वर्षा लोहरदगा में दर्ज की गई। वहीं, इस अवधि में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 32.9 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान लातेहार में 21.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे, हालांकि दिनभर बारिश नहीं हुई। राजधानी में अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री, डाल्टनगंज का अधिकतम 32.5 डिग्री और न्यूनतम 26.3 डिग्री, बोकारो का अधिकतम 32.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री तथा चाईबासा का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम ने डीएवी गांधीनगर के छात्रों में फलदार पौधों का किया वितरण



**रांची।** पर्यावरण संरक्षण और हरित अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को कांके रोड स्थित सीसीएल डीएवी गांधीनगर स्कूल में रांची नगर निगम और प्रिज्मोलॉइन के संयुक्त तत्वावधान में 100 फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में रांची नगर निगम के उप नगर आयुक्त और सहायक नगर आयुक्त का विशेष सहयोग रहा। अतिथियों ने विद्यार्थियों को फलदार पौधे वितरित किए और उन्हें प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे अपने-अपने घरों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाएंगे, उनकी नियमित देखभाल करेंगे तथा रांची को स्वच्छ, हरित और सुंदर बनाने में अपना योगदान देंगे। पौधा वितरण के बाद स्कूल परिसर में पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या-1 के पार्षद नकुल तिर्की, सीसीएल डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य पी.के. झा, प्रिज्मोलॉइन के प्रबंध निदेशक ऋषभ सिंघानिया तथा निदेशक (एचआर एंड एडमिन) स्नेहा सिंघानिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रिज्मोलॉइन के जसमीत मेहता और पारस कुमार सिंह भी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक गोविंद झा, कौशल किशोर, गोविंद यादव, रंजीत गुप्ता, प्रदीप लकड़ा सहित अन्य शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### डीडी बार हत्याकांड के मुख्य आरोपित ने किया अदालत में आत्मसमर्पण



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित डीडी बार के चर्चित हत्याकांड और कातिलाना हमले के मुख्य आरोपित विश्वनाथ मंडल उर्फ बोदरा ने बुधवार को पुलिस को चकमा देते हुए जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी और उसकी गिरफ्तारी पर दो लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। इसके बावजूद वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया और सीधे अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। जानकारी के अनुसार, विश्वनाथ मंडल बुधवार दोपहर एक अधिवक्ता के साथ जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय पहुंचा और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है, ताकि घटना की साजिश, हमले के कारण और इसमें शामिल अन्य आरोपितों की भूमिका का पता लगाया जा सके। इस हमले में गंभीर रूप से घायल हिमांशु सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि प्रत्युष आनंद अब भी गंभीर अवस्था में उपचाराधीन है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित किया था और एसआईटी लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। मुख्य आरोपित के आत्मसमर्पण के बाद पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड पर पूछताछ के दौरान घटना से जुड़े कई अहम तथ्य सामने आएंगे। साथ ही हमले की पूरी साजिश, अन्य आरोपितों की संलिप्तता और घटना के पीछे की वजहों का भी खुलासा होने की संभावना है।

### पेंशन दिलाने का झांसा देकर रेलकर्मी के परिवार से 1.65 लाख की साइबर ठगी



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत सोकासाई गांव में साइबर ठगों ने दिवंगत रेलकर्मी के परिवार को पारिवारिक पेंशन शुरू कराने का झांसा देकर बड़ी ठगी को अंजाम दिया। महज 39 मिनट के भीतर ठगों ने बैंक खाते से 1 लाख 65 हजार 875 रुपये उड़ा लिए। हालांकि समय रहते बैंक पहुंचकर खाते को फ्रीज करा दिए जाने से खाते में मौजूद शेष राशि सुरक्षित बच गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की है, जिसके आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनसार दिवंगत रेलकर्मी स्वर्गीय तुलसी सांडिल की पत्नी का भी निधन हो चुका है। उनके बाद मिलने वाली पारिवारिक पेंशन उनकी पुत्री चुन्नी सांडिल के नाम स्वीकृत होनी थी। इसी का फायदा उठाते हुए 6 जुलाई की दोपहर करीब 1:30 बजे चुन्नी सांडिल के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने स्वयं को डीआरएम कार्यालय के पेंशन अनुभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि पारिवारिक पेंशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मोबाइल पर निकासी के संदेश मिलते ही सामू सांडिल तत्काल बैंक पहुंचे और खाते को फ्रीज करा दिया। इससे खाते में जमा चार लाख रुपये से अधिक की शेष राशि सुरक्षित बच गई। इसके बाद पूरे मामले की सूचना बुधवार को पुलिस को दी गई। पुलिस साइबर अपराधियों की पहचान और रकम की ट्रैकिंग में जुटी है।

# लिखित समझौते के बाद खुला मनोहरपुर–बड़बिल मार्ग, सेल ने रोजगार व विकास कार्यों पर दिया आश्वासन

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्थानीय युवाओं को रोजगार, स्थानीय नियोजन नीति लागू करने और क्षेत्र के विकास कार्यों की मांग को लेकर बुधवार को मनोहरपुर–बड़बिल/किरीबुरू मुख्य सड़क पर शुरू किया गया। आंदोलन प्रशासन की पहल और सेल प्रबंधन के साथ लिखित समझौते के बाद समाप्त हो गया। सुबह करीब आठ बजे संयुक्त ग्रामसभा परिषद के नेतृत्व में चिड़िया, बिनुवा, लोडो, टिमरा, सौदा और अंकुवा गांवों के ग्रामीण सड़क पर उतर आए, जिससे लगभग साढ़े पांच घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को देखते हुए मनोहरपुर के अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार, बीडीओ शक्तिकुंज तथा पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में सेल चिड़िया खदान के महाप्रबंधक रवि रंजन और उपमहाप्रबंधक रतन पतरी ने ग्रामीण प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। बातचीत के बाद सेल प्रबंधन ने चार प्रमुख मांगों पर लिखित सहमति दी। समझौते के तहत प्रभावित गांवों के बेरोजगार युवक-युवतियों को संबंधित गांवों के मुंडाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने, स्थानीय नियोजन एवं विकास कार्यों की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक आयोजित करने, सीएसआर मद से स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल सुविधाओं को मजबूत करने तथा बिरसा चौक से अंकुवा चौक तक लगभग पांच किलोमीटर जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का आश्वासन दिया गया। लिखित आश्वासन मिलने के बाद दोपहर 1:26 बजे ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर सड़क खाली कर दी, जिसके बाद मार्ग पर आवागमन सामान्य हो गया। हालांकि आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि तय समय में वादों को अमल में नहीं लाया गया तो भविष्य में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# करंट हादसे में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को जल्द मिलेगा मुआवजा

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित झींकपानी थाना क्षेत्र के असुरा-हाथी मंडा रोड के पास करंट लगने से जान गंवाने वाले 25 वर्षीय आकाश कुमार के परिजनों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। बुधवार को नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश और वार्ड पार्षद धर्मवीर पासवान ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता गौतम राणा को मृतक के परिवार से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए। मधु बाजार झोपड़ बस्ती निवासी आकाश कुमार की 12 अप्रैल 2026 को करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद परिवार पर आर्थिक और मानसिक संकट गहरा गया था। अब प्रशासनिक स्तर पर मुआवजा दिलाने की दिशा में कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश ने बताया कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द सरकारी सहायता मिल सके, इसके लिए आवश्यक दस्तावेज विभाग को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिलना बेहद जरूरी है और उम्मीद है कि विभाग सभी औपचारिकताएं पूरी कर शीघ्र सहायता राशि जारी करेगा। वार्ड पार्षद धर्मवीर पासवान ने कहा कि घटना के बाद से ही वे मृतक के परिजनों के संपर्क में हैं। परिवार इस समय कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है, इसलिए जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाया जाए।

# मोरहाबादी बाजार के दुकानदारों का नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन, वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

**एजेंसी। रांची**



रांची के मोरहाबादी बाजार के सैकड़ों दुकानदारों ने बुधवार को नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में निगम कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दुकानदारों ने सड़क पर सब्जियां सजाकर अपना विरोध दर्ज कराया और मोरहाबादी बाजार के लिए स्थायी एवं वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में शामिल दुकानदारों का कहना था कि वर्ष 2014 में फुटपाथ दुकानदारों के संरक्षण और पुनर्वास के लिए नियम बनाए गए थे, लेकिन एक दशक बीत जाने के बावजूद नगर निगम ने उनके लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की। उनका आरोप है कि समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल गरीब और फुटपाथ दुकानदारों को ही निशाना बनाया जाता है, जबकि उनके पुनर्वास की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। दुकानदारों ने कहा कि वे अपनी दुकानों को लगाने में प्रतिदिन पांच से छह हजार रुपये तक खर्च करते हैं। बार-बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से उनकी पूंजी और सामान दोनों का नुकसान होता है। इससे उनके सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। उनका कहना है कि मोरहाबादी बाजार से हजारों परिवारों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है और बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के बाजार को हटाना उनके साथ अन्याय है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम भवन जनता के टैक्स के पैसे से बना है, लेकिन फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि नगर निगम प्रशासन को अतिक्रमण हटाने से पहले वैकल्पिक बाजार स्थल उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि दुकानदारों की आजीविका प्रभावित न हो। दुकानदारों ने बताया कि मेयर ने पहले मोरहाबादी बाजार के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने प्रशासन से अपने वादे को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक मोरहाबादी बाजार के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन शांतिपूर्ण और कानूनसम्मत तरीके से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वे किसी प्रकार के टकराव के पक्षधर नहीं हैं, बल्कि सम्मानजनक पुनर्वास और रोजगार की सुरक्षा चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि रांची नगर निगम ने तीन जुलाई से मोरहाबादी बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया है। निगम का कहना है कि अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना है। इसी कार्रवाई के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में दुकानदार नगर निगम कार्यालय पहुंचकर धरना पर बैठ गए।


## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 06/2025–26 विक्रेता– मालो देवी पति– स्व0 रामधनी पाल जाति– गडेरी (अनुसूचित जाति) ग्राम– मंगराही, पो0– रमकण्डा, थाना– रमकण्डा, जिला– गढ़वा तथा क्रेता– प्रमिला देवी पति– शंकर पाल जाति– गडेरी (अनुसूचित जाति) ग्राम– मंगराही, पो0– रमकण्डा, थाना– रमकण्डा, जिला– गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा– मंगराही, के खाता सं0– 63प्लॉट सं0– 1706 रकबा– $0.57\frac{4}{10}$ए0, प्लॉट सं0– 1717 रकबा– $0.16\frac{2}{10}$ए0 एवं प्लॉट सं0– 1714 रकबा– 0.10 ए0 कुल रकबा– $0.83\frac{6}{10}$ ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका

PR 384430 Land Reforms(26-27)#D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION MEDININAGAR

**2nd Call Very Short Notice Inviting e-quatation.**
**Notice No. :- WRD Water Ways Division Medininagar**
**NIQ No.-01/2026-27 Dated-08.07.2026**

Government of Jharkhand Through its public Work Department (PWD) is engaged in framing/ revision of Schedule of Rates and as part of the endeavor, quatation through e-Tender are invited for hire Charges of Plant and Machinery annexed as Annexure-I for Construction Work from Reputed Manufacturers/owners/less for Respective Item. The hire Charges conforming to specification for inclusion in the schedule fo Rate for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website http://Jharkhand tenders.gov.in Details of Plants and Machineries and its specification are available on the above e-tender portal. The quotationer my download the documents from the website and quote their rate for hire charges for plants and Machineries online from 10.07.2026 at 13:00 hrs. to 13.07.2026 at 17:00 hrs. The quotation will be opened on 14.07.2026 at 16:00 hrs. The Quotation is invited to ascertain and assesss the rate of Materials at par With Lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Water Ways Division Medininagar

PR 384441 (Water Resource)26-27*D



## SHAHABAD DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD
शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
COMFED
ARA DAIRY, KATIRA ARA DISTT.:BHOJPUR-802 301 (BIHAR) E-Mail: aradairyara@gmail.com

NIT No:SDUSS:ENGG.:TENDER: 3505 Date:07.07.2026

Re-Tender
NOTICE INVITING re-TENDER (NIT)
(Through- e- tendering mode only on website - https://eproc2.bihar.gov.in)

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Bid Processing fees (in Rs.) To Beltron | Earnest Money (in Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Cassette Ac Installation and False Ceiling Work at RDP Dehri-On-Sone | 61,72,694.00 | 10,000.00 | As per eproc2 website | 1,23,454.00 | (03) Three month |

**Tender Programme:**

| S.No. | Tender Programme | |
|---|---|---|
| 1. | Name & Address of Advertiser | Managing Director Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Ltd. Katira, Ara, 802301 |
| 2. | Online sale/download of tender document | From 10.07.2026 to 30.07.2026 (17.00hrs.) https://eproc2.bihar.gov.in |
| 3. | Pre Bid Conference | 17.07.2026 at 11.00hrs at Shahabad Dugdh Uptadak Sahkari Sangh Limited, Ara, Dairy, Ara – 802301 |
| 4. | Last date/time from submission/ uploading of offer/bid | 30.07.2026 up to 17.00hrs. https://eproc2.bihar.gov.in |
| 5. | Submission of cost of tender document, EMD and affidavit in hard copy/original by registered post or courier. | 04.08.2026 up to 11.00hrs at Shahabad Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Ltd., Katira, Ara-802301 |
| 6. | Date & Time for opening of Technical Bid | 04.08.2026 at 11.30hrs. |
| 7. | Date, Time and place of opening of financial bid | Will be informed later to technically cleared bidder (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 8. | Bid Validity | 90 ( Ninty Days ) |

09. The tender documents can be obtained though website https://eproc2.bihar.gov.in

Managing Director, Shahabad DUSS Ltd



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/16/2026-27

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बानपुर वार्ड संख्या 02 अम्वाटीकर रोड जयत्री नदी पर पुलिया निर्माण। | 4578050 | 92000 | 5000 | 6 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 09.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.07.2026 से दिनांक 23.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –25.07.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 384340 (Rural Development)26-27*D

## संक्षिप्त समाचार

### सात साल के मासूम के पेट से निकाला 3.7 किलो का कैंसर ट्यूमर

**जोधपुर, एजेंसी।** एम्स जोधपुर के चिकित्सकों ने एक अत्यंत जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए सात वर्षीय बच्चे के शरीर से 3.7 किलोग्राम वजन का ट्यूमर निकालकर उसे नया जीवन दिया। बच्चा पिछले लगभग चार वर्षों से पेट के दाहिने हिस्से में लगातार बढ़ रही सूजन से परेशान था। एम्स में किए गए सीटी स्कैन में पता चला कि ट्यूमर का आकार लगभग 24 म 21 म 18 सेंटीमीटर हो चुका था। यह पूरी दाहिनी किडनी को नष्ट कर पेट के अधिकांश हिस्से में फैल चुका था। ट्यूमर के कारण लीवर, अग्न्याशय, आंतें और मूत्राशय अपनी सामान्य स्थिति से हट गए थे। सर्जरी के दौरान चिकित्सकों ने दाहिनी किडनी तथा पूरी मूत्रवाहिनी (यूरेटर) को ट्यूमर सहित निकाल दिया। इस उपलब्धि पर डॉ. राहुल सक्सेना ने कहा कि यह हमारे संस्थान में बच्चों पर की गई सबसे चुनौतीपूर्ण सर्जरी में से एक थी। ट्यूमर का आकार अत्यंत बड़ा था और उसने शरीर की सबसे महत्वपूर्ण रक्त वाहिका को प्रभावित कर दिया था। इसकाश्रेय पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों को जाता है।

### 10 जुलाई तक खुल जाएंगी बंगाल की सभी बंद जूट मिलें

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में बंद पड़ी सभी जूट मिलों को 10 जुलाई तक फिर से चालू करने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को कोलकाता के न्यू सेक्रेटेरियट बिल्डिंग में श्रम मंत्री अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में जूट मिल प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग दौर की वार्ता के बाद यह फैसला लिया गया। बैठक में श्रम राज्यमंत्री भास्कर भट्टाचार्य, विशेष श्रम आयुक्त आशीष सरकार तथा श्रम विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में हुगली, हावड़ा, उत्तर 24 परगना और पूर्व बर्द्धमान जिलों की इंडिया जूट, हेस्टिंग्स, गोंदोलपाड़ा, एम्पायर, लूमटेक्स, शक्तिगढ़ और हावड़ा जूट मिलों के प्रबंधन एवं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में तय किया गया कि संबंधित जूट मिल प्रबंधन 10 जुलाई तक सस्पेंशन आफ वर्क वापस लेने की अधिसूचना जारी करेगा। इसके बाद सबसे पहले अनुरक्षण का कार्य शुरू होगा और 16 जुलाई से चरणबद्ध तरीके से उत्पादन आरंभ किया जाएगा।

## हिमाचल सरकार 3.41 लाख युवाओं को लौटाएगी रद्द हुई भर्तियों का आवेदन शुल्क

**हमीरपुर, एजेंसी।** पूर्व हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग से वर्ष 2022 में विभिन्न विभागों के पदों के लिए आवेदन करने वाले लाखों अभ्यर्थियों को लंबे इंतजार के बाद राहत मिली है। राज्य सरकार ने रद हो चुकी 80 पोस्ट कोड की भर्तियों के लिए जमा करवाया गया आवेदन शुल्क वापस करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 3,41,742 अभ्यर्थियों को लगभग 4.27 करोड़ रुपये लौटाए जाएंगे। इस फैसले को राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी भी मिल चुकी है। वर्ष 2022 में तत्कालीन हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग, हमीरपुर ने 80 पोस्ट कोड के तहत विभिन्न सरकारी विभागों में 1,423 पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी किए थे। फार्मासिस्ट, फायरमैन, सब इंस्पेक्टर, तकनीकी शिक्षा सहित कई अन्य विभागों के पद शामिल थे। इन भर्तियों के लिए प्रदेशभर से 3.41 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया और निर्धारित आवेदन शुल्क भी जमा कराया। इसी दौरान भर्ती परीक्षा में अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर दिया गया। इसके बाद भर्ती व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए गए और आयोग के माध्यम से जारी सभी 80 पोस्ट कोड की भर्ती प्रक्रियाएं रद् कर दी गईं।

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर एलजी मनोज सिन्हा सख्त

## अधिकारियों को दिए ये खास निर्देश

**जम्मू, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा और सुविधाओं पर एलजी मनोज सिन्हा सख्त, अधिकारियों को दिए ये खास निर्देश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्री अमरनाथ जी यात्रा की समीक्षा के लिए एक हाई-लेवल मीटिंग की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ सेक्रेटरी अटल डुल्लू, पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अश्विनी कुमार, होम डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी चंद्रकेर भारती, प्रिंसिपल सेक्रेटरी और श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के सीईओ डॉ. मंदीप के भंडारी शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, अब तक 1.13 लाख से ज्यादा भक्तों ने पवित्र गुफा में दर्शन किए हैं। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने सीनियर अधिकारियों को यह पक्का करने का निर्देश दिया कि भक्तों का ठीक से रजिस्ट्रेशन हो और जमीन पर मौजूद अधिकारी उनकी अच्छी मदद करें। हमारा लक्ष्य इस तीर्थयात्रा को सभी के लिए सचमुच एक यादगार अनुभव बनाना है और उन्हें सबसे अच्छी सुविधाएं मिलें। बाबा बर्फानी के सेफ्टी, सिक्योरिटी और बिना किसी परेशानी के दर्शन हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री अमरनाथ जी यात्रा हमारे लिए बहुत गर्व की बात है और यह हमारे देश की उम्मीदों और आध्यात्मिक सोच से गहराई से जुड़ी हुई है। उपराज्यपाल ने



आगे कहा कि यह भारत की हमेशा रहने वाली सभ्यता की विरासत को दिखाती है और दुनिया को देश की अनोखी सॉफ्ट पावर दिखाती है। यह पवित्र यात्रा एक प्यारी परंपरा है और हमारी राष्ट्रीय पहचान का भी एक अहम हिस्सा है। श्री अमरनाथ जी यात्रा का आसान, सुरक्षित और सफल संचालन पक्का करना हमारा सामूहिक संकल्प है। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने सभी स्टेकहोल्डर्स से इस साल की यात्रा को सचमुच ऐतिहासिक बनाने और पूरे देश में आध्यात्मिक टूरिज्म के लिए एक बेंचमार्क सेट करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सामूहिक कोशिश एक ऐसा मॉडल बना सकती है जो देश भर में इसी तरह की तीर्थयात्राओं को प्रेरित करे। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने सभी भक्तों से अपील की कि वे भगवान शिव के घर की इस पवित्र यात्रा के आध्यात्मिक आनंद में डूब जाएं और लोकल मेहमाननवाज़ी और पारंपरिक कला और शिल्प की समृद्धि का अनुभव करें। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि लोकल प्रोडक्ट्स को सपोर्ट और प्रमोट करके हम यह पक्का कर सकते हैं कि तीर्थयात्रा न केवल एक गहरा आध्यात्मिक अनुभव बने, बल्कि लोकल इकोनॉमी, कल्चर और विरासत का एक सार्थक जश्न भी बने।

### पवई में गाड़ी के नीचे मिला 6 फीट लंबा मगरमच्छ

## मुंबई और आस-पास के इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट, यातायात ठप

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में भारी बारिश के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पानी भरने से जहां एक तरफ रेल यातायात ठप हो गया है, वहीं दूसरी तरफ जलभराव के कारण जंगली जानवर भी रिहायशी इलाकों का रुख कर रहे हैं। ऐसा ही घटना पवई के चांद शाह वली दरगाह के पास से सामने आई। जहां खड़ी गाड़ियों के नीचे एक 6 फीट लंबा मगरमच्छ देखा गया। माना जा रहा है कि भारी बारिश के कारण यह रास्ता भटक कर झील से बाहर आ गया था।

**रेलवे ट्रैक डूबे, वंदे भारत समेत कई ट्रेनें रद्द:** बता दें कि आर्थिक राजधानी में भारी बारिश का सबसे ज्यादा असर वेस्टर्न रेलवे पर पड़ा है। नवसारी-मारोली



सेक्शन में पटरियों पर पानी भर जाने के कारण रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बुधवार 8 जुलाई को चलने वाली कई प्रमुख ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं, जिनमें शामिल हैं- इसके अलावा कई ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे घर से निकलने से पहले हेल्पलाइन नंबर 139 या ऐप के जरिए अपनी ट्रेन का स्टेटस जरूर चेक कर लें।

### वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बचाया

सूचना मिलते ही वन विभाग और वन्यजीव संस्थाओं की टीम ने मिलकर सुरक्षित रूप से मगरमच्छ का रेस्क्यू किया। डॉक्टर द्वारा जांच किए जाने के बाद इसे वापस इसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा। इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पर्यावरणविदों का कहना है कि झीलों के आस-पास बढ़ते निर्माण कार्यों की वजह से मगरमच्छों के रहने की जगह कम हो रही है, जिससे वे इंसानी बस्तियों की तरफ आ रहे हैं।

## घरेलू उड़ानों के संचालन में चेन्नई का दबदबा, दिल्ली-मुंबई काफी पीछे; डीजीसीए की रिपोर्ट में खुलासा



**चेन्नई, एजेंसी।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मई 2026 का घरेलू उड़ान आंकड़ा जारी किया है। इसमें चेन्नई एयरपोर्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप स्थान हासिल किया है। चेन्नई में इंडिगो, एयर इंडिया ग्रुप, अकासा, एलायंस एयर और स्पाइसजेट की 92.2% घरेलू उड़ानें समय पर संचालित हुईं। इसके बाद कोलकाता (84.7%), हैदराबाद (84.4%), बेंगलुरु (82.3%) और कोच्चि (81.5%) का नंबर आता है। वहीं देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्टों में दिल्ली और मुंबई का प्रदर्शन सबसे खराब रहा।

दिल्ली में केवल 72.6% उड़ानें समय पर चलीं, जबकि मुंबई में यह आंकड़ा महज 70.5% रहा। अहमदाबाद और लखनऊ दोनों 76.7% के साथ छठे और सातवें स्थान पर रहे। गुवाहाटी 75.3% के साथ नौवें स्थान पर रहा।

एयरलाइंस के प्रदर्शन की बात करें तो इंडिगो ने 82.8% की पंचुअलिटी के साथ टॉप किया। अकासा 78.3% और एयर इंडिया ग्रुप 74.5% के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

# तमिलनाडु और हिताची एनर्जी के बीच समझौता, 1000 लोगों को मिलेगी प्रीमियम नौकरी

**चेन्नई, एजेंसी।** हिताची एनर्जी ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार के साथ 1,000 करोड़ रुपये की विस्तार परियोजना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया. इसका उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास और टेक इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है.

चेन्नई के पास पोरुर में हिताची एनर्जी टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और चेंगलपट्टू में हिताची एनर्जी इंडिया के विस्तार के लिए उद्योग, निवेश संवर्धन और वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित एक इवेंट के दौरान मुख्यमंत्री एस जोसेफ विजय की मौजूदगी में सचिवालय में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए.

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में कहा, '1000 करोड़ रुपये के निवेश में, 1000 लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली नौकरी के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, पोरूर में स्थित हिताची एनर्जी टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की विस्तार परियोजना, और चेंगलपट्टू में स्थित हिताची एनर्जी इंडिया कंपनी की उत्पादन विस्तार परियोजना, इन परियोजनाओं के लिए एक समझ समझौते पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए. '

समझौते के मुताबिक, हिताची ग्रुप अगले पांच वर्षों में दो बड़ी विस्तार परियोजनाओं के लिए 1,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा. इन दोनों विस्तार परियोजनाओं से 1,000 हाई-एंड टेक्निकल नौकरियां पैदा होंगी, जिससे



राज्य में इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी पेशेवरों के लिए उच्च-वेतन वाली नौकरी के मौके मिलेंगे.

इस मौके पर उद्योग मंत्री एस कीर्तना, मुख्य सचिव एम साईकुमार, उद्योग, निवेश प्रोत्साहन और वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एस विजयकुमार, वैद्य एंटरप्राइजेज के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ दीपक जैकब, हिताची इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर वेणु नुगारी, चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर कार्तिक कृष्णमूर्ति और सीनियर सरकारी अधिकारी मौजूद थे.

वहीं, एक अन्य बड़े फैसले में राज्य सरकार ने घोषणा की है कि तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) के कर्मचारियों की सैलरी में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी और श्वस्द्ध मेडिकल इंश्योरेंस दिया जाएगा. चेन्नई सचिवालय में मीडिया से बात करते हुए आबकारी मंत्री विग्नेश ने कहा, 'जब से तमिलनाडु में टीवीके सरकार आई है, मुख्यमंत्री के निर्देश के हिसाब से टीएएसएमएसीके प्रशासन में कई बदलाव किए गए हैं. हमने हर बोतल पर 10 रुपये ज्यादा चार्ज करने, रात 12 बजे से पहले और रात 10 बजे के बाद शराब की गैर-कानूनी बिक्री पर रोक लगा दी है. '

उन्होंने कहा कि जब सोशल मीडिया पर यह जानकारी प्रसारित होती है कि कुछ शराब की दुकानें ज्यादा चार्ज कर रही हैं, तो हम अगले दिन जांच करते हैं और गलती करने वालों को निलंबित करके कार्रवाई करते हैं. ऐसे में, टीएएसएमएसी के कर्मचारियों ने सही सैलरी बढ़ाने की मांग की. उन्होंने यह भी कहा कि अगर सैलरी बढ़ाई जाती है, तो ऐसी दिक्कतों में पड़ने की जरूरत कम हो जाएगी. कर्मचारियों ने शराब की क्रेट उतारने के लिए अलग से फीस, बिजली का बिल और दुकान का किराया देने जैसी कई मुश्किलों के बारे में भी बताया.

## एक एआई पोस्ट और सीधी गिरफ्तारी! ओडिशा में सोशल मीडिया यूजर पर पुलिस का बड़ा एक्शन

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भुवनेश्वर-कटक कमिश्नरेट पुलिस ने मंगलवार को ओडिशा के अंगुल जिले के 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। उस पर सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ एआई की मदद से कथित रूप से मॉर्फ्ड और आपत्तिजनक सामग्री बनाकर शेयर करने का आरोप है। गिरफ्तार युवक की पहचान मनोरंजन प्रधान के रूप में हुई है। वह अंगुल जिले के बगेड़िया थाना क्षेत्र के पटाकुमुंडा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे 4 जुलाई को भुवनेश्वर के साइबर क्राइम और आर्थिक अपराध थाने में दर्ज मामले के आधार पर गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के सूत्रों ने दावा किया है कि मनोरंजन प्रधान इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट चला रहा था। उसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया खातों पर कई वीडियो साझा किए, जिनमें मुख्यमंत्री और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों के खिलाफ अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया गया था। इतना ही नही आरोपियों ने मुख्यमंत्री की तस्वीरों को डिजिटल तरीके से आपत्तिजनक रूप में प्रस्तुत किया गया था। आपको बता दें कि पुलिस ने मीडिया को बताया कि यह मामला 4 जुलाई को सोशल मीडिया की नियमित निगरानी के दौरान सामने आया। पुलिस अधिकारियों ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट होते हुए पाई गयी।

## जंगल के बीच बस में गूंजी किलकारी: यात्रियों ने कराया सुरक्षित प्रसव, इलाज के लिए जुटाए नौ हजार रुपये

**कोरबा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा से पटना जा रही एक निजी बस में सोमवार देर रात यात्रियों की सूझबूझ



से एक महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। साथ ही इलाज के लिए महिला को नौ हजार भी दिए। करीब 35 यात्रियों को लेकर निकली बस अंबिकापुर पार कर बलरामपुर की ओर बढ़ रही थी। रात करीब साढ़े 11 बजे कोरबा निवासी सुनती देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। वह पति के साथ बिहार स्थित ससुराल जा रही थी। यह देख चालक ने बस को सड़क किनारे रोक दिया। यात्री सुनीता बाई व अन्य महिलाओं ने सीमित संसाधनों के बीच गर्भवती का सुरक्षित प्रसव कराया। करीब आधे घंटे की कोशिश के बाद नवजात के रोने की आवाज गूंजते ही बस में मौजूद यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई। पता चला कि दंपती के पास इलाज व अन्य जरूरी खर्च के लिए पैसे नहीं है। देखते ही देखते नौ हजार रुपये एकत्र हो गए। इसके बाद चालक बस को बलरामपुर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा।

## उत्तरकाशी के पखोटू बुग्याल में भीषण वज्रपात, 200 से ज्यादा भेड़-बकरियों की मौत

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** जिले के डोडीताल इलाके में भीषण वज्रपात हुआ है. उत्तरकाशी के दुर्गम डोडीताल क्षेत्र स्थित पखोटू बुग्याल में बीती सोमवार देर रात बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया. तेज बारिश और गरज-चमक के बीच गिरी बिजली की चपेट में आने से दो सौ से अधिक भेड़-बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई. सौ से अधिक पशु अभी भी लापता बताए जा रहे हैं. उत्तरकाशी के पखोटू में भीषण वज्रपात : इस घटना से अस्सी गंगा घाटी और मोरी क्षेत्र के करीब 15 पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है. सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन ने राजस्व विभाग की टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया है. अगोड़ा गांव के शिवराम सिंह ने बताया कि-

इन दिनों अस्सी गंगा घाटी और मोरी क्षेत्र के लगभग 15 पशुपालक अपने तीन सौ से अधिक भेड़-बकरियों के साथ पखोटू बुग्याल में मौसमी प्रवास पर थे. सोमवार देर रात क्षेत्र में अचानक मौसम बिगड़ गया. तेज बारिश के साथ लगातार गरज-चमक होने लगी. इसी दौरान बुग्याल में वज्रपात (बिजली गिरी) हुआ. बिजली सीधे भेड़-बकरियों के झुंड पर गिरने से दो सौ से अधिक पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई. बिजली गिरने से 200 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत: घटना के बाद बुग्याल में अफरा-तफरी मच गई. 200 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत हो गई. कई पशु जंगल अफरा-तफरी में इधर-उधर हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है.

## गुना से सनसनीखेज मामला: गर्भवती पत्नी को आठ लाख रुपये में बेचने का आरोप, पति ने एसपी दफ्तर में लगाई गुहार

**गुना, एजेंसी।** एक पति द्वारा अपनी पत्नी को आठ लाख रुपये में बेचने की शिकायत जनसुनवाई में एसपी से की है। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी को विदिशा जिले में बेचा गया है। मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी कार्यालय पहुंचे राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बंदरगड़ा निवासी जितेंद्र उर्फ जीतु बंजारा ने अपनी मां और अन्य स्वजनों के साथ पुलिस अधीक्षक शिकायत शाखा में शिकायती आवेदन दिया। इसमें बताया कि अटा-सटा प्रथा के तहत उसकी शादी घूंघरी पहाड़ी निवासी गंगाराम की बेटी बतूल बाई के साथ हुई थी। इस शादी के बदले जितेंद्र की बहन की शादी गंगाराम के लड़के के साथ तय हुई थी।



चूंकि जितेंद्र की बहन नाबालिक है, इसलिए उसकी विदाई नहीं की गई। इसी बात से नाराज होकर करीब तीन महीने पहले ससुर गंगाराम अपनी बेटी बतूल बाई को गेहूं काटने के बहाने मायके ले गया।

जब जितेंद्र एक महीने पहले अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया, तो ससुर, साले आदि ससुरालजन ने बेटी को भेजने से मना कर दिया और शर्त रखी कि पहले अपनी बहन को विदा करो। जितेंद्र ने आरोप लगाया कि उसका एक तीन वर्ष का बेटा भी है और उसकी पत्नी को पांच माह का गर्भ है। ससुरालजन ने उसकी पत्नी को विदिशा जिले में किसी अन्य व्यक्ति को आठ लाख रुपये में बेच दिया है।

मामले को लेकर समाज की पंचायत भी बुलाई थी। लेकिन उसकी पत्नी को वापस नहीं भेजा गया। युवक ने एसपी से गुहार लगाई है कि उसकी पत्नी को वापस लाया जाए और मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### परिजनों ने रातभर ढूंढा, सुबह मिला शव

## बेंगलुरु में मिला छात्रा का शव, दोस्त को भेजा आखिरी संदेश- अब जिंदगी बहुत हो चुकी है

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु से एक दर्दनाक खबर सामने आ रही है। जहां सैंकी टैंक झील में मंगलवार सुबह एक 20 साल की कॉलेज छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को शक है कि लड़की ने सोमवार शाम को झील में कूदकर खुदकुशी की है। कदम उठाने से ठीक पहले उसने अपने एक पुरुष मित्र (बॉयफ्रेंड) को मैसेज भेजकर जान देने की बात कही थी। बता दें कि मृतक छात्रा की पहचान तेजस्विनी उर्फ तेजू के रूप में हुई है। वह चिक्काबनावरा की रहने वाली थी और जालाहल्ली के एक प्राइवेट कॉलेज से बीकॉम सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी।

पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर करीब 12:30 बजे वह कॉलेज से निकली, लेकिन घर नहीं गई। शाम करीब 4 बजे वह सैंकी टैंक पार्क पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, वह काफी देर तक वहां घूमती रही, एक जगह बैठी और कई बार पानी के पास गई। इसके बाद शाम करीब 6 बजे उसने अपने दोस्त को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा कि अब जिंदगी बहुत जी ली और इसके बाद अपना फोन बंद कर लिया।

पुलिस के अनुसार मृतक छात्रा के दोस्त ने मैसेज देखते ही उसे लगातार फोन मिलाना शुरू किया, लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ था। घबराकर उसने तुरंत तेजस्विनी की मां पुष्पा को फोन कर पूरी बात बताई। बेटी की जान खतरे में देख मां और परिवार के लोग उसे ढूंढने निकले और सदाशिवनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।



पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने परिजनों के साथ मिलकर सोमवार रात 1 बजे तक झील के आस-पास सर्च ऑपरेशन चलाया। रात में सिर्फ मृतक छात्रा का बैग और मोबाइल फोन ही मिल पाया। इसके बाद, मंगलवार सुबह 18वें क्रॉस एंट्रेंस के पास पानी में उसका शव तैरता हुआ मिला। मामले में नया मोड़ तब सामने आया, जब सेंट्रल बेंगलुरु के डीसीपी अक्षय एम. हाके ने बताया कि पुलिस ने 'अस्वाभाविक मौत' का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक तेजस्विनी के माता-पिता के बीच पारिवारिक विवाद था और वे अलग रहते थे। करीब दो हफ्ते पहले उसका अपने दोस्त से भी कोई विवाद हुआ था।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### इंस्टाग्राम पर बढ़ रहा बाल यौन शोषण, साइबर अपराध पर सख्त कार्रवाई क्यों जरूरी है?

इंटरनेट की दुनिया ने इंसानी समाज के लिए बहुस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराई हैं और इसकी उपयोगिता को देखते हुए ही इसका दायरा फैल रहा है।इंटरनेट की दुनिया में अनेक स्तर पर लोगों के ठगी का शिकार होने से लेकर 'डिजिटल अरेस्ट' और अन्य गंभीर अपराधों के फैलते जाल ने वैश्विक स्तर पर एक जटिल चुनौती पेश की है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जो तकनीक लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने, उनकी समझ का विस्तार करने के काम में आनी चाहिए थी, वह अब कुंठित और आपराधिक मानसिकता के लोगों के लिए एक कारगर औजार बन रही है।ताजा विवाद सोशल मीडिया के एक लोकप्रिय मंच 'इंस्टाग्राम' से जुड़ा है, जिस पर पैसे लेकर ऐसे विज्ञापन दिखाने का आरोप है, जिसके जरिए बच्चे-बच्चियों के यौन शोषण की सामग्री का प्रसार हो रहा है। यही नहीं, उपयोगकर्ताओं को बच्चों के यौन शोषण के वीडियो मामूली खर्च पर खरीदने के लिए ऑनलाइन संपर्क भी दिए जा रहे हैं।सवाल है कि अगर इस तरह की आपराधिक गतिविधियां व्यापक पहुंच रखने वाले एक लोकप्रिय सोशल मीडिया मंच पर चलाई जा रही हैं, तो इसके पीछे कौन लोग हैं और उन्हें बिना बाधा के यह सब करने की छूट और सुविधा कौन मुहैया करा रहा है। क्या 'इंस्टाग्राम' और उसकी संचालक कंपनी 'मेटा' की इसके लिए सीधी जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह अपने मंच पर आपराधिक हरकतों को फलने-फूलने की जगह दे रही है?यह बेवजह नहीं है कि सरकार ने बाल यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने वाले इंस्टाग्राम विज्ञापनों के मामले में मेटा को तलब करने का निर्देश दिया है। हाल ही में सरकार ने मेटा के ही स्वामित्व वाले वाट्सएप को उसकी नई उपयोगकर्ता सुविधा के मामले में नोटिस भेजा था, जिसमें नाम छिपाकर बात करने की छूट दी गई है। कहने को सोशल मीडिया के मंचों के अपने नियम-कायदे या दिशानिर्देश होते हैं, जिनके तहत वे आपत्तिजनक सामग्री को हटा देते हैं।मगर ऐसा लगता है कि 'आपत्तिजनक सामग्री' की परिभाषा ये कंपनियां अपनी सुविधा और एजंडे के मुताबिक तय करती हैं। वरना सामाजिक और कानूनी तौर पर भी अपराध के दायरे में मानी जाने वाली अश्लील और बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के खिलाफ सख्ती और उन पर पूरी तरह रोक लगाने को लेकर वे उदासीन क्यों रहती हैं? ऐसे में यह क्यों नहीं माना जाए कि वे आपत्तिजनक सामग्री को प्रसारित करने के जरिए सिर्फ अपनी कमाई सुनिश्चित करती हैं और प्रकारांतर से वे भी ऐसी हरकतों की भागीदार होती हैं?यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इंस्टाग्राम पर विज्ञापन तभी जारी होते हैं, जब उसके मातहत काम करने वाले तंत्र की बेहद आधुनिक तकनीक उसे सही बताती है।

### डोपिंग संकट-भारतीय खेलों की साख पर सवाल

अहम सवाल यह है कि क्या देश में डोपिंग रोधी नियमों की गंभीरता को समझने में लापरवाही बरती जा रही है या फिर इसकी वजह कुछ और है। यह बात सच है कि भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। देश में कई ऐसे खिलाड़ी उभरकर सामने आए हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। हालांकि, इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कौशल विकास की कमी और पर्याप्त अवसर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव आज भी बना हुआ है। इस बीच, एक और गंभीर समस्या की जकड़बंदी का दायरा इतना बड़ा हो गया है कि भारतीय खेलों की साख पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। यह समस्या डोपिंग नियमों का पूरी तरह पालन नहीं करने से जुड़ी है। यही वजह है कि 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' की ओर से हाल ही में जारी की गई डोपिंग उल्लंघन करने वालों की वैश्विक सूची में भारत को फिर से शीर्ष स्थान पर रखा गया है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या देश में डोपिंग रोधी नियमों की गंभीरता को समझने में लापरवाही बरती जा रही है या फिर इसकी वजह कुछ और है। यहां प्रश्न सिर्फ खिलाड़ियों पर ही नहीं, बल्कि सरकार, प्रशासक और प्रशिक्षकों की कुशलता, सतर्कता एवं संवेदनशीलता पर भी है। गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से डोपिंग उल्लंघन करने वालों की सूची में सबसे ऊपर रहने के कारण विश्व एथलेटिक्स ने बीते अप्रैल में भारत को डोपिंग के 'बहुत अधिक' जोखिम वाले देश के रूप में भी चिह्नित किया था।

# स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन - विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की प्रगति का व्यावहारिक रास्ता

## ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता दृढ़ता, नवाचार, सहयोग और स्थायित्व पर आधारित व्यावहारिक रास्तों को आगे बढ़ाने का अवसर देती है

**श्री श्रीपाद नाइक**
**विद्युत राज्यमंत्री, भारत सरकार**



वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, ऊर्जा की बढ़ती मांग और जलवायु से जुड़ी गंभीर चुनौतियों के इस दौर में, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसी ऊर्जा प्रणालियों का निर्माण करने की जरूरत है जो स्वच्छ व अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित, सस्ती एवं भरोसेमंद होने के साथ-साथ विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की विकास संबंधी जरूरतों तथा आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप भी हों। स्वच्छ ऊर्जा दरअसल ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक विकास और दीर्घकालिक विकास की दृष्टि से तेजी से अहम होती जा रही है। यह ईंधन बाजार में आने वाले उतार-चढ़ाव से पैदा होने वाले जोखिमों को कम कर सकती है, ऊर्जा को अपेक्षाकृत अधिक सुलभ बना सकती है, रोजगार सृजित कर सकती है, घरेलू उद्योगों को मजबूत कर सकती है और देश को अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ बना सकती है। फिर भी, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने के रास्ते एक जैसे नहीं हो सकते। इन रास्तों को राष्ट्रीय परिस्थितियों, उपलब्ध संसाधनों और विकास की प्राथमिकताओं के हिसाब से निर्धारित किया जाना चाहिए। इसी बिंदु पर विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच आपसी सहयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच बेहतर सहयोग से स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ-साथ ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और समावेशी विकास के साझा लक्ष्यों को भी आगे बढ़ाया जा सकता है।

भारत का अपना अनुभव यह बताता है कि स्वच्छ ऊर्जा की शुरुआत लोगों से ही होनी चाहिए। पिछले दशक में, प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत लगभग 28.6 मिलियन घरों को बिजली के कनेक्शन दिए गए। इससे सभी तक बिजली पहुंचाने का काम आगे बढ़ा और ग्रामीण व कम सुविधा वाले इलाकों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत महिलाओं को 105 मिलियन से अधिक एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे खाना पकाने के साफ-सुथरे तरीकों को बढ़ावा मिला, घर में सेहत बेहतर हुई और कठिन श्रम का बोझ कम हुआ। ये पहल एक महत्वपूर्ण सिद्धांत को रेखांकित करती हैं: स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने को केवल स्थापित मेगावाट या जोड़ी गई क्षमता के आधार पर नहीं मापा जा सकता, बल्कि इससे पैदा हुए अवसरों, सुदृढ़ हुई आजीविका और बेहतर हुए जीवन स्तर के आधार पर भी मापा जाना चाहिए। लोगों को प्राथमिकता देने वाले इस दृष्टिकोण के साथ-साथ बड़े पैमाने पर काम और सहयोगी बुनियादी ढांचे की भी जरूरत है। भारत की स्वच्छ ऊर्जा की कहानी में नवीकरणीय ऊर्जा अहम हो गई है। लेकिन इसकी सफलता इसे समर्थन प्रदान करने वाली प्रणालियों पर निर्भर करती है। सौर और पवन ऊर्जा को तेजी से अपनाया जा सकता है, लेकिन इनकी पूरी क्षमता का लाभ तभी मिल पाएगा जब पारेषण (ट्रांसमिशन), वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन), भंडारण (स्टोरेज) और ग्रिड प्रबंधन एकसाथ मिलकर काम करें। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में सहायता प्रदान करने वाली प्रणालियों को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। पारेषण संबंधी बुनियादी ढांचे (ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर) का निरंतर विस्तार हुआ है। इसके साथ-साथ ऊर्जा के भंडारण (एनर्जी स्टोरेज) और ग्रिड की सुदृढ़ता (ग्रिड फ्लेक्सिबिलिटी) के क्षेत्र में भी निवेश बढ़ा है। वितरण (डिस्ट्रीब्यूशन) संबंधी सुधारों और उन्नत ग्रिड तकनीक को अपनाने से एक ऐसी बेहतर एवं भरोसेमंद ऊर्जा प्रणाली बनाने में मदद मिली है, जो नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी को समन्वित करने में सक्षम है। भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन पर आधारित क्षमता अब 288 गीगावॉट से अधिक हो गई है। बड़े पैमाने की परियोजनाओं के अलावा, वितरित नवीकरणीय ऊर्जा (डीआरई) प्रणालियां - जैसे कि रूफटॉप सोलर, सोलर पंप, मिनी-ग्रिड और माइक्रो-ग्रिड - ग्रामीण और कम सुविधा वाले इलाकों में स्वच्छ ऊर्जा को और अधिक सुलभ बना रही हैं। ये प्रणालियां सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज, स्कूलों, हेल्थकेयर सेंटरों तथा स्थानीय व्यवसायों को मदद पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका और स्थानीय आर्थिक सुदृढ़ता को भी बढ़ावा दे रही हैं। भारत की 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' बड़े पैमाने पर इस दृष्टिकोण को दर्शाती है। इस योजना से अब तक लगभग 4 मिलियन परिवारों को लाभ हुआ है, जिससे उपभोक्ता अपेक्षाकृत अधिक विकेन्द्रीकृत एवं भागीदारी वाली ऊर्जा प्रणाली में योगदान देने वाले बन पाए हैं। हालांकि, स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में वित्त पोषण सबसे अहम तत्वों में से एक बना रहेगा। कई विकासशील देशों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इन संभावनाओं को बड़े पैमाने पर लागू करने तथा बैंक से ऋण पाने योग्य परियोजनाओं में बदलने हेतु सस्ती और दीर्घकालिक पूंजी की जरूरत होती है।

आने वाले वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा, वितरण संबंधी बुनियादी ढांचा, ग्रिड के आधुनिकीकरण, भंडारण प्रणाली और कम ऊर्जा खर्च करने वाली तकनीकों में निवेश बेहद जरूरी होगा। न्यू डेवलपमेंट बैंक जैसे संस्थान वित्त पोषण, तकनीक संबंधी साझेदारी और क्षमता विकास के जरिए विकासशील देशों की मदद करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी तकनीकों के लिए सुदृढ़ एवं विविधतापूर्ण आपूर्ति श्रृंखला बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सुरक्षित, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा प्रणालियां सुनिश्चित करने हेतु मैन्यूफैक्चरिंग, तकनीक, नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना जरूरी होगा। अब जबकि ब्रिक्स की भारत की अध्यक्षता आगे बढ़ रही है, सहयोग की एक ऐसी भविष्योन्मुखी रूपरेखा को मजबूत करने का अवसर है जो सामर्थ्य, बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता, विश्वसनीयता, तकनीक की सुलभता, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला और सतत विकास का समर्थन करे। चुनौती सिर्फ स्वच्छ ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाने की ही नहीं, बल्कि ऐसे ऊर्जा प्रणाली के निर्माण की भी है जो सबके लिए सुलभ, किफायती एवं भरोसेमंद होने के साथ-साथ दीर्घकालिक आर्थिक विकास और मानव विकास को कायम रखने में सक्षम हों।

# हर साल करोड़ों पौधे लगाए जा रहें, फिर भी घटती हरियाली! आखिर कहां गायब हो जाते हैं वृक्ष?

**(देवेंद्रराज सुथार)**

पिछले चार वर्षों में राजधानी में दो करोड़ पांच लाख पौधे लगाए गए, लेकिन उनमें से केवल 60 फीसदी ही जीवित रह सके। यह उस शहर का हाल है, जहां सरकारी निगाह सबसे अधिक रहती है। आज जब अल-नीनो की मार, रिकॉर्ड तोड़ती गर्मी और गहराता सूखा हर वर्ष के साथ विकराल होता जा रहा है, तब पौधारोपण को एक औपचारिकता की तरह नहीं, बल्कि एक कानूनी दायित्व की तरह देखने की जरूरत है। मानसून की पहली बारिश जैसे ही धरती को भिगोती है, सरकारी तंत्र सुपरिचित रस्म-अदायगी में जुट जाता है। वन विभाग, नगर निगम, जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाएं लाखों पौधे लगाने के लक्ष्य तय करती हैं, प्रेस विज्ञप्तियां जारी करती हैं और अगले मानसून तक इस पूरे उपक्रम को विस्मृत कर देती हैं। हर वर्ष करोड़ों पौधे लगाए जाते हैं, हर साल आंकड़े दिखाए जाते हैं। मगर हर बार जमीन पर हरियाली उतनी ही कम होती चली जाती है। यह उस तंत्र की स्वाभाविक परिणति है, जहां जवाबदेही की जड़ें उतनी ही कमजोर हैं, जितनी सड़क किनारे गड्ढे में ठूंस दिए गए उस पौधे की, जिसे न पानी मिलेगा, न देखभाल होगी और न जीवित रहने का कोई वास्तविक अवसर मिलेगा। दिल्ली का उदाहरण इस स्थिति का सबसे सटीक आईना है। पिछले चार वर्षों में राजधानी में दो करोड़ पांच लाख पौधे लगाए गए, लेकिन उनमें से केवल 60 फीसदी ही जीवित रह सके। यह उस शहर का हाल है, जहां सरकारी निगाह सबसे अधिक रहती है। दूरदराज के जिलों और गांवों में तो यह दर और भी दयनीय है। जब वन आवरण बढ़ने की घोषणाएं की जाती हैं, तो उनके दावों की पड़ताल जरूरी हो जाती है। दिसंबर 2024 में जारी भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023 में कहा गया कि 2021 से देश का कुल वन और वृक्ष क्षेत्र 1,445 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है और यह 2023 में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 फीसदी हो गया है। इसी रिपोर्ट पर पर्यावरणविदों ने तीखी आपत्ति जताई। कई विशेषज्ञों ने दावा किया कि सरकार ने बांस के बागान, नारियल के पेड़ों और बागों को वन आवरण के हिस्से के रूप में गिना और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए आंकड़ों के साथ एक दोषपूर्ण रिपोर्ट तैयार की। रबर, यूकेलिप्टस और बबूल के बागान जैव विविधता के लिहाज से उन सघन प्राकृतिक वनों की बराबरी बिल्कुल नहीं कर सकते, जो सदियों में विकसित हुए थे और जिनका एक-एक पेड़ सैकड़ों जीव-जंतुओं का आश्रय था। वनों की निगरानी रखने वाले मंच 'ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच' के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2001 से 2024 के बीच भारत ने 23.1 लाख हेक्टेयर हरित आवरण खो दिया, जो वर्ष 2000 की तुलना में 7.1 फीसदी की गिरावट है। इससे 1.29 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ और वैश्विक स्तर पर वनों की कटाई के मामले में भारत वर्ष 2015 से 2020 के बीच दूसरे स्थान पर रहा, जहां प्रतिवर्ष 6.68 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र नष्ट हुआ।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6146

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | | 1 | | |
| 1 | 6 | 3 | 9 | | | | | 8 |
| | 3 | | | | | 2 | | |
| | 5 | | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 6 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | | 5 | 8 | 9 | 2 |
| | | 5 | | 2 | | | 6 | |
| 9 | | | | 8 | | | 4 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली 6146



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. महाराजा जयसिंह द्वितीय ने इस शहर की स्थापना 1727 के दिन की (4)
4. जो, अगर (2)
6. कमरा (अंग्रेजी)(2)
7. फिल्म बरसात से अपना सरगमी सफर शुरू करने वाली संगीतकार जोड़ी में से एक (निधन 12 सितंबर 1971)(5)
10. दस्तावेज लिखित, तहरीरी (3)
12. वर्जित, निषिद्ध, जो रोका गया हो (2)
13. प्राचीनकाल में मगध देश का राजा जो दो खंडों में उत्पन्न हुआ था (4)
16.आंकुशी (3)
17. घोड़े कीपीठ पर रखने की गद्दी (2)
18. गीत, तराना (उर्दू) (3)
19. प्रस्थिति, प्रेषिति (3)
20. रिक्त, खाली (2)
22. जल, आब, नीर (2)
23. स्वतंत्र, आजाद, उन्मुक्त (2)
24. नैन, चक्षु, आंख (3)

**(ऊपर से नीचे**
1. आवश्यकता, इच्छा (4)
2. एक अर्थालंकार जिसमें एक हीशब्द अनेक बार आकर उसके भिन्न-भिन्न अर्थ देता है (3)
3. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
5. सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक का समय, दिवस (2)
8. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
9. तट, तीर, साहिल (3)
11. ट्रेजिडी क्वीन कहलाने वाली इस अभिनेत्री की अंतिम फिल्मों में से एक पाकीजा थी (5)
14. लक्ष्मण को जीवित करने के लिए हनुमान इस औषधि को लेकर आए थे, जीवन मूरी (4)
15. धन की इच्छा या कामना, राजा कृतवीर्य के पिता का नाम (3)
16. शरीर का अवयव, पक्ष (2)
18. प्रांत प्रशासक (उर्दू)(3)
19. कहा जाता है इस देश के साम्राज्य की स्थापना 6603 ई.पू.में सम्राट जिम्मू ने की थी (3)
21. संगीत में स्वरों का कलापूर्ण विस्तार (2)

### वर्ग पहेली 6145 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| री | ता | फा | रि | या | | क | ल |
| ड | ल | | स | म | का | लि | क |
| र | | ला | वा | | ल | | क |
| | अ | प | ना | | का | र | ल |
| ग | ज | र | | मौ | | वि | |
| र | | वा | द | न | | शं | का |
| ज | वा | ह | र | | | क | म |
| ना | त | | मा | | ता | र | ना |

# आज का राशिफल

**मेष**
आज घर-परिवार की जरूरतों के कारण कुछ खर्चे बढ़ सकते हैं। बिना पूरी पड़ताल किए कहीं भी बड़ा धन लगाने से पूरी तरह बचें। अपनी बचत की योजना को दोबारा देखें ताकि फालतू के खर्चों को रोका जा सके। आपका कोई पुराना रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आज काम का दबाव थोड़ा अधिक महसूस हो सकता है।

**वृष**
आज ग्रहों की स्थिति आपको पैसों की योजना बहुत ही ध्यान से बनाने का संकेत दे रही है। तुरंत लाभ कमाने वाले जोखिम भरे कामों से अभी पूरी तरह दूर रहें। अपने टैक्स और बीमे से जुड़े कागजों को दोबारा देख लें और अपनी बचत को मजबूत करने पर ध्यान दें। कामकाज की जिम्मेदारियां आज थोड़ी बढ़ सकती हैं, पर आपका व्यवस्थित तरीका उन्हें आसानी से संभाल लेगा।

**मिथुन**
आज आपके आर्थिक मामले ठीक बने हुए हैं। बिना जरूरत के सुख-सुविधा की महंगी चीजों पर धन खर्च करने से बचें। कोई दोस्त आज कमाई का कोई नया जरिया आपके सामने रख सकता है, लेकिन कोई भी कदम उठाने से पहले उसकी हर एक बात को अच्छे से जांच लें।

**तुला**
आज धन के मामलों में अतिरिक्त सावधानी रखें। बातचीत के मामलों में आज थोड़ी मुश्किलें आ सकती हैं। अपने विचारों को दूसरों के सामने रखते समय बात पूरी तरह साफ रखें और केवल अंदाजे के आधार पर कोई बात न कहें। पुराने प्रोजेक्ट्स को दोबारा देखें और पुराने क्लाइंट्स से फिर से संपर्क जोड़ें, आने वाले समय में नए मौके मिलेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपकी आर्थिक उन्नति को पूरा सहारा दे रहे हैं। धन लगाने को लेकर आज परिवार के किसी भरोसेमंद व्यक्ति से अच्छी सलाह मिल सकती है। पुराने संपर्कों या अधूरे पड़े कामों से उन्नति के कुछ छुपे हुए मौके सामने आ सकते हैं। यदि जरूरी कामों की मंजूरी मिलने में उम्मीद से ज्यादा समय लगे, तो पूरे धीरज के साथ टिके रहें।

**धनु**
आज की आर्थिक स्थिति ठीक बनी हुई है। किसी को भी बिना सोचे-समझकर धन उधार देने से बचें। पुराने निवेश से मिलने वाले छोटे लाभ आज आपके भरोसे को बढ़ाएंगे। बजट को दोबारा व्यवस्थित करने और आगे के लक्ष्यों को तय करने के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है। आपका सीधा और अच्छा तरीका आज बड़े अधिकारियों को प्रभावित करेगा।

**कर्क**
आज पैसों को लेकर आपका नियम से चलना ही आपकी लगातार तरक्की का कारण बना हुआ है। फालतू का कर्ज लेने से बचें और अपनी पुरानी देनदारियों को कम करने पर पूरा ध्यान लगाएं। धीरे-धीरे की गई आपकी यही छोटी बचत आगे चलकर बड़ा लाभ देगी। कामकाज में आपकी मेहनत की सराहना होती रहेगी।

**सिंह**
आज पैसों से जुड़ा कोई भी निर्णय केवल भावनाओं में बहकर न लें। तुरंत बड़ा लाभ दिखाने वाले जोखिम भरे कामों से अभी दूर रहें। अपने व्यक्तिगत हितों में सोच-समझकर ही धन लगाएं और भविष्य के बड़े लक्ष्यों को हमेशा सामने रखें। संदेशों के लेन-देन में कमी के कारण कुछ समय के लिए उलझन हो सकती है, इसलिए बातचीत के दौरान धीरज रखें।

**कन्या**
आज पैसों के मामलों में मन थोड़ा संवेदनशील रह सकता है। मन के अचानक आए विचारों के कारण फालतू की चीजें खरीदने से बचें। धन की सही प्लानिंग के लिए परिवार के लोगों से बातचीत करना फायदेमंद रहेगा। आज आपकी समझदारी आपका सही मार्गदर्शन करेगी।

**मकर**
अचानक आए कुछ खर्चे आज आपके बजट को थोड़ा प्रभावित कर सकते हैं। जब तक बहुत जरूरी न हो, किसी से नया कर्ज लेने से बचें। आज धन को लेकर अपनाया गया आपका नियम ही आपके भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाएगा। आपकी लगन और मेहनत आज दफ्तर की बाधाओं को दूर करने में आपकी मदद करेगी। कोई पुराना अधूरा काम या पुरानी चर्चा दोबारा सामने आ सकती है।

**कुंभ**
आज सोची-समझी प्लानिंग से आज आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छे सुधार हो सकते हैं। छोटे समय के जोखिम उठाने के बजाय लंबे समय का निवेश आपके हक में दिखाई दे रहा है। मन के बहकावे में आकर कोई भी बड़ी खरीदारी न करें। आपकी बातचीत करने की कला ही आज आपकी सबसे बड़ी ताकत बनी रहेगी। क्लाइंट्स और सहकर्मियों के साथ बातचीत में हमेशा शांत तरीका अपनाएं।

**मीन**
आज साझे धन के मामलों पर आपको थोड़ा अधिक ध्यान देना होगा। किसी भी कागज पर दस्तखत करने से पहले उसे अच्छे से पढ़ लें। अपने निवेश को लेकर किसी अनुभवी सलाहकार से बातचीत करना आपके लंबे समय के आर्थिक हितों की रक्षा करेगा। कामकाज की साझेदारियों में आज पूरे धीरज से काम लेने की जरूरत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# पेरिस एफसी ने पूर्व चेल्सी कोच लियाम रोसेन्योर को हेड कोच नियुक्त किया

पेरिस। पूर्व चेल्सी हेड कोच लियाम रोसेन्योर को पेरिस एफसी ने अपनी पुरुष टीम का नया मैनेजर नियुक्त किया है। कुछ महीनों पहले प्रीमियर लीग ने उन्हें पद से हटाया था, जिसके बाद इंग्लिश कोच को यह जिम्मेदारी मिली है। लीग 1 की इस टीम ने मंगलवार को पुष्टि की है कि 41 वर्षीय रोसेन्योर ने जून 2028 तक के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। वे आधिकारिक तौर पर 9 जुलाई से काम शुरू करेंगे, जब टीम प्री–सीजन ट्रेनिंग के लिए लौटेगी। रोसेन्योर, एंटोनी कोम्बोउरे की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सीजन में क्लब को 11वें स्थान पर पहुंचाने से पहले लीग 1 में बने रहने में मदद की थी। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद, क्लब ने कोम्बोउरे के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने का फैसला किया, क्योंकि वह एक नया अध्याय शुरू करना चाहता है। अप्रैल में चेल्सी में अपने छोटे से कार्यकाल के खत्म होने के बाद रोसेन्योर फुटबॉल मैनेजमेंट में वापसी कर रहे हैं।

# अभिषेक नंबर 1

## वैभव टॉप-10 से बाहर

### भारत-इंग्लैंड तीसरे टी20 के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष-15 खिलाड़ी




**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे 5 मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में भारत को बेशक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी हार मिली हो, बेशक इस मैच में भारतीय बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से लड़खड़ा गई हो, लेकिन इस मुकाबले के बाद अगर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-15 बल्लेबाजों की बात करें तो अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर हैं।

वहीं इस टी20 सीरीज के दूसरे मैच में डेब्यू करने वाले वैभव सूर्यवंशी टॉप-10 से बाहर हैं।

भारत-इंग्लैंड तीसरे टी20 मैच के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हैं जिन्होंने 3 मैचों में एक अर्धशतक की मदद से 112 रन बनाए हैं जबकि दूसरे नंबर पर भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जिन्होंने 3 मैचों में एक अर्धशतक के साथ अब तक कुल 110 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के बैटर जैकब बेथेल इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 3 मैचों में एक अर्धशतक के साथ 89 रन बनाए हैं। वैभव सूर्यवंशी इस लिस्ट में टॉप-10 से बाहर हैं। वैभव ने 2 मैचों में 27 रन बनाकर 12वें नंबर पर हैं।

# टीम इंडिया खराब दौर से गुजर रही: गंभीर

## पिछले टी-20 मैचों में शिकस्त के बाद भारतीय टीम कोच ने दी सफाई



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज टी20 में महज 76 रन पर सिमटने के बाद भारत को लगातार चौथी टी20 अंतरराष्ट्रीय हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इंग्लैंड ने चार मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। इस शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि टीम पिछले कुछ समय से मैच की परिस्थितियों को सही तरीके से समझने में नाकाम रही है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने बल्लेबाजी को बेहद खराब बताते हुए पूरी टीम को आत्ममंथन की सलाह दी।

### आयरलैंड दौरे के बाद से मैच को सही नहीं पढ़ पाए

गौतम गंभीर ने कहा कि टीम खराब दौर से गुजर रही है, लेकिन चार मैच हारने से कोई टीम खराब नहीं हो जाती। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। चार मैच हार जाने से कोई टीम खराब नहीं हो जाती। कई बार विपक्षी टीम आपसे बेहतर खेलती है, लेकिन कई बार आप परिस्थितियों का सही आकलन नहीं कर पाते। मैच और परिस्थितियों को पढ़ना भी उतना ही जरूरी होता है। आयरलैंड दौरे के बाद से हम यही काम सही तरीके से नहीं कर पाए हैं।'

### हाई रिस्क और हाई रिवॉर्ड क्रिकेट में ऐसे दिन भी आते हैं

भारत के बल्लेबाज इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की गति और अतिरिक्त उछाल के सामने पूरी तरह संघर्ष करते नजर आए। हालांकि गंभीर ने इसे बड़ी कमजोरी मानने के बजाय एक खराब दिन बताया। उन्होंने कहा, 'हमें तेज गेंदबाजी के खिलाफ और बेहतर खेलना होगा। लेकिन मुझे लगता है कि आज सिर्फ हमारा खराब दिन था। पिछले दोनों टी20 मुकाबलों में हमने 190 रन बनाए थे। जब आप हाई रिस्क और हाई रिवॉर्ड वाली क्रिकेट खेलते हैं तो कभी-कभी ऐसे नतीजे भी देखने को मिलते हैं।'

### श्रेयस अय्यर बोले- किसी भी स्थिति में हार बिल्कुल स्वीकार नहीं

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने हार पर निराशा जाहिर करते हुए कहा कि टीम ने पावरप्ले में ही मैच गंवा दिया। उन्होंने कहा, 'यह बेहद खराब प्रदर्शन था। सच कहूं तो इससे बेहतर शब्द मेरे पास नहीं है। इतनी बड़ी हार बिल्कुल स्वीकार नहीं की जा सकती। सबसे पहले हमें इस हार को स्वीकार करना होगा और फिर ड्रॉइंग बोर्ड पर लौटकर देखना होगा कि हमने कहां गलती की। मुझे नहीं लगता कि यह 200 रन वाली पिच थी। लेकिन जिस तरह हमने बल्लेबाजी की और पावरप्ले में पांच विकेट गंवाए, वहीं से मैच का रुख बदल गया। हमें फिर से अपनी योजनाओं पर काम करना होगा।'

### टीम में बदलाव भी बने खराब प्रदर्शन की वजह

गंभीर का मानना है कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम में हुए बड़े बदलावों का असर भी प्रदर्शन पर पड़ा है। उन्होंने कहा, 'अगर आप विश्व कप फाइनल की प्लेइंग-11 और आज की टीम को देखें तो काफी बदलाव हैं। कप्तान बदला है, ओपनिंग जोड़ी बदली है। हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी टीम में नहीं हैं। जब आप टीम को दोबारा तैयार करते हैं तो ऐसे प्रदर्शन देखने को मिलते हैं। चीजों को सामान्य होने में थोड़ा समय लगता है।'उन्होंने युवा खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा, '15 साल का खिलाड़ी ओपनिंग कर रहा है। प्रिंस यादव अभी अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं। हर्षित राणा चोट से वापसी कर रहे हैं। ऐसे खिलाड़ियों को समय देना जरूरी है। इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उन्हें सीधे कठिन परिस्थितियों में उतारा गया है। उन्हें थोड़ा समय मिलेगा तो वे जरूर बेहतर खिलाड़ी बनेंगे।'

### संजू सैमसन पर भी कोच गंभीर ने दी पूरी तस्वीर

संजू सैमसन को इंग्लैंड दौरे की प्लेइंग-11 से बाहर रखने और जिम्बाब्वे दौरे की टीम में जगह नहीं मिलने पर भी गंभीर ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, 'जहां तक स्पष्टता की बात है, हम पूरी तरह साफ हैं। संजू ने विश्व कप के दौरान भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन कभी-कभी खिलाड़ी की मौजूदा फॉर्म को भी देखना पड़ता है। ऐसा कोई नियम नहीं है कि वह इस सीरीज में वापसी नहीं कर सकते।'गंभीर ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अहम चीज नतीजे होते हैं। हमें जो संयोजन टीम को जीत दिलाने वाला लगता है, हम उसी के साथ उतरते हैं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर खिलाड़ी को अपनी जगह कमानी पड़ती है।' भारत के लिए अब सीरीज बचाने की चुनौती और कठिन हो गई है। यदि टीम को वापसी करनी है तो सिर्फ तकनीक ही नहीं, बल्कि परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने और मैच के मुताबिक रणनीति बनाने की भी जरूरत होगी।

### मिडिल ऑर्डर को हालात के हिसाब से खेलना होगा

गंभीर ने माना कि सिर्फ आक्रामक बल्लेबाजी ही समाधान नहीं है। अनुभवी बल्लेबाजों को मैच की स्थिति के अनुसार जिम्मेदारी भी निभानी होगी। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट में हवा की दिशा और मैदान का आकार भी बड़ा फर्क पैदा करता है। जब पूरी बल्लेबाजी इकाई सिर्फ हाई रिस्क क्रिकेट खेलने लगती है तो ऐसे नतीजे सामने आते हैं। मिडिल ऑर्डर के अनुभवी बल्लेबाजों को हालात के अनुसार बल्लेबाजी करनी होगी। विश्व कप के दौरान भी हमारे टॉप-3 आक्रामक खेल रहे थे, लेकिन नंबर-4 और नंबर-5 के बल्लेबाज पारी को संभालने का काम कर रहे थे। आज हमने वही कमी महसूस की। आखिरकार बात फिर मैच की परिस्थितियों को सही तरीके से पढ़ने पर आकर रुकती है।'

# जिम्बाब्वे दौरे और एशियन गेम्स में गौतम गंभीर नहीं होंगे भारत के कोच

## वीवीएस लक्ष्मण संभालेंगे जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे के बाद जिम्बाब्वे दौरे पर 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इस दौरे के लिए सोमवार (6 जुलाई) को श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम का ऐलान हुआ है। इसके बाद भारतीय टीम को एशियन गेम्स में खेलने है। खबर है कि जिम्बाब्वे दौरे और एशियन गेम्स में भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर नहीं होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हेड वीवीएस लक्ष्मण यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई के लॉग रिकॉर्ड के अनुसार जुलाई के अंत में जिम्बाब्वे दौरे और सितंबर में एशियन गेम्स के लिए कोचिंग स्टाफ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से होगा। वीवीएस लक्ष्मण के सपोर्ट स्टाफ की अगुआई करने की उम्मीद है। सीओई में उनके साथी कोच सुनील जोशी और ऋषिकेश कानिटकर के भी उनके साथ जुड़ने की संभावना है।

एशियन गेम्स और वेस्टइंडीज सीरीज में टकराव

यह व्यवस्था खास तौर पर इसलिए जरूरी है क्योंकि जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स और वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की घरेलू सीरीज में टकराव होना है। इससे पहले सितंबर के बीच में भारत में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी। इत्तेफाक से अफगानिस्तान उस सीरीज का मेजबान होगा। जिम्बाब्वे दौरे के योजना के मुताबिक, भारतीय टीम के कुछ सदस्य 19 जुलाई को हरारे पहुंचेंगे।

**जिम्बाब्वे में 3 मैचों की सीरीज–** बाकी खिलाड़ी 19 जुलाई को लॉर्ड्स में तीसरे और आखिरी वनडे के बाद 20 जुलाई को टीम से जुड़ेंगे। टीम 20 से 22 जुलाई तक और फिर 24 जुलाई को आराम करेगी और ट्रेनिंग करेगी।

# 0–2 से पिछड़ने के बाद अर्जेंटीना की शानदार वापसी

## 11 मिनट में पलटी बाजी, मेसी बने संकटमोचक

**नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी ने एक बार फिर अर्जेंटीना के लिये 'संकटमोचक' की भूमिका निभाई और मिस्र के खिलाफ 79वें मिनट तक 2 गोल से पिछड़ रही मौजूदा चैम्पियन टीम को 3-2 से जीत के साथ विश्व कप क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया। निर्धारित समय में 11 मिनट बाकी रहने तक अर्जेंटीना दो गोल से पिछड़ रहा था और ऐसा लगने लगा था कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद मेसी की फुटबॉल के महासमर से विदाई का समय आ गया है। इसके बाद अर्जेंटीना ने चमत्कारिक वापसी करते हुए तीन गोल दागकर जीत दर्ज की और दुनिया भर में उसके करोड़ों प्रशंसकों ने भी राहत की सांस ली। इसमें से बराबरी का गोल 83वें मिनट में छठा विश्व कप खेल रहे मेसी ने दागा था जिनके अब विश्व कप कैरियर में 21 गोल हो गए हैं। अब अर्जेंटीना का सामना शनिवार (11 जुलाई) को कंसास सिटी में स्विटजरलैंड या कोलंबिया से होगा।



### मेसी अपने आंसू नहीं रोक सके

आखिरी सीटी बजने के बाद मेसी अपने आंसू नहीं रोक सके। उन्होंने 83वें मिनट में इस विश्व कप में आठवां गोल करके टीम को 2-2 से बराबरी पर पहुंचाया। विजयी गोल स्टॉपेज टाइम में एंजो फर्नांडिस ने दागा। वहीं क्रिस्टियन रोमेरो ने 79वें मिनट में अर्जेंटीना के लिये पहला गोल किया था।

### मेसी पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए

मिस्र ने यासिर इब्राहिम और मुस्तफा जिको के गोल के दम पर 2-0 से बढ़त बना ली थी। मेसी को पहले हाफ में मौका मिला था, लेकिन उनकी पेनल्टी किक को मिस्र के गोलकीपर मुस्तफा शोबीर ने बचा लिया था। फिर जब स्कोर 1-0 था, तब उनका शॉट गोलपोस्ट से टकरा गया। अर्जेंटीना की नजरें लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली ब्राजील (1958 और 1962) के बाद पहली टीम बनने पर है।

**15वें मिनट में मिस्र ने बढ़त बना ली–** मैच से पहले अर्जेंटीना को प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन 15वें मिनट में मिस्र ने बढ़त बना ली जब लिसांद्रो मार्तिनेज को चकमा देकर इब्राहिम ने मारवान आतिया के क्रॉस पर गोल दाग दिया। अर्जेंटीना को तुरंत पेनल्टी स्पॉट के साथ बराबरी का मौका मिला, लेकिन मेसी के शॉट को शोबीर ने बायीं ओर डाइव लगाकर बचा लिया।

# एम्बाप्पे के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की जांच शुरू

## पराग्वे के सांसद ने परवरिश का उड़ाया मजाक



**नई दिल्ली।** विश्व कप में फ्रांस के हाथों पराग्वे की हार के बाद पराग्वे के एक सांसद द्वारा कीलियन एम्बाप्पे के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार किये जाने के मामले में फ्रांस के अभियोजकों ने गंभीर सार्वजनिक अपमान और नफरत या हिंसा भड़काने के आरोपों में जांच शुरू कर दी है। फ्रांस के अभियोजकों के कार्यालय ने मंगलवार (7 जून) को बताया कि आनलाइन घृणा से निपटने वाली राष्ट्रीय ईकाई को फ्रेंच फुटबॉल महासंघ से शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की गई है। पराग्वे की लिबरल रेडिकल पार्टी की सीनेटर सेलेस्टी अमारिला ने एक्स पर नस्लीय टिप्पणी की थी। इससे पहले एम्बाप्पे के गोल के दम पर फ्रांस ने पराग्वे को हराया था। अमारिला ने फ्रांस के कप्तान के मूल, परवरिश, शिक्षा और चेहरे मोहरे का मजाक बनाया था। फ्रांस क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है जहां उसका सामना मोरक्को से होगा। एम्बाप्पे ने उन्हें 'घिनौनी महिला' करार देते हुए कहा था कि वह पराग्वे की कांग्रेस में सेवा के लायक नहीं हैं।

### अमारिला ने पत्र जारी किया

बाद में अमारिला ने सोशल मीडिया पर एम्बाप्पे के लिए फ्रेंच और स्पेनिश भाषा में एक खुला पत्र जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि उनकी समस्या खिलाड़ी से थी, न कि फ्रांस देश से।

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: देश का मान बढ़ाने टीम इंडिया ग्लास्गो रवाना




**नई दिल्ली।** भारत फिर दुनिया के सबसे बड़े खेल मंचों में से एक पर अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार है। देश के खिलाड़ी अब स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में तिरंगे का मान बढ़ाने उतरेंगे। इस मौके पर भारतीय ओलंपिक संघ ने मंगलवार सात जुलाई 2026 को खिलाड़ियों और अधिकारियों के दल को भव्य विदाई दी। साथ ही उन आधिकारिक सेरेमोनियल और प्रतियोगिता किट का भी अनावरण किया, जिसे भारतीय खिलाड़ी ग्लास्गो में पहनेंगे। इस समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह मौजूद रहे। खिलाड़ियों, कोचों, सहयोगी स्टाफ और अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, ''हमारे खिलाड़ी नए भारत की खेल प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और आकांक्षाओं के प्रतीक हैं। मैं

### खिलाड़ियों की भव्य विदाई, नई किट भी लॉन्च

सभी खिलाड़ियों से कहना चाहता हूं कि वे बिना किसी डर के खेलें, खेल भावना का सम्मान करें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।''

23 जुलाई से होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के बारे में मनसुख मांडविया ने कहा, ''ग्लास्गो में हमारे सर्वश्रेष्ठ खेलों में से दस नहीं है, लेकिन खेल तो खेल है। हमें यकीन है कि हमारे खिलाड़ी पूरे उत्साह से खेलेंगे और देश को गौरवान्वित करके विश्व खेल जगत में भारत की छवि और मजबूत करेंगे।'' कार्यक्रम में खेल सचिव हरि रंजन राव, भारतीय दल के चीफ-डि-मिशन रोहित राजपाल और डिप्टी चीफ-डि-मिशन रवि बंगानी भी मौजूद रहे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, ''आज भारतीय खेलों के लिए एक नए गौरवशाली अध्याय की शुरुआत है। भारत की जर्सी पहनने वाले हर खिलाड़ी ने वर्षों की मेहनत, अनुशासन और त्याग के दम पर यह मौका हासिल किया है।

### खेलों में मेजबान के तौर पर बढ़ रही भारत की साख: मनसुख मांडविया

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने वैश्विक खेल समुदाय में भारत के बढ़ते कद की बानगी इससे मिलती है कि भारत में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की संख्या बढ़ती जा रही है। भारत ने पिछले कुछ अर्से में कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी की है, जिसमें विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है।

मनुसख मांडविया ने कहा, ''खेल आगे बढ़ रहा है। यही वजह है कि भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है। एक समय वह भी था जब महासंघ विश्व और अंतरराष्ट्रीय महासंघों से भारत में एशियाई खेल, एशियाई चैंपियनशिपस, विश्व चैंपियनशिप के आयोजन के लिए कहते थे लेकिन उन्हें भारत के सामर्थ्य पर संदेह रहता था।''

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



# नाले में मिला मजदूर का शव, पैर फिसलने से हादसे की आशंका





- मजदूरी कर लौटने के बाद लापता था 41 वर्षीय जितन भुईंया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत के कारणों का खुलासा

**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)।

ओबरा प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत कंचन बिगहा-अतरौली गांव में बुधवार सुबह एक 41 वर्षीय मजदूर का शव घर के पीछे स्थित नाले से बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान काहू भुईंया के पुत्र जितन भुईंया (41) के रूप में हुई है। परिजनों को आशंका है कि मजदूरी कर घर लौटने के दौरान उनका पैर फिसल गया और वे नाले में गिर गए, जबकि पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होने की बात कही है। परिजनों के अनुसार, जितन भुईंया मंगलवार की देर शाम मजदूरी कर घर लौट रहे थे, लेकिन रात तक घर नहीं पहुंचे। इसके बाद परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

बुधवार सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए घर के पीछे स्थित नाले की ओर गए। इस दौरान जलकुंभी के बीच एक व्यक्ति का पैर दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर शव की पहचान जितन भुईंया के रूप में हुई। सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जितन भुईंया मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवार में पत्नी मेतरी देवी, माता झकसी देवी, दो बेटे और दो बेटियां हैं। इनमें एक बेटे और एक बेटी की शादी हो चुकी है। घर की पूरी जिम्मेदारी जितन के कंधों पर थी। उनकी असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि ग्रामीण भी परिवार को सांत्वना देने में जुटे रहे। घटना की सूचना मिलते ही ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया।

थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश यादव, सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा, मोहम्मद मुश्ताक, अरविंद भुईंया, पंजाबी भुईंया, सुनील पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बारिश बनी बाधा, औरंगाबाद में नौ जुलाई को मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द

- बलिगांव में जननायक जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण टला, आयोजन स्थल पर जलजमाव और कीचड़ के कारण लिया गया निर्णय

**निज संवाददाता** | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज प्रखंड के बलिगांव में 9 जुलाई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लगातार हो रही बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। मुख्यमंत्री को यहां जननायक जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण करना था। जिला प्रशासन ने बुधवार को कार्यक्रम रद्द होने की पुष्टि की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थीं और आयोजन की लगभग सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई थीं। लेकिन सोमवार और मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण कार्यक्रम स्थल पर जलजमाव और कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसके चलते आयोजन कराना संभव नहीं रहा और कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

हालांकि, रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने मंगलवार को ही कार्यक्रम रद्द होने की जानकारी दे दी थी। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर यह चर्चा बनी हुई थी कि भले ही जनसभा नहीं हो, लेकिन मुख्यमंत्री बलिगांव पहुंचकर जननायक जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण कर सकते हैं। बाद में जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि पूरा कार्यक्रम ही रद्द कर दिया गया है।

## नई तिथि घोषित करने की मांग

कार्यक्रम रद्द होने के बाद ग्रामीणों में मायूसी है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से बारिश का मौसम सामान्य होने के बाद जल्द नई तिथि घोषित कर कार्यक्रम आयोजित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पिछले करीब दो महीनों से मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गांव में व्यापक तैयारियां और प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। गांव से बाहर रहने वाले कई लोग भी इस अवसर पर शामिल होने के लिए अपने घर लौट आए थे। ग्रामीण एस.के. कुमार, उपेंद्र कुमार, विनोद चौधरी सहित अन्य लोगों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान प्रतिमा स्थल के आसपास स्थित करीब आधा दर्जन दुकानों और झोपड़ियों को हटाया गया था। इससे संबंधित दुकानदारों और उनके परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि यदि कार्यक्रम तय समय पर हो जाता तो परेशानी कम होती, लेकिन अब कार्यक्रम स्थगित होने से उनकी आर्थिक मुश्किलें और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द नई तिथि घोषित कर कार्यक्रम संपन्न कराने तथा प्रभावित दुकानदारों की समस्या पर भी ध्यान देने की मांग की है।

## न्यूज बाइट्स

### बारुण रेलवे अंडरपास में जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**बारुण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** बारुण रेलवे अंडरपास में जलजमाव की समस्या से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी अंडरपास में पानी भरा रहने के कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कतें हुईं। जलजमाव के कारण आए दिन लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, कई स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए कोचाड पंचायत के पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने पहल करते हुए जेसीबी मशीन से अंडरपास की सफाई एवं जल निकासी का कार्य शुरू कराया। इस पहल का उद्देश्य अंडरपास से पानी हटाकर लोगों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। मौके पर मौजूद कोचाड पंचायत के बीडीसी अजय कुमार सिंह तथा बारुण उप प्रमुख प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे अंडरपास में जलजमाव की समस्या वर्षों पुरानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय जनता से वादे करने वाले जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग प्रतिदिन परेशानी झेल रहे हैं, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

### सर्वोदय डिग्री कॉलेज में मुफ्त मिट्टी जांच सुविधा

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** सर्वोदय डिग्री कॉलेज, बिरहारा में किसानों के लिए मुफ्त मिट्टी जांच की सुविधा शुरू की गई है। कॉलेज के सचिव सुधीर सिंह ने रसायन विज्ञान विभाग को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस जांच का पूरा खर्च स्वैच्छिक संगठन रामरूप मेहता यूनिवर्सल फाउंडेशन वहन करेगा। सुधीर सिंह ने बताया कि सही खेती के लिए मिट्टी के पीएच स्तर की जांच अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे यह निर्धारित होता है कि खेत की मिट्टी अम्लीय है या क्षारीय। पीएच स्तर की जानकारी न होने पर किसान अक्सर गलत उर्वरकों का प्रयोग करते हैं, जिससे लाभ के बजाय नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि स्वयं किसान होने के नाते उन्होंने किसानों के हित में यह निर्णय लिया है।

# किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में वन महोत्सव पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

- एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने वृक्षों की सुरक्षा और हरित भविष्य के निर्माण का लिया संकल्प

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय, औरंगाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में बुधवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह एवं एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुष्मिता कर ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को अधिक हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया। प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पौधे केवल धरती की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करें, ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुष्मिता कर ने कहा कि वन महोत्सव केवल औपचारिक पौधारोपण कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने छात्राओं से अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पौधारोपण कर वृक्षों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने की शपथ ली। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने के लिए आज से ही वृक्षारोपण और उनकी देखभाल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# रेड रन में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय बना विजेता, एड्स जागरूकता का दिया संदेश

- सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता अब राजगीर में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग




**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं एनएसीओ के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित रेड रन-2026 के तहत औरंगाबाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता अब राजगीर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रेड रन-2026 प्रतियोगिता में औरंगाबाद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए दौड़ में भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर डॉ. संजीव रंजन एवं डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं, जिला नोडल पदाधिकारी बहादुर भीम कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. अरविंद कुमार (बर्सर), डॉ. राजीव रंजन, डॉ. निहारिका कुमारी, मनोज कुमार (लेखापाल), नंदलाल कुमार सहित अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक रहने, भेदभाव से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# महाआरती के साथ सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का समापन

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम रायपुरा में महाआरती के साथ आद्रा मेला का समापन भक्तिमय वातावरण में किया गया।आद्रा नक्षत्र के अंतिम दिन सोमवार की रात्रि में योग्य आचार्यों के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ सत्यचंडी माता को संपोषित महाआरती में उनके जीवन वृत्त पर आधारित आरती गाई गई। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया एवं आद्रा मेला का विधिवत समापन किया गया। सत्यचंडी धाम न्यास समिति के अध्यक्ष अमरेश सिंह, सचिव राजेंद्र सिंह,आचार्य चंदन मिश्रा, मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने आद्रा मेला के सफल आयोजन पर कहा कि आद्रा नक्षत्र में शक्ति पूजा का विशेष महत्व है। इस वर्ष सत्यचंडी धाम आद्रा मेला में औरंगाबाद जिला के अलावा बिहार प्रांत के बाहर के लोग काफी संख्या में पहुंचे और माता जी की विशेष पूजा अर्चना की। मेला में छोटे बच्चों एवं महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई।

# अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में डीएवी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, तनुष्का ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक-1

- 201 विद्यार्थियों ने पाई सफलता, गणित में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान; राजभाषा हिंदी प्रतियोगिता में भी 10 छात्र हुए सम्मानित

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद




डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार, औरंगाबाद के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (2025-26) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कुल 201 विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा तनुष्का कुमारी ने गणित विषय में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस शानदार सफलता के लिए उसे 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार तथा एक लैपटॉप प्रदान किया जाएगा।

परीक्षा में विद्यालय के 7 विद्यार्थियों को 500-500 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। वहीं 89 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल, 45 विद्यार्थियों ने सिल्वर मेडल तथा 49 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा 10 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वैज्ञानिक कैलकुलेटर पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य वी. के. पाठक ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपेक्षा जताई। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पण को दिया। यह परीक्षा विद्यालय की गणित शिक्षिका मीरा कुमारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

इसी क्रम में महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी प्रतियोगिता परीक्षा में भी डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की। परीक्षा में विद्यालय के 10 विद्यार्थियों को 'महात्मा गांधी राजभाषा प्रतिभावंत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में ऋषिका कुमारी, सत्यम कुमार, अक्शा रहमान, चाहत प्रवीण, आशिया रहमान, आर्यन कुमार, अनामिका कुमारी, आलिया इस्लाम, फैज़ान अख्तर तथा रौनक सिंह सोलंकी शामिल हैं। यह परीक्षा महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी प्रचार संस्था द्वारा फरवरी माह में आयोजित की गई थी। विद्यालय स्तर पर परीक्षा का संचालन हिंदी शिक्षक जगदीश प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम का परिणाम है।

# बेला गांव में ठप पड़ी नल-जल योजना

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड की बनतारा पंचायत अंतर्गत बेला वार्ड संख्या-11 में मुख्यमंत्री नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ गई है। पिछले कई दिनों से नलों में पानी नहीं आने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी और बरसात के मौसम में भी पानी की किल्लत बनी हुई है। महिलाएं और पुरुष दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। परेशान ग्रामीणों में सुमित्रा देवी, सुनारी देवी, अनीता कुमारी, चिंता देवी, आरती देवी, कमलेश यादव, हीरदानंद पासवान, छतरी यादव, सुपन यादव एवं संजय कुमार शामिल हैं। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर योजना लागू की गई, लेकिन जब जरूरत के समय पानी ही नहीं मिल रहा तो योजना का उद्देश्य अधूरा रह गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा खराब पाइपलाइन की मरम्मत कर नल-जल योजना को जल्द चालू कराने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन सस्ती दवाओं की मिलेगी सुविधा

- श्रीकृष्ण नगर में शुरू हुआ जन औषधि केंद्र, आमजन को गुणवत्तापूर्ण और किफायती दवाएं उपलब्ध कराने पर जोर
- केंद्र के माध्यम से आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध होंगी।

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



शहर के श्रीकृष्ण नगर स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती दवाएं उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उद्घाटन के दौरान कहा गया कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से लोगों को बाजार मूल्य की तुलना में कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिससे आम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत मिल रही है। कार्यक्रम में जन औषधि केंद्र को जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा गया कि इस पहल से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक विनोद कुमार को इस जनहितकारी पहल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि केंद्र के संचालन से औरंगाबाद शहर एवं आसपास के लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की सुविधा आसानी से उपलब्ध होगी।

# डी. एन कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ का तरारी विद्यालय में स्वच्छता-शिक्षा जागरूकता अभियान

**निज संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)



दाउदनगर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा तरारी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता, शिक्षा एवं बालिका सशक्तिकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम. एस. इस्लाम ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वच्छता एक सशक्त समाज की आधारशिला है। प्रत्येक छात्र - छात्रा को इन्हें जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. शहला बानो ने कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि संस्कार है। वहीं डॉ. रोजी कांत और डॉ. श्रीनिवास सिंह ने भी छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं को अनुशासन और नियमित शिक्षा के महत्व बताए गए। एनएस स्वयंसेवकों में शामिल शिवानी कुमारी, निर्मल, श्रुति राज, गुलनाज, सोनी व महिला प्रकोष्ठ की सदस्या मीना देवी ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वयं साक्षर होंगे, स्वच्छता का ध्यान रखेंगे और 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संकल्प लिया।

# डीईओ ने प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक भवन व शिक्षकों की समस्या पर हुई चर्चा

**निज संवाददाता** | दाउदनगर(औरंगाबाद)



जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर सिंह ने अनुमंडल मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय इंटर विद्यालय दाउदनगर में अनुमंडल के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक बैठक की और विद्यालयों की समस्याओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। डी. ई. ओ. ने प्रत्येक विद्यालय में उपलब्ध शिक्षकों की संख्या और कमी का आकलन किया। उन्होंने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में भूमिहीन और भावन हीन उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों की समस्या प्रमुखता से उठी। ये सभी विद्यालय मध्य विद्यालय में संचालित हैं। कमरों की कमी को देखते हुए ऐसे सभी विद्यालयों को दो पालियों में संचालित करने की अनुमति दी गई। प्रधानाध्यापकों ने डी. ई. ओ. को अंगवस्त्र एवं माला से सम्मानित किया। अनुमंडल स्तरीय बैठक दाउदनगर में आयोजित करने पर सभी ने आभार जताया। मौके पर राष्ट्रीय इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. ताहिर सैफुल्लाह, अंबुज कुमार, महेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. स्वाति कुमारी, डॉ. विनोद कुमार सहित सभी प्रधानाध्यापकों के अलावे डी. ई. ओ. कार्यालय से नवीन कुमार, धर्मेंद्र कुमार और दाउदनगर के लेखपाल अमरेश कुमार मौजूद रहे।

# जदयू की नई प्रदेश टीम में औरंगाबाद को नहीं मिला प्रतिनिधित्व, कार्यकर्ताओं में नाराजगी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा बुधवार को नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा के बाद जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच नाराजगी और निराशा का माहौल देखा जा रहा है। नई प्रदेश टीम में जिले के किसी भी नेता को स्थान नहीं मिलने से संगठन के भीतर प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पार्टी नेतृत्व ने नई कार्यकारिणी को संगठन को अधिक मजबूत, सक्रिय और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, प्रवक्ता समेत विभिन्न पदों पर कई नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन औरंगाबाद जिले का कोई भी नेता इस सूची में शामिल नहीं है।

जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि औरंगाबाद लंबे समय से जदयू का मजबूत संगठनात्मक आधार रहा है। पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों तक कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसके बावजूद प्रदेश कार्यकारिणी में जिले को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना निराशाजनक है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि किसी भी दल की प्रदेश कार्यकारिणी में सभी प्रमुख जिलों का प्रतिनिधित्व संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है।